चैत्र कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 1 अप्रैल 2024
वर्ष -2, अंक -220, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारतीयों को वीजा नहीं तो चौपट होगी अर्थव्यवस्था 16

शाहरुख खान शुरु करेंगे पठान-2 की शूटिंग 2

रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की महारैली

भाजपा को हराने के लिए विपक्ष ने दिल्ली में भरी हुंकार

नई दिल्ली, ब्यूरो

विपक्षी दलों के प्रमुख नेता रविवार को रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में जुटे तथा भाजपा सरकार पर लोकतंत्र और संविधान कुचलने का आरोप लगाते हुए एकजुटता से संघर्ष करने का संकल्प लिया। लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों ने इस महारैली का आयोजन दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी, भाजपा की नीतियों के विरोध में किया। महारैली में दोनों मुख्यमंत्रियों की तत्काल रिहाई, चुनावी बाँड की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय की निगरानी में विशेष कार्यबल का गठन और चुनाव आयोग को स्वतंत्र रूप से काम करने देने की मांग की गयी। विपक्षी नेताओं ने भाजपा की केंद्र सरकार को तीसरी बार सत्ता में न आने का संकल्प लिया है। ज्यादातर वक्ताओं ने कहा कि आज लोकतंत्र खतरे में है। इसके लिए तानाशाही हटाओ लोकतंत्र बचाओ का नारा लेकर हम जनता के बीच जाएंगे।

रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जितने भी सर्वे हुए हैं उसमें बीजेपी को 180 से ज्यादा सीटें नहीं मिल रही है, इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव जीतने के लिए मैच फिक्सिंग का रास्ता अपनाया है। विपक्ष को रोकने के लिए सभी विपक्षी नेताओं को डराया धमकाया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि गठबंधन की एकता के बाद बीजेपी को अपने पराजय पक्की लगने लगी है और उनका 400 का नारा पूरा होने वाला नहीं है। यदि कोई गड़बड़ी नहीं की गई और बेईमानी कर दबाव डालना या खिलाड़ियों को खरीदना नहीं हुआ तो मोदी का 400 पार का सपना पूरा नहीं होगा। प्रियंका गांधी ने कहा कि रामलीला मैदान में रावण जलाया जाता है। उसका राजा सोने की लंका में रहता था और घमंडी था। उन्होंने कहा भगवान राम तो सत्यवादी थे, वनवासी थे, लेकिन ये अपने स्वार्थ के लिए राम की बात करते हैं उनके आदर्शों पर नहीं चल रहे हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार भाजपा 400 पार नहीं बल्कि 400 हारने जा रही है। यह लोग गलत तरीके से हम लोगों को डरा धमका रहे हैं। मुख्यमंत्री को जेल भेज रहे हैं। राजनीतिक दलों को नोटिस भेज रहे हैं और उनके बैंक अकाउंट बंद कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने रैली मैं आए लोगों को अपने पति की तरफ से दिए संदेश को पढ़कर सुनाया। उन्होंने कहा कि यदि गठबंधन की सरकार आएगी तो पूरे देश में हमारे पति 6 गारंटी पूरी करेंगे, जिसमें 24 घंटे बिजली, गरीबों को फ्री बिजली, हर गांव और मुहल्ले में स्कूल, देहात एवं शहरों में मोहल्ला क्लीनिक, हर जिले में सुपर स्पेशलिटी सरकारी अस्पताल एवं फ्री इलाज, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य और दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाएगा।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना ने कहा कि उनके पति को मुख्यमंत्री रहते हुए गलत आरोपों में गिरफ्तार किया गया है अब जनता इसका जवाब देगी। महबूबा मुफ्ती ने कहा है कि बीजेपी सरकार की एजेंसियां किसी को भी गिरफ्तार कर लेती है और उसकी सुनवाई के लिए न कोई वकील है और न कोई दलील। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक इंडिया गठबंधन एकजुट होकर चुनाव लड़ेगा। रैली में नारा दिया गया है कि तानाशाही हटाओ लोकतंत्र बचाओ, यह नारा लोकसभा चुनाव में पूरे देश में मतदाताओं के बीच एक अपील करेगा। रैली में आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष गोपाल राय सहित सभी मंत्री, विधायक एवं पार्षद भी मौजूद थे इसी तरह कांग्रेस के भी कई बड़े नेता मंच पर नजर आए।

- मोदी मैच फिक्सिंग से जीतना चाहते हैं चुनाव: राहुल
- भाजपा गलत तरीके से हमें डरा रही है : अखिलेश
- गठबंधन जीता तो पूरे देश में दिल्ली जैसी सुविधाएं: सुनीता केजरीवाल

इंडिया गठबंधन की महारैली में पहुंचे 28 दलों के नेता

महारैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, राजद के तेजस्वी यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद गुट) के शरद पवार, शिवसेना (उद्धव गुट) के उद्धव ठाकरे, झारखंड मुक्ति मोर्चा की कल्पना सोरेन, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, आम आदमी पार्टी के गोपाल राय, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, भाकपा से डी राजा, माकपा से सीताराम येचुरी, नेशनल कांफ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की महबूबा मुफ्ती और द्रमुक के तिरुचि शिवा समेत 28 पार्टियों के नेता शामिल हुए।

एक नजर

कांग्रेस पांच अप्रैल को जारी करेगी घोषणापत्र

नई दिल्ली। कांग्रेस ने पांच अप्रैल को अपना घोषणापत्र जारी करने की शनिवार को घोषणा की। उसने अंतिम क्षण में घोषणापत्र समिति गठित करने को लेकर भाजपा पर कटाक्ष भी किया। भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए शनिवार को 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति गठित की और पार्टी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को इसका अध्यक्ष, वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को संयोजक तथा केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को सह-संयोजक बनाया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस ने 16 मार्च को 'पांच न्याय', '25 गारंटी' जारी की और देश भर में आठ करोड़ गारंटी कार्ड वितरित करने के लिए पार्टी का 'घर घर गारंटी' अभियान तीन अप्रैल से शुरू होगा।

तहखाने में पूजा को चुनौती पर सुनवाई आज

नई दिल्ली। ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति की उस याचिका पर उच्चतम न्यायालय आज सुनवाई करेगा, जिसमें मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदुओं को पूजा की अनुमति देने वाले निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ उच्च न्यायालय के 26 फरवरी के फैसले को चुनौती वाली अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका पर सुनवाई करेगी।

भ्रष्टाचारियों पर होगा एक्शन : मोदी

मेरठ से प्रधानमंत्री ने फूंका चुनावी बिगुल, इंडी गठबंधन रहा निशाने पर

हमारी सरकार ने कागजों से 10 करोड़ फर्जी लाभार्थी हटाए

इंडी गठबंधन ने चौधरी साहब को कभी उचित सम्मान नहीं दिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः प्रधानमंत्री मोदी ने मेरठ से चुनावी बिगुल फूंकते हुए कहा है कि भ्रष्टाचारी चाहे कितना बड़ा क्यों न हो, उसके खिलाफ एक्शन जरूर होगा। उन्होंने विपक्षी दल कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर लेते हुए कहा कि देश आजतक कांग्रेस और उसके साथियों के रवैये की कीमत चुका है। उसने कभी भी चौधरी चरण सिंह को वह सम्मान नहीं दिया, जिसके वे वास्तव में हकदार थे।

प्रधानमंत्री ने रविवार को लोकसभा चुनाव की प्रदेश में पहली रैली 'गौरव समारोह' में कहा कि 2014 और 2019 में भी मेरठ से ही चुनावी अभियान की शुरुआत की थी। उन्होंने क्रांतिधरा को नमन करते हुए कहा कि 10 साल में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई शुरू हुई है। पहले ऐसी सरकार थी जिसका जन्म नहीं हुआ ऐसे लोगों के नाम पर पैसे जाते थे। ऐसे 10 करोड़ फर्जी लाभार्थी का नाम मोदी ने हटाने की हिम्मत की। ऐसा करके हमने देशवासियों के पौने तीन लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचाए हैं। मैं भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कर रहा हूं इससे कुछ लोग बौखलाए हैं, वो आपा खो बैठे हैं। मोदी का मंत्र है भ्रष्टाचार हटाओ, और वो कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। ये चुनाव इन दो खेमों की लड़ाई है। जब मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है, तो इन लोगों ने इंडी गठबंधन बना लिया है। इन्हें लगता है कि मोदी डर जाएगा। मेरे लिए मेरा भारत मेरा परिवार है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री का नाम लिए बगैर मोदी ने कहा कि बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी आज सलाखों के पीछे हैं। सुप्रीम कोर्ट से जमानत तक नहीं मिल रही है। इसलिए उनको कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। आपने टीवी पर देखा होगा कहीं बिस्तर के नीचे से, कहीं दीवारों से तो कहीं वॉशिंग मशीन से नोटों के ढेर निकल रहे हैं। मैं भ्रष्टचारियों पर सिर्फ कार्रवाई ही नहीं कर रहा, मेरी गारंटी है इन भ्रष्टाचारियों और बेइमानों ने जिनका धन लूटा है उसे मैं लौटा भी रहा हूं। हमने भ्रष्टाचारियों की संपत्ति जब्त करके 17 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा, जिनके पैसे गये थे उन्हें वापस लौटा दिया।

यह चुनाव देश को तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए

2024 का चुनाव विकसित भारत बनाने और देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए है। बताया कि भारत जब 2014 में दुनिया में 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था था, तब यहां चारों तरफ गरीबी थी। जब भारत पांचवें नंबर पर पहुंचा तब 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकलने में सफल हुए। मोदी ने गारंटी देते हुए कहा कि जब भारत दुनिया में नंबर तीन पर पहुंचेगा तो, देश में गरीबी तो दूर होगी ही साथ में एक सामर्थ्यवान, सशक्त मध्यम वर्ग देश को नई ऊर्जा देता दिखेगा।

कच्चातिवु मामले में कांग्रेस को घेरा

प्रधानमंत्री ने बताया कि आज ही कांग्रेस का एक और देश विरोधी कारनामा देश के सामने आया है। समुद्री तट से कुछ दूर श्रीलंका और तमिलनाडु के बीच एक द्वीप कच्चातिवु है। देश आजाद हुआ तब ये हमारे पास था, लेकिन कांग्रेस ने चार-पांच दशक पहले इस द्वीप को फालतू और गैर जरूरी करार दिया और भारत से अलग कर दिया। देश कांग्रेस के रवैये की कीमत आजतक चुका रहा है। भारत के मछुआरे मछली पकड़ने के लिए समंदर में जाते हैं और जब इस द्वीप की तरफ जाते हैं तो इन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है। ये कांग्रेस के पाप का परिणाम है कि हमारे मछुआरे आज भी सजा भुगत रहे हैं।

मोदी की गारंटी पर देश को भरोसा : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह देश मोदी की गारंटी पर विश्वास करता है। जिसका मतलब 12 करोड़ किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि, चार करोड़ गरीबों को आवास, दस करोड़ गरीबों को रसोई गैस सिलेंडर, 12 करोड़ घरों में शौचालय, 80 करोड़ को फ्री राशन, 60 करोड़ को पांच लाख की स्वास्थ्य बीमा, मोदी की गारंटी से यह देश एक स्वर में बोल रहा है। फिर एक बार मोदी सरकार। यही मोदी की गारंटी है, जो कहते हैं, वो करके रहते हैं। मोदी की गारंटी पर यूपी को यकीन और भारत को भरोसा है, क्योंकि मोदी केवल सपने नहीं बुनते, हकीकत बुनते हैं, इसीलिए लोग बार-बार मोदी जी को चुनते हैं।

भारत रत्न सम्मान

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को उनके आवास पर जाकर उन्हें भारत रत्न प्रदान किया। राष्ट्रपति भवन ने 'एक्स' पर कहा कि इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और आडवाणी के परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

कांग्रेस को 1745 करोड़ का नया टैक्स नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- दो दिन पहले 1823 करोड़ का नोटिस भेजा था, कुल 3567 करोड़ की देनदारी निकाली

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस को आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला, जिसके जरिये आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1,745 करोड़ रुपये के कर की मांग की गई है। सूत्रों ने के अनुसार आयकर विभाग ने कांग्रेस से अब तक कुल कुल 3,567 करोड़ रुपये के कर की मांग की जा चुकी है। वहीं दो दिन पहले आयकर विभाग ने कांग्रेस से करीब 1,823 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा था।

सूत्रों के मुताबिक, ताजा नोटिस 2014-15 (663 करोड़ रुपये), 2015-16 (करीब 664 करोड़ रुपये) और 2016-17 (करीब 417 करोड़ रुपये) से संबंधित हैं। अधिकारियों ने राजनीतिक दलों को मिलने वाली कर छूट समाप्त कर दी है और पार्टी पर कर लगा दिया है। सूत्रों ने कहा कि जांच एजेंसियों द्वारा छापे के दौरान कांग्रेस के कुछ नेताओं से जब्त की गई डायरियों में की गई ''तीसरे पक्ष की प्रविष्टियों'' के लिए भी कांग्रेस पर कर लगाया गया है। मुख्य विपक्षी दल ने शुक्रवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से नोटिस मिला है, जिसमें करीब 1,823 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा गया है। कर अधिकारियों ने पिछले वर्षों से संबंधित कर मांग के लिए पार्टी के खातों से 135 करोड़ रुपये पहले ही निकाल लिये हैं। कांग्रेस ने 135 करोड़ रुपये की कर मांग के खिलाफ अदालत का रुख किया है और इस मामले में सोमवार को उच्चतम न्यायालय में सुनवाई होने की संभावना है। पार्टी इस संबंध में आयकर अपीलीय अधिकरण और उच्च न्यायालय से कोई राहत पाने में विफल रही है।

न सफर होगा महंगा, न ही बसों का बढ़ेगा किराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- टोल प्लाजा पर बढ़ाई जाने वाली नई टोल दरें लागू नहीं होंगी

अमृत विचारः आमजनों के लिए यह राहतभरी खबर है। फिलहाल पहली अप्रैल अर्थात आज से भारतीय राष्ट्री य राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा टोल प्लाजा पर बढ़ाई जाने वाली नई टोल दरें लागू नहीं की गई हैं।

इससे निजी और कमर्शियल वाहनों से होने वाला सफर अब महंगा नहीं होगा। आमजन पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। टोल टैक्स में बढ़ोत्तरी होने से सरचार्ज बढ़ता और इसका असर रोडवेज बस यात्रियों के किराए पर खासतौर पर पड़ता है। दरअसल 31 मार्च की रात से टोल की नई दरें प्रभावित हो जानी थीं। लेकिन अपरिहार्य कारण से एनएचएआई ने बढ़ी दरें फिलहाल लागू न करने का फैसला लिया है,अपराह्न सभी प्लाजा मैनेजर को लिखित आदेश जारी कर दिए हैं। यह जानकारी लखनऊ परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने दी। उन्होंने यह भी बताया कि फिलहाल रोडवेज़ बसों का किराया भी नहीं बढ़ाया गया है।

शूटर्स की तलाश में पुलिस ने नेपाल बंगाल में डाला डेरा

रुद्रपुर/ नानकमत्ता/ खटीमा। नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह के हत्यारे अभी भी पुलिस की पकड़ में नहीं आ सके हैं। दर्जन भर से अधिक पुलिस टीमें कई राज्यों में हत्यारों की तलाश में जुटी हैं। नेपाल और बंगाल में पुलिस टीमों ने डेरा डाल रखा है। शूटर्स के विदेश भागने की आशंका से पुलिस ने लुकआउट जारी कर कनाडा दूतावास से भी संपर्क साधा गया है। वहीं उत्तराखंड एसटीएफ ने मामले में बंडा, निगोही और पीलीभीत के बिलसंडा थाना क्षेत्र से पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया।

अवैध संबंध के शक में पत्नी, बेटी-बेटे की हत्या

संवाददाता, लखनऊ/ सरोजनीनगर

- शव कमरे में बंदकर भागा, पुलिस को मकान मालिक ने दी सूचना

अमृत विचारः बिजनौर के सरवन नगर में अवैध संबंध के शक में पीओपी कारीगर ने पत्नी, बेटी व बेटे की गला दबाकर हत्या के बाद शव कमरे में बंद कर भाग गया। दुर्गंध पर मकान मालिक के बेटे ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस के मुताबिक बलरामपुर जिले के रतनपुर गांव का रामलगन 15 मार्च से सरवन नगर में अमृत लाल गौतम के मकान में किराए पर पत्नी ज्योति, बेटी पायल और बेटा आनंद संग रह रहा था। रविवार दोपहर दो बजे पड़ोसियों को तेज दुर्गंध आने पर मकान मालिक को बताया। अमृत लाल का बेटा वीरेंद्र ऊपर पहुंचा। दुर्गंध रामलगन के बंद कमरे से आने की सूचना पुलिस को दी। साउथ डीसीपी तेज स्वरूप सिंह, एसीपी कृष्णानगर विनय द्विवेदी और इंस्पेक्टर बिजनौर अरविंद राणा मौके पर पहुंचे। पुलिस को फर्श पर ज्योति व बच्चों के शव बोरी में मिले। डीसीपी ने बताया कि आरोपी रामलगन को गिरफ्तार कर लिया गया है।

खंभे से टकराई कार, चार की मौत

मुरादाबाद। कांठ थाना क्षेत्र के रसूलपुर में चालक को झपकी आने से कार खंभे से टकरा गई। जिससे एक परिवार की तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गए। कार में सवार परिवार देहरादून से मुरादाबाद रिश्तेदार के यहां आ रहा था। एसपी ग्रामीण संदीप मीणा ने बताया कि कार को परिवार का युवक चला रहा था। उसे झपकी आ गई। जिससे कार सड़क किनारे पोल से जा टकराई। वहीं मुगलपुरा थाना क्षेत्र हाथी वाला मंदिर के ज्वेलर्स राजू रस्तोगी ने बताया कि इस हादसे में मरने वाले मेरे सगे मौसेरे भाई पंकज के परिवार के लोग हैं।

बिना सहमति निकाली किडनी, 1.35 करोड़ हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रामा मेडिकल कालेज कानपुर में किया किडनी का ऑपरेशन
- किडनी में स्टोन बताकर कराए थे सादे कागजों पर हस्ताक्षर

अमृत विचार : रामा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में कन्नौज के एक युवक की किडनी (गुर्दा) में स्टोन का ऑपरेशन करने के दौरान बिना सहमति किडनी निकाल दी। राज्य उपभोक्ता आयोग में मामला पहुंचा तो चिकित्सक और अस्पताल प्रबंधन पर 1.35 करोड़ रुपये हर्जाना लगाया गया। जो 12 प्रतिशत ब्याज के साथ देना होगा।

ग्राम भगवानपुर, मकरंद नगर, कन्नौज निवासी दीपक कुशवाहा पुत्र महेंद्र सिंह ने पेट में दर्द का उपचार कानपुर जीटी रोड स्थित रामा मेडिकल कॉलेज में कराया। अल्ट्रासाउंड में किडनी में स्टोन का पता चला तो दीपक 28 जून 2013 को अस्पताल में भर्ती हुआ। डॉ. प्रफुल्ल गुप्ता ने किडनी में स्टोन का ऑपरेशन बताकर सादे कागजों पर हस्ताक्षर कराए और ऑपरेशन कर 9 जुलाई 2013 को डिस्चार्ज कर दिया। दर्द बंद नहीं हुआ तो फिर अस्पताल आए। अल्ट्रासाउंड कराया तो पता चला बायीं किडनी ही नहीं है। यह सुनकर वह बेहोश हो गया। इस मामले की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो न्यायालय से दर्ज कराई। इस पर सीएमओ कार्यालय बुलाकर मामला वापसी का दबाव बनाने के लिए धमकाया। उसी समय दीपक ने राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। इसकी सुनवाई प्रिसाइडिंग जज राजेंद्र सिंह ने की तो किडनी निकालना पाया। किडनी निकालने के लिए मरीज या तीमारदार से सहमति पत्र नहीं लिया गया। चिकित्सक ने मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के नियमों का उल्लंघन कर बिना सहमति के ऑपरेशन किया। इस पर आयोग ने 50 लाख रुपये सेवा में कमी, मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना पर 35 लाख, गलत उपचार व बिना सहमति किडनी निकालने पर 50 लाख व 20 हजार रुपये हर्जाना लगाया है। जो चिकित्सक व अस्पताल प्रबंधन मिलकर या कोई एक आपरेशन की तारीख से 12 प्रतिशत ब्याज के साथ 30 दिनों के अंदर दीपक को अदा करेंगे। ऐसा न करने पर 15 प्रतिशत ब्याज के साथ देना होगा।

स्वरोजगार | गायों का संरक्षण कर बेच रहे दूध, किसान के साथ कई को रोजगार

विदेश में की पढ़ाई, देश में गायों के दूध से कर रहे कमाई

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ के भरवारा लोनापुर के रहने वाले प्रवीण मिश्रा और उनके बड़े भाई पंकज को विदेश रास नहीं आया। दोनों ने वापस आकर डेयरी में कॅरियर बनाया। 2010 में प्रवीण ने लंदन में बैंकिंग की पढ़ाई कर इंग्लैंड में नौकरी की, जबकि पंकज ने हैदराबाद से एमबीए और बर्मिंघम में आईटी की पढ़ाई की लेकिन, दोनों भाइयों का ध्यान वहां के खानपान की गुणवत्ता और शुद्धता पर रहा। जिसे बारीकी से समझा, इसमें खासकर दूध को लेकर सोचा की क्यों न हम भी स्वदेश में लोगों को गायों का शुद्ध दूध उपलब्ध कराएं। यही संकल्प से दोनों 2016 में पिता वीरेंद्र के साथ देशी गायों की डेयरी लगाकर घर-घर दूध पहुंचाने लगे। इससे जहां देशी गायों का संरक्षण किया तो 50 लोगों को रोजगार दिया। साथ ही पेय अमृत फार्मर प्रड्यूसर से 200 पशु पालक को जोड़कर उन्हें भी राह दिखाई है। पंकज और प्रवीण को प्रगतिशील गोपालक के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन बार सम्मानित कर चुके हैं।

पिता वीरेंद्र के साथ बेटे पंकज और प्रवीण

हर माह कमाते 2.50 लाख

दोनों ने 25 गाय से डेयरी शुरू की थी। वर्तमान में साहीवाल व गिर प्रजाति की 120 गाय से रोजाना 700 लीटर दूध उत्पादन करते हैं और एक ब्रांड देकर कांच की शीशी में डिलीवरी करते हैं। इनका 100 फीसद शुद्ध दूध होने का दावा है तो करीब 700 लोग खरीदने वाले भी संतुष्ट हैं। दूध की कीमत 80 रुपये प्रति लीटर है। इससे हर माह 2 .50 लाख रुपये तक कमाते हैं। इनका राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना में चयन हुआ है। जो 200 देशी गाय की इकाई लगाएंगे।

आपूर्ति के हिसाब से 10 फीसद डेयरी नहीं

प्रवीण बताते हैं कि बच्चों के लिए शुद्ध दूध बेहद जरूरी है। लेकिन, आपूर्ति के हिसाब से शुद्ध दूध की 10 फीसद डेयरियां नहीं हैं। जबकि विदेश में दूध से लेकर हर खाद्य पदार्थ मानक और गुणवत्ता से 100 फीसद शुद्ध है। वह भी बचपन में जब दूध पीते थे तो शुद्ध न होने के कारण पचता नहीं था। लोग अधिक मुनाफा के लिए मिलावट तो करते हैं साथ ही रासायनिक उर्वरकों का चारा गोवंशों को खिलाते हैं। जबकि वह अपनी गायों को फार्म हाउस में प्राकृतिक खेती से चारा उगाकर खिलाते हैं।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
चेन्नई सुपरकिंग्स	02	02	00	00	04	+1.979
कोलकाता नाइट राइडर्स	02	02	00	00	04	+1.047
राजस्थान रॉयल्स	02	02	00	00	04	+0.800
गुजरात टाइटंस	03	02	01	00	04	-0.738
सनराइजर्स हैदराबाद	03	01	02	00	02	+0.204
लखनऊ सुपर जायंट्स	02	01	01	00	02	+0.025
पंजाब किंग्स	03	01	02	00	02	-0.337
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	03	01	02	00	02	-0.711
दिल्ली कैपिटल्स	02	00	02	00	00	-0.528
मुंबई इंडियंस	02	00	02	00	00	-0.925

विकेट लेने के बाद खुशी बनाते गुजरात टाइटंस के खिलाड़ी।



साई सुदर्शन

खेल डायरी

तेजस्विन शंकर ने ऊंची कूद स्पर्धा में जीता खिताब

केन्सास। भारतीय एथलीट तेजस्विन शंकर ने शॉकर स्प्रिंग इनविटेशनल 2024 में सीजन की अपनी पहली आउटडोर मीट में 2.17 मीटर की छलांग लगाकर खिताब अपने नाम कर लिया है। शंकर ने अमेरिका के केन्सास में शनिवार को सीजन की अपनी पहली आउटडोर स्पर्धा में शॉकर स्प्रिंग इनविटेशनल 2024 एथलेटिक्स में पुरुषों की ऊंची कूद में 2.17 मीटर की छलांग लगाकर यह जीत दर्ज की। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने बेल्जियम में एक इनडोर चैलेंजर इवेंट, इंटरनेशनल हाई जंप गाला एल्मोस में, शंकर ने 2.23 मीटर की छलांग के साथ जीत हासिल करते हुए अपने सीज़न की शुरुआत की है।

ब्रेंटफोर्ड ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को बराबरी पर रोका

लंदन। मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच में शनिवार को यहां ब्रेंटफोर्ड के खिलाफ बढ़त लेने के बाद जीत दर्ज करने में नाकाम रही। दोनों टीमों ने मैच के स्टॉपेज समय में गोल किया। मैसन माउंट (90+6 मिनट) के गोल से मैनचेस्टर यूनाइटेड ने बढ़त बनायी। टीम जीत की ओवर बढ़ रही थी लेकिन इसके तीन मिनट बाद ही क्रिस्टोफर अजेर के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर हो गया। मैनचेस्टर यूनाइटेड 29 मैचों में 48 अंक के साथ तालिका में छठे पायदान पर है जबकि ब्रेंटफोर्ड 30 मैच में 27 अंक के साथ 15वें स्थान पर है।

डेनियल कोलिन्स बनीं मियामी ओपन चैम्पियन

मियामी गार्डन्स। डेनियल कोलिन्स ने मियामी ओपन टेनिस में विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज ऐलेना रायबकिना को 7-5, 6-3 से हराकर अपने घरेलू मैदान पर महिला एकल खिताब पर कब्जा किया। तीस साल की कोलिन्स आखिरी बार इस टूर्नामेंट में खेल रही है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में घोषणा की थी कि यह उनका आखिरी सत्र होगा क्योंकि वह 'एंडोमेट्रियोसिस' से पीड़ित हैं। स्टेडियम में आंद्रे अगासी और मार्टिना नवरातिलोवा की मौजूदगी के बीच विश्व रैंकिंग में 59वें स्थान पर काबिज कोलिन्स अपने बैकहैंड से क्रॉसकोर्ट विनर लगाने के बाद 10 सेकंड तक कोर्ट पर लेटी रही।

बोपन्ना-एब्डेन ने जीता मियामी ओपन का खिताब

फ्लोरिडा। भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने मियामी ओपन 2024 टेनिस पुरुष युगल खिताब जीता लिया है। फ्लोरिडा के हार्ड रॉक स्टेडियम में शनिवार को खेले गये मियामी ओपन फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी एक घंटे 43 मिनट तक चले मुकाबले में एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी ऑस्टिन क्राजिसेक और क्रोएशिया के इवान डोडिग के खिलाफ 6(3)-7(7), 6-3, 10-6 से जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही 44 वर्षीय बोपन्ना ने पिछले वर्ष इंडियन वेल्स में बनाए गए अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ दिया। बोपन्ना 43 साल की उम्र में सबसे उम्रदराज एटीपी 1000 मास्टर्स चैंपियन बने थे।

इंडिया ओपन गोल्फः जापना के नाकाजिमा बने विजेता

गुरुग्राम। भारत के वीर अहलावत रविवार को यहां हीरो इंडियन ओपन गोल्फ के चौथे और अंतिम दिन एक अंडर 71 का शानदार कार्ड खेलकर संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। अहलावत का डीपी वर्ल्ड टूर स्पर्धा में यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह इस स्पर्धा के विजेता जापान के कीता नकाजिमा से चार शॉट पीछे रहे। अहलावत दिन के आपने आखिरी होल में ईगल लगाने में सफल रहे जिससे उनका कुल स्कोर 275 रहा। नकाजिमा ने 73 का कार्ड खेलकर डीपी वर्ल्ड टूर पर अपना पहला खिताब जीता। अहलावत ने अपने शानदार प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, ''मैं वास्तव में खुश हूं कि मैंने अच्छा प्रदर्शन किया, खासकर अपने परिवार के सामने।''

एआईएफएफ सदस्य दीपक शर्मा जमानत पर रिहा

पणजी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को रविवार को जमानत पर रिहा कर दिया गया जिन्हें गोवा पुलिस ने कथित तौर पर दो महिला खिलाड़ियों के साथ मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हिमाचल प्रदेश के खाद एफसी की दो महिला खिलाड़ियों की शिकायत दर्ज कराने के बाद शनिवार को यहां मापुसा पुलिस ने दीपक शर्मा को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस उपाधीक्षक (मापुसा) संदेश चोडनकर ने पीटीआई को बताया कि जिन धाराओं के अंतर्गत शर्मा पर मामला दर्ज किया गया था, उन पर जमानत मिल सकती थी इसलिए उन्हें 'श्योरिटी' के बाद रिहा कर दिया गया।

मोहित और मिलर ने गुजरात को दिलाई जीत

गुजरात टाइटंस ने तीन विकेट पर 168 रन बनाकर मैच अपने नाम किया, मोहित शर्मा ने तीन विकेट झटके



डेविड मिलर

अहमदाबाद, एजेंसी

अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा (25 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद डेविड मिलर की 44 रन की आक्रामक पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से शिकस्त दी। मोहित शर्मा ने डैथ ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन किया जबकि अफगानिस्तान के स्पिनरों राशिद खान और नूर अहमद ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी की जिसके दम पर गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट पर 162 रन पर रोक दिया। गुजरात टाइटंस ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 168 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

मिलर ने मांसपेशियों में खिंचाव के बावजूद 27 गेंद की नाबाद पारी में चार चौके और दो छक्के लगाये। उन्होंने बी साई सुदर्शन (36 गेंद में 45 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी और फिर विजय शंकर (11 गेंद में नाबाद 14 रन) के साथ 18 गेंद में 30 रन जोड़कर टीम को लक्ष्य के पार पहुंचाया। सलामी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा (13 गेंद में 25 रन) और शुभमन गिल (28 गेंद में 36 रन) ने भी बल्ले से उपयोगी योगदान दिया। सनराइजर्स के लिए पैट कमिंस, मयंक मार्कंडेय और शाहबाज अहमद ने एक-एक विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए साहा ने शाहबाज और जयदेव उनादकट के खिलाफ छक्के जड़े। शाहबाज ने हालांकि पारी के पांचवें ओवर में कमिंस के हाथों साहा की पारी को खत्म किया। गिल ने इसी ओवर में छक्का जड़ा तो वह इंपैक्ट सब्सीट्यूट सुदर्शन ने भुवनेश्वर के खिलाफ चौका लगाकर टीम के स्कोर को पावर प्ले में एक विकेट पर 52 रन कर दिया। सनराइजर्स के गेंदबाजों ने इसके बाद गुजरात टाइटंस को तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया। टीम को इसका फायदा 10वें ओवर में गिल के विकेट के तौर पर मिला। वह मार्कंडेय का शिकार बने। साई सुदर्शन और डेविड मिलर अगले कुछ ओवरों में दौड़ कर रन लेने पर जोर दिया। अब तक रक्षात्मक खेल रहे सुदर्शन ने कमिंस और वाशिंगटन के खिलाफ 13वें और 14वें ओवर में चौका जड़ दबाव कम किया। गुजरात ने पारी के 16वें ओवर में मैच का रुख पलट दिया। मार्कंडेय के इस ओवर में 26 रन बने जिसमें मिलर ने एक छक्का और दो चौके लगाये। इस ओवर में सुदर्शन ने भी एक छक्का जड़ा लेकिन अगले ओवर में कप्तान कमिंस की गेंद पर अभिषेक को कैच दे बैठे। इसका मिलर की बल्लेबाजी पर कोई असर नहीं पड़ा और उन्होंने अंतिम ओवर में उनादकट की गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले पिछले मैच में 277 रन बनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले सनराइजर्स ने पावरप्ले के भीतर एक विकेट खोकर 56 रन बनाये लेकिन उसके बाद अफगानिस्तान के स्पिनरों ने बीच के ओवरों में खुलकर खेलने नहीं दिया। नूर ने 32 रन देकर और राशिद ने 33 रन देकर एक एक विकेट लिया। नूर ने फॉर्म में चल रहे सनराजइर्स के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड (19) को सस्ते में आउट किया जबकि राशिद ने हेनरिच क्लासेन (24) को पवेलियन भेजा।

हैदराबाद 162/8 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 04

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
मयंक अग्रवाल का दर्शन बो अजमतुल्लाह	16	17	2/0
ट्रेविस हेड बो नूर अहमद	19	14	3/0
अभिषेक शर्मा का गिल बो मोहित	29	20	2/2
एडेन मार्कराम का राशिद बो उमेश	17	19	0/0
हेनरिच क्लासेन बो राशिद	24	13	1/2
शाहबाज अहमद का तेवतिया बो मोहित	22	20	1/1
अब्दुल समाद रन आउट	29	14	3/1
वॉशिंगटन सुंदर का राशिद बो मोहित	00	01	0/0
पैट कमिंस नाबाद	02	02	0/0

गेंदबाजी : उमरजई 3-0-24-1, यादव 3-0-28-1, राशिद 4-0-33-1, अहमद 4-0-32-1, मोहित 4-0-25-3, दर्शन 2-0-18-0

गुजरात 168/3 — 19.1 ओवर, अतिरिक्त : 04

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ऋद्धिमान साहा का कमिंस बो शाहबाज	25	13	1/2
शुभमन गिल का समद बो मार्कंडेय	36	28	2/1
साई सुदर्शन का अभिषेक बो कमिंस	45	36	4/1
डेविड मिलर नाबाद	44	27	4/2
विजय शंकर नाबाद	14	11	2/0

गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-27-0, शाहबाज 2-0-20-1, उनादकट 3.1-0-33-0, वाशिंगटन 3-0-27-0, मार्कंडेय 3-0-33-1, कमिंस 4-0-28-1

मुंबई को राजस्थान के खिलाफ घरेलू मैदान पर वापसी का भरोसा

मुंबई, एजेंसी

हार्दिक पंड्या की अगुवाई में शुरुआती दो मैचों में हार का सामना करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम लय में चल रही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सोमवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर उतरेगी तो हार के सिलसिले को खत्म करना चाहेगी।

मुंबई को आईपीएल में अपनी धीमी शुरुआत के लिए जाना जाता है और पंड्या के कप्तान बनने के बाद भी इस में कोई बदलाव नहीं आया है। मुंबई इंडियंस को पांच खिताब दिलाने वाले रोहित शर्मा की जगह पंड्या को कप्तान बनाये जाने का फैसला प्रशंसकों को नागवार गुजरा और इस हरफनमौला खिलाड़ी को शुरुआती मैचों में दर्शकों की हूटिंग का भी सामना करना पड़ा। मुंबई इंडियंस को पंड्या की पूर्व टीम गुजरात टाइटंस ने सत्र के पहले मैच में छह रन से हराया जबकि हैदराबाद में बड़े स्कोर के रिकॉर्ड वाले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने उसे 32 रन से शिकस्त दी। इन दो हार के बाद टीम अंक तालिका में सबसे नीचे 10वें पायदान पर है। यह हालांकि आईपीएल के 17 वें सत्र का शुरुआती चरण है लेकिन मुंबई की टीम हार के सिलसिले को खत्म करने के साथ अपने नेट रन रेट (-0.925) को भी सुधारना चाहेगी।

मुंबई इंडियंस : हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएत्जी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी , नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड, सूर्यकुमार यादव। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान। **समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

बाबर आजम होंगे सीमित ओवरों के कप्तानः पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सलामी बल्लेबाज बाबर आजम एक बार फिर सीमित ओवरों के मैचों के लिए टीम का कप्तान बनाया हैं। पीसीबी ने रविवार को अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, "चयन समिति की सिफरिश पर पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने बाबर आजम को पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम के सीमित ओवरों का कप्तान नियुक्त किया है।" इसी के साथ अब शाहीन शाह अफरीदी पाकिस्तान की टी-20 टीम के कप्तान नहीं रहे। उन्होंने केवल एक ही सीरीज में पाकिस्तान टीम की कप्तान की। उल्लेखनीय है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में पाकिस्तान को 1-4 से हार झेलनी पड़ी थी।

सलीमा-हार्दिक वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी

नयी दिल्ली, एजेंसी

युवा मिडफील्डर हार्दिक सिंह और डिफेंडर सलीमा टेटे को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ट खिलाड़ी का हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया जबकि मेजर ध्यानचंद के नाम पर लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान उनके बेटे अशोक कुमार को मिला।

पिछले साल एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीतने वाले हार्दिक ने पी आर श्रीजेश और हरमनप्रीत सिंह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को पछाड़ा। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे 25 वर्ष के हार्दिक सौ से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। उन्होंने कहा, ''इतने महान खिलाड़ियों के साथ नामांकन पाना ही बड़ी उपलब्धि है।'' वहीं झारखंड के सिमडेगा जिले की टेटे तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय महिला टीम का हिस्सा थी। उन्होंने पुरस्कार की दौड़ में अपनी कप्तान और एफआईएच वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर का पुरस्कार जीतने वाली सविता पूनिया को पछाड़ा। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को पुरस्कार के तौर पर 25 लाख रूपये और प्रशस्ति पत्र दिया गया। यहां आयोजित हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कार समारोह में पी आर श्रीजेश को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर और भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार मिला।

बोनी कपूर ने बेटी जान्हवी के ब्वॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया की तारीफ की

मुंबई, एजेंसी। बोनी कपूर ने हालिया इंटरव्यू में जान्हवी कपूर के ब्वॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ अपने बॉन्ड पर बात की है। बोनी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि जान्हवी और शिखर का रिश्ता ताउम्र बना रहेगा। यह भी बताया कि शिखर ने उस वक्त बोनी के परिवार का साथ दिया था, जब चीजें बहुत खराब चल रही थीं। उनका कहना है कि जान्हवी के अलावा शिखर परिवार के बाकी सदस्य के साथ भी बहुत अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं। जूम के साथ हालिया इंटरव्यू में बोनी ने बताया कि शिखर उनके साथ किसी इवेंट में तस्वीरें क्यों नहीं क्लिक कराते हैं। बोनी ने कहा, 'ऐसा केवल इसलिए क्योंकि वो नहीं चाहते हैं कि उनकी तस्वीरें क्लिक की जाएं। बाकी मुझे इसका मेन कारण नहीं पता है। शायद वो चाहते हैं कि मैं सुर्खियों में रहूं, इसलिए वो मुझे हर बार आगे कर देते हैं। वर्ना खबरों की हेडिंग सिर्फ बोनी नहीं बल्कि शिखर-बोनी होतीं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं शिखर से बहुत प्यार करता हूं। जब जान्हवी और उनकी मुलाकात नहीं हुई थी, तब से हम दोस्त हैं।' बोनी ने आगे कहा, 'मुझे विश्वास कि वो (शिखर) कभी भी जान्हवी के एक्स नहीं हो सकते हैं, वो उसके आसपास हमेशा रहेंगे। बोनी ने यह भी बताया कि शिखर पूरे परिवार के साथ बहुत अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं। शिखर, जान्हवी के परिवार के साथ तब खड़े थे, जब चीजें बहुत खराब चल रही थीं। इस बारे में बोनी ने आगे कहा, 'शिखर हमेशा जान्हवी, मेरे और अर्जुन के लिए मौजूद रहते हैं। मुझे लगता है कि हम वास्तव में भाग्यशाली हैं कि हमारे सेटअप में वो हैं।

कपिल शर्मा संग हुए झगड़े को आज भी नहीं भूले सुनील

मुंबई, एजेंसी। कॉमेडियन कपिल शर्मा के नए शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' की शुरूआत हो चुकी है। बीती रात शनिवार को शो का फर्स्ट एपिसोड टेलीकास्ट हुआ। इस बार शो टीवी पर नहीं बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुआ है। हमेशा की तरह इस बार भी अपने शो को कपिल शर्मा ही होस्ट कर रहे हैं। कपिल ने इस बार अपने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। कपिल शर्मा इस बार अपने पुराने दोस्त सुनील ग्रोवर के साथ फिर वापस आ गए हैं, जिससे फैंस बेहद खुश हैं। फैंस इस पर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, जो अब खत्म हो गया है। सुनील ग्रोवर अब कपिल शर्मा के शो अब द ग्रेट इंडियन कपिल शो का हिस्सा हैं। सुनील ग्रोवर 6 साल बाद कपिल के साथ काम कर रहे हैं। ऐसे में अब कॉमेडी का डबल तड़का लगने वाला है। शो के पहले एपिसोड में रणबीर कपूर, नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर साहनी मेहमान बनकर पहुंचे थे। शो के पहले एपिसोड में कपिल की पूरी टीम कपूर परिवार के साथ खूब मस्ती करते नजर आए, लेकिन कपिल और सुनील के बीच खूब तकरार देखने को मिली। जिसे देखकर लगता है कि कपिल और सुनील अपनी 6 साल पुरानी लड़ाई को आज भी नहीं भूले हैं।

2024 के आखिर में शाहरुख खान शुरू करेंगे पठान 2 की शूटिंग

मुंबई, एजेंसी। साल 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान के बाद शाहरुख खान जल्द ही पठान 2 लेकर आने वाले हैं। ये फिल्म स्पाई यूनिवर्स की 8वीं फिल्म होगी। इस फिल्म से जुड़ी अपडेट लगातार सामने आ रही हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो पिछली फिल्म की तरह इस बार सिद्धार्थ आनंद फिल्म डायरेक्ट नहीं करेंगे। हाल ही में आई पीपिंग मून की रिपोर्ट के अनुसार, शाहरुख खान इसी साल के आखिर तक पठान 2 की शूटिंग शुरू करेंगे। इस अपकमिंग फिल्म को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट नहीं करेंगे। हालांकि उन्हें किस के साथ रिप्लेस किया जाएगा, इस बात की कोई कन्फर्मेशन सामने नहीं आई है। दरअसल, आदित्य चोपड़ा अपने YRF स्पाई यूनिवर्स की किसी भी फिल्म के सीक्वल में एक डायरेक्टर का इस्तेमाल नहीं करते। ठीक वैसे ही जैसे एक था टाइगर, कबीर खान ने डायरेक्ट की थी, लेकिन सीक्वल फिल्म टाइगर जिंदा है के डायरेक्टर अली अब्बास जफर थे। ऐसे ही टाइगर 3 को मनीष शर्मा ने डायरेक्ट किया था। फिल्म वॉर सिद्धार्थ आनंद ने डायरेक्ट की थी, जबकि वॉर 2 अयान मुखर्जी डायरेक्ट कर रहे थे। एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान, टाइगर 3 के बाद यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स की 3 बड़ी फिल्में आने वाले सालों में रिलीज होंगी। इनमें वॉर 2 साल 2025 में रिलीज होने वाली है। इसके बाद फीमेल लीड की स्पाई फिल्म को 2025 में ही रिलीज किया जाएगा। इसके बाद 2026 में पठान 2 और 2027 में टाइगर वर्सेस पठान रिलीज होगी। 2018 की फ्लॉप फिल्म जीरो के बाद शाहरुख ने 4 साल बाद बतौर हीरो 2023 में फिल्म पठान से कमबैक किया था। इस फिल्म ने 1015 करोड़ रुपए कमाकर कई बड़े रिकॉर्ड तोड़ दिए। फिल्म पठान भारत के इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी हिंदी फिल्म, 2023 की हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म और भारत में चौथी सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बनी। इस फिल्म का रिकॉर्ड शाहरुख खान के कमबैक की दूसरी फिल्म जवान ने तोड़ा, जो एक्शन फिल्म ही थी। जवान अब भारत की दूसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग हिंदी फिल्म है और पठान तीसरी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

खेलते समय खुले सीवर टैंक में गिरकर सातवीं के छात्र की मौत

परिजनों ने फैक्ट्रियों का गंदा पानी टैंक में भरने से हादसे का लगाया आरोप

संवाददाता रनियां

अमृत विचार। आर्यनगर द्वितीय में खेलते समय सातवीं का छात्र पड़ोस में बने गंदे पानी से भरे खुले सीवर टैंक में गिर गया। जिससे उसकी डूबकर मौत हो गई। परिजनों ने आसपास की फैक्ट्रियों का गंदा पानी मनमाने तरीके से सीवर टैंक में भरने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है।

बृजेश बाबू उर्फ वर्ष।

छात्र की मौत पर गमगीन बैठे परिजन। अमृत विचार

इसी टैंक में डूबने से छात्र की हुई मौत।

रनियां कस्बा के आर्य नगर द्वितीय निवासी सोनू कमल का पुत्र बृजेश बाबू उर्फ वर्ष (13) कक्षा सात का छात्र था। वह शनिवार की देर शाम घर के बाहर दुकान में समान लेने गया था। इसी दौरान पड़ोस के बच्चों के साथ वह भी खेलने लगा। तभी खेलते-खेलते पड़ोस में रहने वाले रामरतन व उनके भाई के प्लाट के बाहर गंदे पानी से भरे खुले सीवर टैंक में गिर गया। इसकी जानकारी साथी बच्चों ने परिजनों को दी गई। जिसपर बृजेश के परिजनों ने जाकर सीढ़ी के सहारे टैंक में उतर कर उसे बाहर निकाला और जिला अस्पताल अकबरपुर ले गए। जहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने किशोर को मृत घोषित कर दिया।

जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया और मृतक की मां सीता देवी, बहन रिया, भाई हर्ष आदि का रो-रो कर बुरा हाल रहा। मृतक भाई-बहन में सबसे छोटा था। परिजनों ने बताया कि सीवर टैंक खुला होने के चलते आसपास की फैक्ट्रियों का गंदा भरा हुआ था। जबकि पूर्व में कई बार फैक्ट्री संचालकों को निकलने वाला गंदे पानी का समुचित तरीके से निकासी के लिए कहा जा चुका था, लेकिन मनमानी जारी रही। जिससे हादसा हो गया और किशोर को जान गंवानी पड़ी। सूचना पर पहुंचे एसआई सूरज कुमार ने छानबीन की। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कार्रवाई की जा रही है।

गरीबों को अता करें फितरा और जकात: हाफिज मदनी

संवाददाता राजपुर

- बीसवें रोजे के साथ रमजान का तीसरा अशरा शुरू

अमृत विचार। मुकद्दस रमजान का महीना बेशुमार बरकतों वाला है। रोजेदारो ने 20 रोजे मुकम्मल कर लिए है। इस मुकद्दस महीने में रोजेदारों पर अल्लाह की बेशुमार रहमतें बरसती हैं और सारे गुनाह माफ हो जाते हैं। इस महीने का तीसरा अशरा 20 वें रोजे की मगरिब से शुरू होता है, जो ईद का चांद दिखाई देने तक जारी रहता है। इसमें इबादत करने से जहन्नुम से आजादी मिलती है।

हाफिज मोहम्मद हसीब मदनी।

मूसानगर के सितारा मस्जिद के नायब इमाम हाफिज़ मोहम्मद हसीब मदनी ने कहा कि रमजान-पाक को तीन अशरों में बांटा गया है। दूसरा अशरा मुकम्मल हो गया है। तीसरे अशरे की शुरूआत के साथ ही मस्जिदों और घरों में एतकाफ का सिलसिला शुरू हो गया। रमजान में 20 वें रोजे के मगरिब से शुरू होकर चांद रात तक मस्जिद में रहकर अल्लाह की इबादत करने को एतकाफ कहा जाता है। तीसरे अशरे की पाक रातों में शब-ए-कद्र भी आएगी। इसी अशरे की 21, 23, 25, 27 और 29वीं रात शब कद्र की पाक रात है।

उन्होंने कहा कि शबे कद्र की रात को हजारों महीनों की रातों से अफजल रात बताया गया है। कुरान पाक लौहे महफूज़ से आसमाने दुनिया में इसी रात में नाज़िल हुआ है। रोजेदार इन पांच रात को जागकर अल्लाह रब्बुल इज्जत की इबादत करते हैं। रमजान के तीसरे अशरे में ही फितरा और जकात भी अदा की जाती है। जिससे ईद की नमाज गरीब लोग भी खुशी से अदा कर सकें। वैसे ईद के बाद भी फितरा और जकात निकाला जा सकता है, लेकिन रमजान में ही निकालना बेहतर होता है। रमजान में मस्जिदों में मुल्क व दुनिया में अमन-चैन और तरक्की की दुआ की गई।

बैठक से नदारद रहे 35 सफाई कर्मियों से स्पष्टीकरण तलब

संवाददाता संदलपुर

- संचारी रोग अभियान को लेकर बीडीओ ने बुलाई थी बैठक

अमृत विचार। संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान को लेकर बीडीओ की अध्यक्षता में हुई बैठक में 35 सफाई कर्मचारी नदारद रहे। बीडीओ ने सभी अनुपस्थित सफाई कर्मियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया है।

एक अप्रैल से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान की शुरूआत होगी। जिसको लेकर बीडीओ संदलपुर देवेंद्र वर्मा ने ब्लाक क्षेत्र के सभी 62 सफाई कर्मचारियों की बैठक बुलाई थी। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के प्रभावी क्रियांवयन में सभी का सहयोग जरूरी है। इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ देवेंद्र वर्मा ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र में कुल 62 सफाई कर्मचारी तैनात है, लेकिन बैठक में केवल 27 सफाई कर्मचारी ही मौजूद रहे। जबकि व्हाटसएप ग्रुप के माध्यम से सभी को हरहाल में बैठक में शामिल होने की सूचना दी गई थी। ऐसे में सभी अनुपस्थित 35 सफाई कर्मचारियों से स्पष्टीकरण तलब किया जा रहा है। बैठक में एडीओ पंचायत अश्वनी शुक्ला, एडीओ आईएसबी फूल सिंह, सफाई कर्मचारी जगदीश, हरिओम, अजीत आदि मौजूद रहे।

233 बुखार व उल्टी-दस्त के मरीजों का उपचार

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- जिले के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेले आयोजित किए गए

अमृत विचार। जिले के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में मरीजों का उपचार कर उन्हें निशुल्क दवा वितरित की गई। बदलते मौसम में सबसे अधिक बुखार व उल्टी-दस्त के 233 मरीजों को परामर्श देकर इलाज किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर जायजा लेते रहे।

आरोग्य मेले में मरीजों का उपचार करते चिकित्सक। अमृत विचार

मौसम में हो रहे बदलाव के चलते अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। ऐसे में बुखार व उल्टी-दस्त के सबसे अधिक मरीज आ रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि दिन के समय तेज धूप निकल रही है। जबकि सुबह व रात के समय तापमान में गिरावट होती है। ऐसे में लोग लापरवाही करते हैं। जिससे वह बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।

अकबरपुर सीएचसी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शिवम तिवारी ने बताया कि लोग पूरे शरीर को ढक कर रखें और कूलर-एसी में न सोएं। रात्रि के समय में मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तुरंत अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल में संपर्क कर जांच के बाद दवा का सेवन करें। वहीं आरोग्य मेले में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए अधिकारी भ्रमण करते रहे।

डिप्टी सीएमओ डॉ. डीके सिंह ने पीएचसी रूरगांव व राजपुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची और चिकित्सकों को निर्देश दिए। अपर सीएमओ डॉ. एसएल वर्मा ने बताया कि रविवार को सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर बुखार व उल्टी-दस्त के 233 मरीज, त्वचा रोग के 170 मरीज समेत कुल 1350 मरीजों का उपचार किया गया है। साथ ही 61 मलेरिया व 12 मरीजों की डेंगू जांच की गई। हालाकि कोई भी पॉजिटिव नहीं आया।

एक नजर

किशोरी के अपहरण में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

पुखरायां। एक व्यक्ति ने युवक सहित दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 29 मार्च को वह बाहर गया हुआ था। जब वह वापस आया तो उसकी 17 वर्षीय पुत्री घर पर नहीं थी। खोजबीन करने पर पता चला कि उसकी पुत्री को गांव का सतीश दो अज्ञात लोगों के साथ बहला फुसलाकर कहीं ले गया है। पुलिस ने एक नामजद व दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

दुर्घटना में बच्ची घायल

पुखरायां। भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के सरायं गांव निवासी इरशाद ने बताया कि उसकी तीन वर्षीय पुत्री इलमा सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए सीएचसी पुखरायां ले गए। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया।

पत्नी से विवाद के बाद दराती से काटा गला

संवाददाता, रसूलाबाद

- हैलट अस्पताल रेफर, पत्नी और बच्चों से अलग रह रहा था

अमृत विचार। रतनपुर गांव में बहन-बहनोई के यहां रह रहे 45 वर्ष के तिर्वा निवासी व्यक्ति ने दराती से अपनी गर्दन काट ली। सीएचसी रसूलाबाद से उसे हैलट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया गया।

रतनपुर निवासी विपिन ने बताया कि उसके तिर्वा निवासी मामा विनोद कुमार 10 दिन रतनपुर में उनकी सगी बहन उमा देवी पत्नी तार बाबू के यहां आए थे। वह उसके पूर्व दिल्ली में रहकर अपनी जीविका चलाते थे किंतु उनका पत्नी एवं बच्चों शिवा, कुणाल, बेटी नेहा से झगड़ा हुआ और उन लोगों को छोड़कर वह यहां आ गए थे।

विपिन ने बताया की शनिवार शाम से मोबाइल पर उसकी और पत्नी की बहस हो रही थी। रविवार सुबह फिर बात हुई इसके बाद उसने दराती से अपना गला काट लिया। हैलट अस्पताल में अब उनकी स्थिति डॉक्टर ने खतरे के बाहर बताई है। अस्पताल पहुंचने पर उसकी मुट्ठी में कागज का टुकड़ा दबा हुआ था जिसे पुलिस ने ले लिया है। इ 108 एंबुलेंस उसे लेकर सीएचसी रसूलाबाद लाई है जहां डॉक्टर सादिक हुसैन ने प्रारंभिक उपचार के बाद उसकी गंभीर दशा के चलते हैं उसे हैलट कानपुर रेफर किया है।

थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि पत्र में लिखी हुई बात से घटना के संबंध में कुछ स्पष्ट जानकारी नहीं मिल रही है किंतु वह अपने पत्नी और बच्चों द्वारा परित्यक्त कर दिया गया था। सुबह उसके मोबाइल पर पत्नी बच्चों से बात हुई । इसके बाद उसने दराती से अपना गला काट लिया। मामले की जांच की जा रही है।

रसूलाबाद की कौमी एकता जिले के लिए मिसाल : बेरिया

संवाददाता रसूलाबाद

अमृत विचार। रमजान का पवित्र महीना आपसी प्रेम, मोहब्बत का पैगाम देता है। यह महीना त्याग का महीना है। जहां एक महीने उपवास करके मुस्लिम समुदाय के लोग रब की इबादत करते हैं।

रविवार को कस्बे के बेला मार्ग स्थित गुलशन मैरिज हाल में अतहर खां भुट्टों की ओर से रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में पहुंचे दोनों ही समुदाय के लोगों ने आपसी प्रेम व मोहब्बत के साथ एक साथ मिल बैठकर रोजा इफ्तार किया और मुल्क में अमन-चैन के लिए दुआ मांगी। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवकुमार बेरिया ने कहा कि रसूलाबाद की कौमी एकता जनपद के लिए एक मिसाल है। यहां के लोग बहुत समझदार और मिलनसार हैं।

रोजा-इफ्तार पार्टी में मौजूद लोग। अमृत विचार

- रोजा इफ्तार पार्टी में बोले-पूर्व कैबिनेट मंत्री

इस दौरान आलोक बाजपेयी, अरुण यादव बबलू राजा, महफूज खान, समरथ पाल, राजू तिवारी, मेवालाल संखवार, नीता सचान, इरशाद मिर्जा, सभासद सुहैल अहमद, हाशिम खान, फरहान मिनी, आनंद वर्मा, तारिक वारसी, वसीम अहमद, रुखसार कुरैशी, शाहबाज अली, अकील खान, हाजी अखलाक अंसारी, अनवार हुसैन, यूनुस राईन, प्रदीप यादव, रहीसु, नरेंद्र पाल, प्रदीप शाक्य, वीरू भदौरिया, वारिस राईन, नसीम अहमद, बउअन भदौरिया आदि मौजूद रहे।

वार्षिकोत्सव

बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम, अव्वल आने वाले मेधावियों को प्रमाण पत्र, ट्राफी व मेडल दिए गए

नाटक में दिखी शहीद-ए-आजम भगत सिंह की देशभक्ति

संवाददाता राजपुर

अमृत विचार। कस्बे के विद्यालय में रविवार को आयोजित वार्षिकोत्सव में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से जलवा बिखेर दिया। इस दौरान देशभक्ति गीत, झूमर नृत्य पर उम्दा प्रस्तुति से सभी मंत्रमुग्ध हो गए। अव्वल आने वाले मेधावियों को प्रमाण पत्र, ट्राफी व मेडल दिए गए।

शहीद भगत सिंह की जीवन पर नाटक प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

मेधावी बच्चों को पुरस्कृत करते विद्यालय के शिक्षक व अतिथि। अमृत विचार

रविवार को राजपुर के न्यू लाइट एजूकेशन सेंटर में वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि तहसीलदार संतोष कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्रों को जीवन में शिक्षा के महत्व के बारे में बताया।

नगर पंचायत ईओ नीति त्रिपाठी ने कहा कि छात्रों को पठन-पाठन के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी प्रतिभाग करना चाहिए। स्कूल प्रबंधक महादेव चौहान ने कहा कि बच्चों में शिक्षा की शुरुआत मां सरस्वती के इसी प्रांगण से होती है। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद स्वागत गीत, देशभक्ति गीत, शिक्षाप्रद नाटक, स्वच्छता पर आधारित नाटकों का मंचन सहित कई तरह के कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। प्रत्येक कक्षा में अव्वल आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

कक्षा आठ के छात्र तिलक राज, शौर्य व सौरभ ने आजादी की लडाई में फांसी के फंदे पर हंसकर झूलने वाले शहीद भगत सिंह की जीवनी पर उम्दा नाटक प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभूशंकर स्वर्णकार व संचालन रामदास सिंह ने किया। इस मौके पर डिप्टी सीएमओ डॉ. डीके सिंह, चैयरमैन अंशू त्रिपाठी, बीडीओ हरगोविंद गुप्ता, स्कूल संचालक मोहम्मद मारुफ, प्रबंधक महादेव चौहान, संरक्षक सोमवती चौहान, प्रधानाचार्य अतुल तिवारी, अजय पाल सिंह, अमरदीप कुलश्रेष्ठ, सादाब खान आदि मौजूद रहे।

पति व सास पर दहेज उत्पीड़न का केस

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पुखरायां कस्बा के वार्ड नंबर 21 पटेल नगर निवासी प्रिया सोनी ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी शादी 16 दिसंबर 2018 को जनपद औरैया थाना क्षेत्र के पुरानी चौकी मोहल्ला निवासी संजय सोनी पुत्र रामकिशन सोनी के साथ हुई थी। आरोप है कि कुछ दिन बाद से ही पति व सास अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। जिसे पूरी न होने के चलते उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। काफी समय बाद उसने मामले की जानकारी मायके में परिजनों को दी। समझौते के कुछ दिन बाद पति व सास बसंती सोनी ने फिर से अतिरिक्त दहेज की मांग करना शुरू कर दिया। पिछले साल 11 नवंबर को पति व सास ने उसके साथ मारपीट की और उसके जेबर छीन कर घर से निकाल दिया गया। पुलिस ने तहरीर पर पति व सास के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कर लिया है।

सार-संक्षेप


सेवानिवृत्त शिक्षकों को माला पहनाते संगठन पदाधिकारी। अमृत विचार

सेवानिवृत्त होने पर शिक्षक व संगठन पदाधिकारियों ने दी विदाई

कानपुर देहात। सेवानिवृत्ति जीवन का वह पड़ाव है, जहां हम अपने काम की जिम्मेदारियों से मुक्त हो जाते हैं और नई पारी की शुरुआत करते हैं। यह बात रविवार को देवीपुर मदर इंडिया सीनियर बेसिक स्कूल में आयोजित शिक्षकों के विदाई समारोह में आए शिक्षाविद डॉ. बृजभूषण सिंह परिहार अकेला ने कही। इससे पहले पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश सविता ने सेवानिवृत्त शिक्षक व प्रांतीय संगठन मंत्री नंद प्रकाश, प्रांतीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह गौर, राम लखन सविता व शर्माजी प्रजापति को पुष्प गुच्छ व स्मृति चिंह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के प्रांतीय संरक्षक शिव गांविंद सिंह ने शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए खुद को हमेशा समर्पित करते हुए अधिकारियों से मांग कि सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में अवशेष देयक का भुगतान किया जाए। सर्वेश बाजपेई, श्रवण कुमार सचान, विनोद सिंह सेंगर, अशोक यादव, अरूण चौरसिया, राधा कृष्ण, मोहित अवस्थी, अवधेश सविता, वीरेंद्र सिंह परिहार, जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह गौर, उपाध्यक्ष हरीशरण, अशोक यादव आदि मौजूद रहे।

प्रोजेक्ट नई किरण में सुनवाई करतीं महिला पुलिसकर्मी व सदस्य। अमृत विचार

प्रोजेक्ट नई किरण में चार मामलों में समझौता

कानपुर देहात। रविवार को माती पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरूआत एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान सुनवाई के लिए कुल 34 मामले रखे गए। जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों के समझाने के बाद चार परिवारों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता करा दिया गया। इसके बाद पति-पत्नी खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गए। शेष प्रार्थना पत्रों में सुनवाई के लिए आगे की तिथि दी गई। इस दौरान महिला थानाध्यक्ष सुमन दीक्षित, कांस्टेबल आरती, इन्दु, रामा देवी, रागिनी, हेड कांस्टेबल रजनीश कुमार, नई किरण सदस्य कंचन मिश्रा, रामप्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

राजपुर क्षेत्र में पैदल गस्त करते पुलिस व अर्द्धसैनिक बल के जवान। अमृत विचार

पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों ने की पैदल गश्त

राजपुर। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जनपद में पुलिस बल कड़ी चौकसी बरत रहा है। पुलिस व अर्द्धसनिक बलों ने पैदल गस्त कर लोगों को सुरक्षा के अहसास दिलाया। रविवार को कस्बा राजपुर समेत क्षेत्र में पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों ने मिलकर पैदल मार्च किया। संयुक्त बल ने घनी आबादी और संवेदनशील इलाकों से गुजरते हुए असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया तो खैर नहीं। लोगों से निडर होकर मतदान करने की अपील की गई। थानाध्यक्ष प्रभात सिंह व राजपुर चौकी इंचार्ज पंकज कुमार ने सुरक्षा बलों के साथ बैना गांव मे भी पैदल गश्त करते हुए कहा कि अराजकता का माहौल पैदा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इसलिए चुनाव में शांति व्यवस्था बनाने में सहयोग करें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दें।

एंबुलेंस चालक लापता, गुमशुदगी दर्ज

रूरा। घर से किसी काम से निकले एंबुलेंस चालक के लापता होने में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है। मुड़ेरा विक्रम निवासी मंजू देवी ने पुलिस को बताया कि उसके पति विनोद कुमार एंबुलेंस चालक हैं। वह बीते गुरुवार की शाम घर से काम पर लखनऊ जाने की बात कहकर निकले थे। इसके बाद से उनका कहीं पता नहीं चला और न ही वह घर वापस आए। चालक का फोन भी बराबर बंद आ रहा है। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि मामले में गुमशुदगी दर्ज कर तलाश की जा रही है।

जेवर और रुपये हड़पने में धोखाधड़ी का केस दर्ज

रूरा। महिला ने युवक पर जेवर व रुपये हड़पने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के वीरपुर नकासिया गांव निवासी साधना ने पुलिस को बताया कि उसने गांव के लालजीत निषाद के पास अपने जेवर जिनकी अनुमानित कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपये थी, उन्हें सिर्फ 40 हजार रुपये में गिरवी रखे थे। कुछ दिन बाद उसने अपनी भैंस बेचकर गिरवी रखे जेवर के पैसे ब्याज सहित 47 हजार रुपये लालजीत को दे दिए। इसके बावजूद उसने न तो जेवर वापस किए और न ही रुपये दिए। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि मामले में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

पुलिस ने तमंचा-कारतूस समेत शातिर को दबोचा

राजपुर। रविवार को राजपुर कस्बा इंचार्ज पंकज कुमार अपने हमराही हेड कांस्टेबल विवेक तोमर व कांस्टेबल अमित कुमार के साथ कस्बे में गस्त कर रहे थे। वह पिटाकपुर नहर के समीप पहुंचे। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक भागने लगा। पुलिस ने युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में युवक ने अपना नाम राम लखन निवासी जलालपुर नागिन थाना गजनेर बताया है। थानाध्यक्ष प्रभात सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

अकबराबाद के जंगल में लगी आग बुझाई

मूसानगर। थाना क्षेत्र के अकबराबाद के जंगलों में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। रविवार की दोपहर अचानक अकबराबाद के जंगलों में आग लगने की सूचना पर मूसानगर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। थाना प्रभारी दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि अकबराबाद के जंगलों में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

निजी नलकूप से स्टार्टर चोरी

रूरा। किसान के निजी नलकूप से रात में चोरों ने स्टार्टर पार कर दिया। थाना क्षेत्र के कठारा गांव निवासी किसान अशोक कुमार ने पुलिस को बताया कि रविवार की सुबह जब वह अपने निजी नलकूप पर गए तो देखा कि वहां रखा बक्सा गायब है और केबिल भी कटी पड़ी थी। चोरों ने बक्सा समेत स्टार्टर चोरी कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके पर पुलिस को भेज कर छानबीन कराई जा रही है।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

फल न देने वाले पेड़ों को अब बिना अनुमति काट सकेंगे किसान

आम के हरे पेड़ों की छटाई के लिए नहीं लेनी होगी वन विभाग की अनुमति

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। फल न देने वाले पेड़ों को अब किसान काट सकते हैं। खासकर आम के पेड़ को लेकर प्रमुख सचिव की ओर से जारी किए गए निर्देश में कहा गया है कि किसानों को पेड़ों की कटाई-छटाई करने में परेशान न किया जाए। आम की पैदावार गिरने के वजह से यह फैसला लिया गया है।

शासन को जानकारी हुई कि आम की पैदावार गिरने के पीछे पुराने पेड़ एक वजह है। किसानों को पुराने पेड़ों की जगह पर फलदार पेड़ लगाने होंगे। ऐसे में कम पैदावार से परेशान किसानों को राहत मिलेगी। बीते कुछ सालों से जिले में आम की पैदावार गिरी है। इसका मुख्य कारण यहां मौजूद आम के पेड़ों का कई दशक पुराने होना भी है। जानकारों के मुताबिक आम के पेड़ शुरुआती 40 से 50 साल तक प्रति हेक्टेयर लगभग 15 टन की पैदावार देते हैं।

- मुख्य सचिव ने जारी किया आदेश, सूखे और हरे पेड़ बाग से काट सकेंगे

इसके बाद पैदावार कम होती चली जाती है और समय बीतने के साथ सात टन प्रति हेक्टेयर तक पहुंच जाती है। ऐसे में किसान पेड़ों की कटाई-छटाई (प्रूनिंग एंड ट्रिमिंग) कर पैदावार बढ़ा सकते हैं। इस प्रक्रिया के लिए पहले किसानों को वन विभाग से अनुमति लेनी पड़ती रही है।

ऐसे में लगने वाले समय और झंझट से बचने के लिए किसान इस प्रक्रिया से बचते आए। अब बिना किसी परमशिन के भी किसान कटाई-छटाई कर सकते हैं। अपर मुख्य सचिव ने मनोज कुमार ने उद्यान विभाग को पत्र भेजकर आम की पेड़ों की कटाई छटाई से रोक हटाने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में इस तकनीक का उपयोग करने से जिले में कम हो चुकी आम की पैदावार दोबारा बढ़ने की उम्मीद है।

तीसरे साल में आ जाता है बौर

जीर्णोद्धार किए गए आम के पौधों में तीसरे वर्ष से बौर लगने लगते हैं। सभी पौधों में बौर सुनिश्चित करने के लिए दूसरे वर्ष के अगस्त-सितंबर माह में 12 मिली पैक्लो ब्यूट्राजाल (कल्तार) को प्रति पौधे के अनुपात में एक लीटर पानी में मिलाकर उपचारित किया जाता है। यह प्रक्रिया हर तीसरे-चौथे साल दोहरानी चाहिए।

यह है जीर्णोद्धार प्रक्रिया

जीर्णोद्धार करने के लिए चुनी हुई शाखाओं को तेज धार वाली आरी की मदद से काट दिया जाता है। किसान कटे हुए भाग को फफूंदयुक्त बीमारी के संक्रमण से बचाने के लिए कटाई के तुरंत बाद कॉपर आक्सीक्लोराइड को करंज या अरंडी के तेल में मिलाकर लगा देते हैं। इसके बाद पौधों के तनों में चूने से पुताई कर देते हैं। इससे गोंद निकलने और छाल फटने की समस्याओं में काफी हद तक कमी आ जाती है। इसके बाद पौधों में थाला बना कर गुड़ाई करके सिंचाई की जाती है और खाद डालकर पुआल के जरिए नमी बने रहने दी जाती है।

> बिना परमीशन ऐसे पेड़ों के कटाई के लिए अभी तक शासनादेश नहीं आया है। यदि आता है तो उसका पालन कराया जाएगा।
>
> -रामानुज त्रिपाठी, डीएफओ

कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

किशनपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने पड़ोसी गांव के रहने वाले एक व्यक्ति पर नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने से महिला ने कोर्ट की शरण ली। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज किया है।

पीड़ित महिला का आरोप है कि वह छह माह पूर्व अपने मायके से अपने ससुराल जा रही थी। महिला के विजयीपुर पहुंचने पर सरौली गांव निवासी विमलेश सिंह ने महिला को चाय में नशीला पदार्थ खिला दिया। जिससे महिला अचेत हो गई। आरोप है कि महिला के अचेत होने के बाद आरोपी महिला को खागा ले गया। इस दौरान महिला के बिना अनुमति के उसने बंद कमरे में महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। महिला गर्भवती थी, जिस वजह से महिला का गर्भपात हो गया। होश आने के बाद महिला ने आपबीती परिजनों से बताई थी। जिस पर परिजनों के साथ महिला ने स्थानीय थाने में शिकायत की थी। लेकिन पुलिस ने सुनवाई नहीं की।

रिजल्ट के साथ मेडल मिले तो उछले छात्र

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। शहर के लाल बहादुर शास्त्री बालिका इंटर कॉलेज पनी में परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला अपराध निरोधक समिति के सचिव जेल पर्यवेक्षक विपिन बिहारी शरण रहे। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को अंकपत्र, मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वहीं शिक्षण कार्य में कुशल संचालन के लिए आशीष मिश्रा, लीना श्रीवास्तव, उपासना, जुबेरिया शिक्षकों का भी सम्मान किया गया।

परिणाम में केजी में काव्या कश्यप प्रथम, कक्षा एक में अर्थव गुप्ता प्रथम, कक्षा दो में हसनैन प्रथम, कक्षा तीन में साक्षी प्रथम रही। कक्षा चार में शिवम मौर्या प्रथम, कक्षा 5 में कनिका प्रथम, कक्षा 6 में अलिया प्रथम, कक्षा 7 में इरम नवाज प्रथम, कक्षा 8 में प्रियंका प्रथम, कक्षा 9 में सपना गुप्ता प्रथम, कक्षा 11 में कुमकुम पांडेय प्रथम स्थान पर रहीं। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए बधाई दी। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य अमिताभ बिहारी शरण ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर नमामि गंगे के संयोजक शैलेंद्र शरन सिम्पल, कमल चंद वर्मा, रामकिशोर गुप्ता, रोलिका शरन, उपासना शरन, एकता गुप्ता, निहारिका, नबीला, खुशनुमा, जेबा खातून, अवधेश श्रीवास्तव रविकुमार समेत पूरा विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

अपनी-अपनी कक्षाओं में अव्वल आए बच्चों को दिया गया मेडल। अमृत विचार

नौनिहाल बच्चे भी रहे आगे

शहर के मदर सुहाग ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन का वार्षिक रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय की प्रबंधक कुसुम सिंह और संचालक मोहित सिंह द्वारा किया गया। मदर सुहाग एजुकेशन सेंटर सुल्तान नगर के प्रधानाचार्य डीके श्रीवास्तव, शिवम शुक्ला व मदर सुहाग पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य वीना श्रीवास्तव ने वार्षिक परीक्षा फल वितरित किया। नर्सरी में अन्वी विश्वकर्मा प्रथम, आश्रित यादव द्वितीय व अनन्या प्रजापति तीसरे स्थान पर रहीं। जूनियर केजी में मोहम्मद हुसैन रजा, आस्था सोनी और अन्नपूर्णा सिंह ने असाधारण शैक्षणिक कौशल का प्रदर्शन किया। इसी तरह, सीनियर केजी में उत्कर्ष सिंह, मयंक और नैना श्रीवास्तव ने शीर्ष तीन स्थान प्राप्त किए, जबकि अशीर अली दूसरे स्थान पर रहे।

निर्माणाधीन पुल दे रहा हादसों को दावत

संवाददाता, जाफरगंज फतेहपुर

- पुराने पुल को तोड़ने के बाद नया निर्माण नहीं
- रामगंगा पुल से अधिसंख्य वाहनों का आना-जाना

अमृत विचार। निचली रामगंगा नहर का पुराना पुल तोड़ दिया गया लेकिन नया निर्माण नहीं होने से आवागमन करने वालों को हादसों का डर बना रहता है।

जहानाबाद-जोनिहां मार्ग पर शहजादीपुर के पास निचली राम गंगा नहर में पुराने पुल को तोड़ कर निर्माण कार्य कराया जाना था। कार्यदाई संस्था द्वारा 4 माह पूर्व पुराने पुल को तोड़ दिया गया था। जिस कारण लम्बी दूरी तय कर लोगों को आवागमन करना महंगा पड़ रहा है।

शहजादीपुर निचली राम गंगा नहर में पुल निर्माण कार्य को लेकर चार माह पहले पुल तोड़ दिया गया था। जहानाबाद फतेहपुर आवागमन करने वाले यात्रियों को दूरगामी परिक्रमा करनी पड़ती है। बस संचालकों का कहना है की अधर में फंसा निर्माण कार्य पूरा न होने के कारण 20 किलोमीटर का चक्कर काट कर बसों का संचालन करना पड़ता है। वहीं छोटे वाहनों का आवागमन रैपुरवा रहमतपुर के जर्जर पुल से आवागमन होता है।

कभी भी हादसा हो सकता है। जनवरी माह में निर्माणाधीन पुल के पास पैर फिसल कर गिरने से जगदीश सिंह उर्फ ननकवनी की नहर में डूब कर मृत्यु हो गई थी। रैपुरवा के जर्जर पुल में बाउंड्री वॉल ना होने के कारण ड्यूटी से घर वापस आते समय शहजादीपुर निवासी बाइक सवार मोनू सिंह पुल से नहर में गिर गए थे लेकिन गनीमत रही कि वह बच गया और हादसा टल गया था। क्षेत्रीय लोगों ने पुल का निर्माण शीघ्र कराने की मांग की है।

जान जोखिम में डाल निकलते राहगीर। अमृत विचार

सड़क हादसों में किशोरी समेत दो घायल

बिन्दकी। कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों में हुए सड़क हादसों में एक किशोरी समेत दो लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया।

जाफरगंज थाना क्षेत्र के समसपुर गांव निवासी देशराज की 16 वर्षीय पुत्री संध्या देवी अपनी मां के साथ खेत चारा लेने गयी थी और चारा लेकर घर आने लगी तो गांव के पास तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे किशोरी घायल हो गयी। घायल किशोरी को सीएचसी से सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इसी तरह कस्बे के महजनी गली में मस्जिद के पास हादसा हुआ। जहां पर तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार पंकज पुत्र चंद्रपाल निवासी काजी खेड़ा एक घर की दीवार से टकरा गया और सड़क में गिरकर घायल हो गया। घायल को सीएचसी पहुंचाया गया।

मेधावियों को किया गया पुरस्कृत। अमृत विचार

'किताबी ज्ञान से कहीं ज्यादा जरूरी है चहुंमुखी विकास'

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। किताबी ज्ञान से कहीं ज्यादा जरूरी है कि विद्यार्थियों का चहुंमुखी विकास किया जाए। मदरलैंड पब्लिक स्कूल के वार्षिक दिवस को संबोधित करते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य विनय गुप्ता ने यह बात कही।

उन्होंने कहाकि आज के माहौल में विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास किताबों तक ही सीमित नहीं है। इसलिए जरूरी है कि स्कूलों में विद्यार्थियों को ज्ञान के अलावा हर प्रकार की शिक्षा दी जाए।

स्कूल में विद्यार्थियों को ऐसी ही शिक्षा दी जाती है कि साथ ही बच्चों में नैतिक मूल्यों की विशिष्टता होनी चाहिए। जो इस स्कूल में सिखाई जाती है। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को उनके परीक्षा परिणाम के साथ गोल्ड मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अभिभावकों ने भी विद्यालय पहुंचकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

सार-संक्षेप

कवियों ने सुनाई रचनाएं

फतेहपुर। सिंचाई विभाग डाक बंगले में रविवार को आचार्य कुलम द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जनपद के यशस्वी कवियों के द्वारा काव्य पाठ किया गया। काव्य पाठ के माध्यम से होली के रंगारंग गीतों की प्रस्तुति हुई। अध्यक्षता मकसूदन और संचालन प्रवीण प्रसून श्रीवास्तव ने किया। विख्यात कवि रामावतार, शैलेंद्र द्विवेदी, सरवन कुमार पांडे पाठक, प्रवीण, नवीन, रमेश मोहन शुक्ला आदि रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ज्योति प्रवीण अध्यक्ष महिला मोर्चा, माया गुप्ता, सरोज मौर्य, प्रदीप गर्ग व्यापार मंडल अध्यक्ष, महेश द्विवेदी प्रांतीय मंत्री कांग्रेस उत्तर प्रदेश, विद्याभूषण, जागृति तिवारी, डॉक्टर शिव छत्रपति, कोटेश्वर शुक्ला, अशोक अवस्थी, डॉ शिव प्रसाद त्रिपाठी, अशोक तपस्वी, प्रदीप बाजपेई, पंकज मिश्रा, विष्णु दत्ता शुक्ला, रामनरेश तिवारी, गंगा प्रसाद द्विवेदी, शहर श्रीवास्तव, सुनील सिंहख् ज्योति प्रवीण, माया गुप्ता, सरोज मौर्य, आचार्य राकेश त्रिवेदी, रामगोपाल, राजकिशोर द्विवेदी, आचार्य रमेश आचार्य रामनाथ, आचार्य प्रदीप, आचार्य अजय भूपेंद्र द्विवेदी आदि रहे। आचार्य विनोद शुक्ला ने कार्यक्रम में मौजूद रहे।

छात्रों को किया गया सम्मानित

फतेहपुर। मलवां ब्लॉक के एसएन पब्लिक स्कूल चौडगरा मे परीक्षा फल का वितरण किया गया। मेधा सम्मान समारोह में पीजी के अभी प्रथम, वेदनशील द्वितीय व सत्य यादव तृतीय स्थान पर रहे। एलकेजी में पलक सिंह, आयांश, अवंतिका, यूकेजी में श्रद्धा पांडे, साक्षी, रौनक तिवारी, कक्षा एक में श्याम जी, अनुभव तिवारी, अभिषेक, अंश गुप्ता, कक्षा 2 में सपना, सौम्या, अनुभव सिंह, कक्षा तीन में आदित्य अर्जुन अर्पित मिश्रा, कक्षा चार में मयंक यादव, अनमोल, सोम सिंह कक्षा 5 में अभिषेक गोस्वामी, अर्चना राधिका कक्षा 7 में अंतिमा, अमर को परीक्षा फल वितरित किया। प्रबंधक एसके पांडे ने बच्चों को ट्रॉफी शील्ड देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

वार्षिकोत्सव में गायन की दिखी झलक

बिन्दकी। नगर के वाटिका इंटरनेशनल स्कूल में वर्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें नौनिहालों ने ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया कि मौजूद लोग तालियां बजाने को मजबूर हो गए। वहीं परीक्षा फल मिलते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे। अव्वल तीन बच्चों को प्रबंधक ने पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। नगर के ललौली रोड स्थित वाटिका इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। शुरुआत स्कूल प्रबंधक प्रेम बाबू व प्रधानाचार्या ज्योति बाला बाजपेई ने मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित किया। जिसमें बच्चों द्वारा आयोजित संस्कृति व गायन को देख अभिवावक मन्त्रमुग्ध हो गये और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

स्वास्थ्य पर्यवेक्षक को दी भावभीनी विदाई

औंग। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोपालगंज में कार्यरत स्वास्थ्य पर्यवेक्षक इन्द्रपाल पासवान की सरकारी सेवा पूरी होने के बाद उन्हें अंतिम दिन अस्पताल के स्टॉफ की ओर से स्वागत सम्मान समारोह आयोजन में प्रशस्ति पत्र देकर उनकी भावभीनी विदाई की गई। क्षेत्र के करीब एक सैकड़ा लोगों की उपस्थिति उनकी कुशल कार्यशैली को दर्शा रही थी। डीपीएम लालचंद्र, डा. धर्मेन्द्र सिंह पटेल, डा. अमलेश जोशी, राजेश बीसीपीएम, आशा, नीरज कुमार पाण्डेय, अशोक कुमार आदि विभागीय अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे। संचालन गुलाब सिंह पटेल ने किया। आंगनबाड़ी व आशा संगिनी ने बिदाई के अवसर पर सेवानिवृत्त स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के कार्यशैली की सराहना की। निज निवास ग्राम देवमई जाते समय औंग कस्बे में भी लोगों ने फूल माला पहनाकर उन्हें बिदा किया। अनिल गुप्ता बीडीसी, अजय मिश्रा, राजकुमार, राजकमल, दीपू पाण्डेय आदि लोग शामिल रहे।

ब्राम्हण एकता परिषद का गठन

फतेहपुर। शहर के कलेक्टरगंज जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर पाण्डेय के आवास में अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें जिले की कार्यकारिणी का गठन सर्वमम्मति से किया गया। युवा प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी पंडित अमन मिश्रा, व्यापार प्रकोष्ठ संजीव कुमार पाण्डेय, महिला प्रकोष्ठ कल्पना पाण्डेय, चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रसून अवस्थी को नामित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मण्डल अध्यक्ष रामकिशोर शुक्ल, जिला संयोजक अरूण कुमार मिश्र, हरिओम शुक्ला रहे।

बाइकसवार की डंपर की टक्कर से मौके पर मौत

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। खागा कस्बा के नौबस्ता रोड चौकी चौराहा के पास शनिवार की शाम डंपर की चपेट मे आने से बाइकसवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मौके से भाग जाने में सफल रहा।

थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम सूबेदार का पुरवा मजरे अजगवां निवासी जयप्रकाश यादव शनिवार की शाम करीब साढे छह बजे बाइक से रिस्तेदारी में जा रहा था। जब वह खागा कस्बा के नौबस्ता रोड चौकी चैराहा के पास पहुंचा तभी तेज रफ्तार आ रहे डम्फर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची।

हादसे में बाइकसवार घायल

फतेहपुर। राधा नगर थाना क्षेत्र के देवीगंज मोहल्ला निवासी नवल किशोर शुक्ला का पुत्र शैलेन्द्र शुक्ला जो दुकानदारों को मोबाइल सप्लाई करने का काम करता है। रविवार को वह अपने काम के सिलसिले से निकला था। हसवा पुलिस चौकी के पास अज्ञात वाहन उसे टक्कर मारते हुए निकल गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

संवेदनशील गांवों में हुई हिस्ट्रीशीटरों की जांच

फतेहपुर। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस की टीम पूरी तरह से अलर्ट है। रविवार को कई गांवों के हिस्ट्रीशीटरों को चेक किया गया। जिले भर में अलग अलग स्थानों पर अर्धसैनिक बलों के साथ पुलिस ने रूट मार्च किया।

सीओ जाफरगंज के नेतृत्व में जाफरगंज पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल के साथ थाना क्षेत्र के संवेदनशील गांव गढ़ी, गंगौली, समसपुर, देवरी बुर्जुग, डिघरुवा, रायपुर, नरेचा, दरौटा लालपुर समेत कई गांवों के हिस्ट्रीशीटरों को चेक किया। मिश्रित आबादी वाले इलाकों पर पुलिस की नजर रही।

जल जीवन मिशन के काम में घपला जांच करने नहीं आए डीपीआरओ

फॉलोअप

संवाददाता, औंग-फतेहपुर

- जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण का मामला
- बिना निर्माण के लाखों खर्च धरातल पर कुछ नहीं

अमृत विचार। तहसील बिन्दकी की ग्राम पंचायत औंग स्थित जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पानी की टंकी की धांधली की जांच की उम्मीद लिए शनिवार की शाम तक लोग बैठे रहे रहे, जिला पंचायत राज अधिकारी नहीं आए। टंकी निर्माण में एक करोड़ 75 लाख की रकम में हेरफेर किए जाने का आरोप है।

जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र सिंह बगल के गांव गोधरौली से वापस हो गए। ग्राम प्रधान औंग ममता शुक्ला को सूचित किया गया था कि बन रही पानी की टंकी के सम्बन्ध में डीपीआरओ का निरीक्षण होगा। जिस पर ग्राम प्रधान ने अपना एक प्रतिनिधि मंडल मजरा कीचकपुर में वाटरहेड टैंक की कमियों को उजागर करने तथा खर्च किए गए बजट का हिसाब समझने के उद्देश्य से भेजा। लेकिन ग्राम प्रधान के सवालों से बचने के लिए आने की हिम्मत नहीं जुटा सके। टंकी बनाने के नाममात्र कालम खड़े कर दिए गए हैं। उसके बाद से करीब पांच माह से काम बन्द है। 607 फर्जी पानी के कनेक्शन, वाटर टेस्टिंग टीम में नामित पांच महिलाओं के बारे में जानकारी, टंकी बनी नहीं पाइप लाइन बिछी नहीं, पानी निकला नहीं तो फिर वाटर टेस्टिंग रिपोर्ट किसने और कहां से तैयार की आदि कई सवाल हैं। वाटर टेस्टिंग किट में कौन कौन से उपकरण टेस्टिंग टीम को उपलब्ध कराने जैसे बहुत से सवाल डीपीआरओ से होने थे। करीब पन्द्रह से अधिक की संख्या में ग्रामीण उनका इंतजार ही करते रह गए।

बदलता मौसम | मौसम में फिर बदलाव आने से किसानों की बढ़ी धुकधुकी

सुबह रिमझिम बारिश, दोपहर में गर्मी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। मौसम का रूख देखकर किसानों की धुकधुकी फिर बढ़ गई है। बीते दो दिन पूर्व आंधी आने के बाद रविवार की सुबह रिमझिम बारिश होने किसानों में फसलों के नुकसान को लेकर चिंता सता रही है। लगातार आसमान में बादल मंडरा रहे हैं। ऐसे में तेज बारिश की संभावनाएं बढ़ रही हैं। इन दिनों फसलें पककर तैयार हो चुकी हैं। मौसम का रूख देखकर किसान तेजी के साथ फसलों की कटाई में जुट गए हैं। किसानों को चिंता सता रही है कि बारिश होने पर उनकी फसलें बर्बाद हो जाएंगी।

बीते दिनो से तेज धूप निकलने के साथ तापमान में बढोत्तरी हो गई। जिससे गर्मी इस कदर बढ़ गई कि लोग दोपहर में घरों से बाहर निकलने में कतराने लगे। रविवार को सुबह से आसमान में बादल छा गए, हलांकि हल्की धूप भी निकली रही। करीब आठ बजे बूंदाबांदी शुरू हो गई। हालांकि कुछ ही देर बाद कड़ी धूप भी निकल आई। मौसम का रूख देखकर किसान चिंतित हो उठे। क्योकि खेतों में खडी फसलें पककर तैयार हैं। चना व सरसों आदि फसलें कट चुकी है, लेकिन अब तक कतराई नहीं हो सकी है। गेहूं की फसलें पूरी तरह से खेतों में खडी हैं। किसानों का कहना है कि बारिश हुई तो उनकी फसलें बर्बाद हो जाएंगी। मौसम में बार-बार हो रहे परिवर्तन ने किसानों को झकझोर दिया है। अप्रैल का महीना शुरू होने वाला है ऐसे में फसलों की कटाई एवं कतराई का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। मटर चना एवं लाही की कतराई का कार्य काफी हो चुका है लेकिन पचास फीसदी गेहूं अभी भी खेतों में ही खड़ा हुआ है। पिछले महीनों में हो चुकी ओलावृष्टि एवं बारिश से पहले ही किसान काफी नुकसान उठा चुके हैं लेकिन दो तीन दिनों से अचानक फिर से मौसम का रुख बदलने से किसानों की धड़कनें बढ़ गई हैं। हल्की बूंदाबांदी के साथ ही तेज हवाओं के चलने से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल फिर से बिछ गई हैं। हालांकि दोपहर बाद मौसम का रुख साफ हो गया। किसान ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं कि एक हफ्ते तक मौसम ऐसा ही बना रहे तो फसल सुरक्षित घर पर पहुंच जाए।

- इनदिनों रवी की कई फसलें पकने की कगार में

दोपहर बाद धूप ने छुड़ाया पसीना

रविवार की सुबह बूंदाबांदी होने के बाद ऐसी धूप निकली कि लोगों के पसीने छूट गए। दोपहर में शहर की सड़कों में सन्नाटा पसरा नजर आया। राहगीर धूप से बचने के लिए छांव की तलाश करते नजर आए। गला तर करने के लिए पानी खरीदकर पीने को मजबूर हुए। हालांकि मौसम के बदलाव के बाद रविवार को अधिकतम तापमान में गिरावट आई 37 डिग्री से लुढ़क कर 35 डिग्री सेल्सियस पर आ टिका। वहीं न्यूनतम तापमान 18 डिग्री दर्ज किया गया।

लापता अधेड़ का शव खेत में मिला

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के कसेरूवा गांव से छह दिन पूर्व घर से लापता हुए अधेड़ का शव हुसेनगंज थाना क्षेत्र के सहिमापुर के पास गेहूं के खेत से पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कोतवाली के कसेरूवा गांव निवासी विनोद कुमार पासवान 26 मार्च की दोपहर अचानक घर से लापता हो गया था। परिजनो ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग न लगा। जिस पर 28 मार्च को कोतवाली में परिजनो ने गुमशुदगी की रिर्पोट दर्ज कराई। शनिवार की शाम कुछ लोगों ने मृतक के परिजनों ने जानकारी दिया कि एक शव सहिमापुर के समीप गेहूं के खेत में पड़ा है। जिस पर मौके पर पहुंचे परिजनो ने शव की पहचान किया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया।

शिक्षा में सरकार का योगदान बताया

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। पीपीएनएम इंटर कालेज नोनारा के पुर्नस्थापना समारोह के मौके पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भी शामिल हुए। उन्होंने जहानाबाद विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल के साथ संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। स्पीकर महाना ने इस दौरान शिक्षा के क्षेत्र में सरकार के योगदान की विस्तार से बताया।

त्रिवेणी ग्रुप आफ स्कूल के चेयरमैन प्रबोध मिश्रा, भाजपा विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, कानपुर भाजपा महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष रंजना उपाध्याय, कानपुर दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, ग्रामीण जिलाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, जिलाध्यक्ष दक्षिण बीना आर्या पटेल, प्रधानाचार्य सुनील सचान, व्यवस्थापक आशीष उत्तम, भाजपा नेत्री रेखा मिश्रा, जयंती वर्मा के अलावा परशुराम मिश्रा, आरसी त्रिपाठी, मनोज मिश्रा, जगदीश नारायण शुक्ल, प्रबंधक ललित पांडेय, उप प्रबंधक विकास शुक्ल आदि ने माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंट कर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का जोरदार स्वागत किया। वहीं विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यालय के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते हुए शिक्षा के क्षेत्र मे त्रिवेणी ग्रुप आफ स्कूल के चेयरमैन प्रबोध मिश्रा की सराहना करते हुए विद्यादान को सर्वश्रेष्ठ दान बताया। त्रिवेणी ग्रुप आफ स्कूल के चेयरमैन प्रबोध मिश्रा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस विद्यालय का शुभारंभ जो किया जा रहा है, उसके प्रेरणा स्रोत विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना हैं। जिनका हर समय सहयोग व आशीर्वाद मिलता रहता है। समारोह में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने समाजिक सरोकार से सम्बंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों की तालियां बटोरी।

कार्यक्रम में पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का किया गया स्वागत।

नौबस्ता घाट में चार दोस्त डूबे, तीन को बचाया, एक का पता नहीं लगा

खागा के खासमऊ से गए थे गंगा नहाने, गोताखोरों की मदद से पुलिस कर रही तलाश

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। गंगा नहाने गए चार दोस्त नदी में डूब गए। चीख पुकार सुनकर घाट पर मौजूद नाविकों ने पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों के मदद से पुलिस ने जाल डालकर गंगा नदी से तीन दोस्तों को बचा लिया। एक युवक का पता नहीं चल पाया है। गोताखोर की टीम उसकी तलाश में जुटी है।

खागा कोतवाली क्षेत्र के खासमऊ गांव के रहने वाले चार दोस्त प्रिंस सिंह पुत्र जसवीर सिंह (16), अनुज सिंह पुत्र उदयवीर सिंह (19), आकाश द्विवेदी पुत्र धर्मचंद (19) और अजय सिंह पुत्र जगत नारायण (19) रविवार सुबह सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के नौबस्ता घाट पर गंगा नदी नहाने गए थे। गंगा नदी में नहाते समय चारों दोस्त गहरे पानी में चले गए। इसी बीच प्रिंस सिंह गहरे पानी में डूबने लगा।जिसको बचाने के लिए तीन दोस्त एक दूसरे की मदद करते हुए पानी में डूब गए। डूबते समय चीख पुकार सुनकर घाट पर मौजूद नाविकों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से नदी में जाल डालकर तीन युवक अनुज सिंह,अजय सिंह और आकाश द्विवेदी को बचा लिया। नदी में डूबे प्रिंस सिंह के तलाश के लिए पुलिस गोताखारों के मदद से तलाश में जुटी रही। पुलिस के सूचना पर मौके पर पहुंचे डूबे युवक के परिजनों का हाल बेहाल है। थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि गंगा नदी में नहाते समय चार दोस्त डूब गए थे। जिसमें तीन युवकों को बचा लिया गया है और एक युवक की तलाश की जा रही है।

खागा से गंगा नहाने नौबस्ता घाट गए चार किशोर रविवार दोपहर में नदी में डूब गए। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तीन किशोरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वहीं एक किशोर की तलाश की जा रही है। घटना की जानकारी पर परिजनों में चीखपुकार मच गई।

गोताखोरों के साथ डूबे किशोर की तलाश करती पुलिस। अमृत विचार

जंगल में पेड़ से लटकता मिला मजदूर का शव

फतेहपुर। अपनी ससुराल में रह रहे मजदूर का शव जंगल में अमरूद के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटकता मिला। परिजन अंतिम संस्कार के लिए शव लेकर जा रहे थे। तभी किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

ललौली थाना क्षेत्र के मुत्तौर निवासी मजदूर प्रेम शंकर (58) करीब 30 साल से अपनी ससुराल थरियांव थाने के हाशिमपुर भेदपुर में रहते थे। वह शराब के लती थे। सुबह सात बजे वह जंगल गए थे। ग्रामीणों ने जंगल में अमरूद के पेड़ पर रस्सी के सहारे फंदे से शव लटकता देख परिजनों को खबर दी। सूचना पाकर पत्नी विमला देवी व बेटी पूनम देवी बेहाल हो गईं। ससुराल वाले अंतिम संस्कार के लिए शव लेकर जा रहे थे। तभी किसी ने संदेह होने पर पुलिस को सूचना दे दी।

ईद के लिए सजा कपड़ों का बाजार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- कपड़ों के अलावा अन्य सामग्री खरीदने में जुटे लोग
- रमजान माह का करीब आधा समय बीता, ईद की तैयारी

अमृत विचार। रमजान माह के बाद पड़ने वाली ईद को लेकर बाजारों में रौनक आने लगी है। होली के त्योहार के बाद अब रमजान व ईद के लिए बाजार पूरी तरह से सजे हुए हैं। रमजान के करीब बीस दिन पूरे होने के बाद बाजार ईद के लिए सज चुका है। जहां खरीदारों की भीड़ भी विभिन्न सामानों की खरीद करने के लिए जुट रही है। बाजार की भीड़ को देखकर दुकानदारों में भी खुशी दिखाई दे रही है। ईद के लिए दुकानदारों ने पहले से ही तैयारियां पूरी कर ली हैं।

हाल ही में होली का त्योहार समाप्त होने के बाद अब बाजार में ईद की तैयारियों के लिए बाजार सजे दिखाई दे रहे हैं। त्योहार को लेकर जहां दुकानदारों ने स्टाक करना शुरू कर दिया है वहीं बेहतरी की उम्मींदो के चलते बीते साल की अपेक्षा इस बार बेहतर तैयारियां की जा रही हैं। जूता, चप्पल व्यवसाई रईस ने बताया कि इस बार बीते साल की अपेक्षा अधिक आर्डर दिया गया है। गर्मी को देखते हुए पीहू चप्पलों के साथ अन्य का आर्डर बुक कराया है।

कपड़ा व्यवसाई शुभम का कहना है कि अधिकतर लोग रेडीमेड को महत्व देते हैं फिर भी तैयारियां पूरी की गई हैं। रेडीमेड व्यवसाई पीयूष ने बताया कि ईद के त्योहार को देखते हुए फैंसी कपड़ों का स्टाक अधिक किया गया है। खासकर बच्चों व युवतियों के लिए कढ़ाई वाले कपड़ों का आर्डर दिया गया है। ईद में नए कपड़े पहनने को लेकर टेलर्स की दुकानों में दिन-रात कारीगर काम करने में जुटे हुए हैं। जिससे लोगों को समय पर कपड़ा सिलाई करके दिया जा सके।

शापिंग मॉल में लोगों की भीड़। अमृत विचार

आठ साल की बच्ची के साथ दो बार किया गया दुष्कर्म, रिपोर्ट

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। आठ साल की एक बच्ची को पड़ोसी युवक ने टॉफी दिलाने के बहाने घर ले जाकर दुष्कर्म किया। उसके बाद फिर उसी दिन दोबारा गेंहू के खेत में ले जाकर दुष्कर्म करने के बाद किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घर पहुंची बच्ची ने दर्द बर्दाश्त नहीं कर पाने पर पूरी घटना मां को बताया। बेटी को थाने लेकर मां पहुंची और युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला अपनी बच्ची को लेकर रविवार को पुलिस अधीक्षक आवास पहुंची। प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि बुधवार के दिन वह गाजीपुर कस्बे में सीएचसी पर इलाज कराने गई थी। पति कस्बे में दुकान पर थे। उसकी आठ साल की बच्ची घर पर थी।

- दिन भर पीड़ित पक्ष को थाने में बैठाया, तब एफआईआर
- बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया, अब बयान होगा

गांव के एक युवक आरिफ ने बेटी को टॉफी दिलाने के बहाने अपने घर ले जाकर दोपहर में दुष्कर्म किया। उसके बाद बेटी घर आ गई और शाम को बिना कुछ बताए घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रही थी। तभी आरिफ दूसरी बार उसी दिन रात आठ बजे उसे पकड़कर ले गया और गेंहू के खेत में फिर से जबरन दुष्कर्म किया। बेटी ने चीखने की कोशिश की तो आरोपी युवक ने हाथ से मुंह को दबाकर दुष्कर्म कर डाला।

रात में बेटी घर चुपचाप आयी और सो गई। दूसरे दिन सुबह उठने पर बेटी की हालत ठीक नहीं होने पर पूछा तो बेटी ने पूरी घटना की जानकारी दी। देखा तो बेटी के प्राइवेट पार्ट से खून निकल रहा था। बेटी को लेकर थाने गई तो दिन भर थाना में बैठाने के बाद रात में रिपोर्ट दर्ज की। उसके बाद न ही मेडिकल कराया गया और न ही आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। मामले में थाने के उपनिरीक्षक ने बताया, बच्ची से दुष्कर्म के मामले में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी आरिफ की तलाश की जा रही है। बच्ची को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। अब बच्ची का बयान दर्ज होगा।

जहर खाकर बुजुर्ग महिला ने दी जान

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के इनायतपुर में रविवार की दोपहर मानसिक तनाव के चलते बुजुर्ग महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। इनायतपुर गांव निवासी शिवकुमार की पत्नी शिवकुमारी ने रविवार को मानसिक तनाव के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज दौरान उसने दम तोड़ दिया।

हत्या के प्रयास में गिरफ्तार

फतेहपुर। जहानाबाद पुलिस ने कानपुर जनपद के महाराजपुर थाना क्षेत्र के सरसौल निवासी मोहम्मद नसीम पुत्र सकूर मोहम्मद के खिलाफ हत्या के प्रयास के मामले में रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था।

सी-विजिल ऐप को चुनाव के दौरान बनाएं हथियार

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- शिकायतों को तत्काल किया जाएगा निस्तारण

अमृत विचार। लोक सभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता, व्यय संबंधी उलंघनों समेत चुनाव संबंधित विभिन्न शिकायतों के लिए सी-विजिल ऐप लांच किया गया है। जिसमें फोटो, वीडियो व कंटेंट किसी भी रूप में की गई शिकायत का जिला नियंत्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारी, फ्लाइंग स्क्वॉड या स्थैतिक निगरानी दलों द्वारा त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि सी-विजिल भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाया गया एक मोबाइल ऐप्लिकेशन है। जो स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संचालन में नागरिकों द्वारा निभाई जा सकने वाली सक्रिय व जिम्मेदार भूमिका पर जोर देती है। इसका उपयोग चुनाव की अधिसूचना की तारीख से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघनों की रिपोर्टिंग के लिए किया जा सकता है। इसके जरिए लाइव फोटो, वीडियो और ऐप के भीतर से ऑटो लोकेशन कैप्चर करता है, जिससे फ्लाइंग स्क्वॉयड को त्वरित कार्य करने के लिए डिजिटल साक्ष्य मिलना सुनिश्चित हो सके। बताया कि इस ऐप का उपयोग करके नागरिक राजनीतिक कदाचार की घटनाओं को देखते ही इसकी शिकायत कर सकते हैं। उन्हें रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में नहीं जाना पड़ेगा। शिकायत निस्तारण के के बाद जागरुक नागरिक को सौ मिनट के भीतर स्थिति के बारे में सूचित किया जाता है। सी-विजिल एप का उपयोग केवल आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित मामलों को दर्ज कराने के लिए किया जाना चाहिए।

सार-संक्षेप

एक्सपोजर विजिट पर बच्चों को घुमाया गया मनगढ़। अमृत विचार

परिषदीय बच्चों को एक्सपोजर विजिट में घुमाया मनगढ़

फतेहपुर। बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को एक्सपोजर विजिट पर प्रतापगढ़ जिले स्थित मनगढ़ आश्रम एवं कौशाम्बी के कई ऐतिहासिक स्थलों को भ्रमण कराया गया। वहां बच्चों ने हर स्थल को नजदीक से देखा। जिसे देखकर बच्चे काफी खुश दिखे। वहीं बच्चे अपने साथ गए शिक्षकों से स्थलों के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे थे। शिक्षक उनके प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा शांत कर रहे थे। जूनियर विद्यालयों के 140 बच्चों को एक्सपोजर विजिट पर ले जाया गया। बच्चों को जिला मुख्यालय से तीन बसों के द्वारा ले जाया गया। बीएसए पंकज यादव ने हरी झंडी दिखाकर बच्चों को रवाना किया। विजिट के दौरान बच्चों को स्वल्पहार एवं लंच पैकेट दिया गया। इस मौके पर जिला समन्वयक अखिलेश सिंह समेत अन्य तमाम शिक्षक शामिल रहे।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर। असोथर पुलिस ने खागा कोतवाली के नरवां धर्मगतपुर निवासी मुकेश कुमार उर्फ विक्रम लोधी पुत्र होरीलाल के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो व एससी एसटी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। रविवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

तमंचे के बल पर महिला से दुष्कर्म की रिपोर्ट

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के एक गांव में शौच को गई महिला से लौटते समय बाग में गांव के ही एक युवक ने तमंचे के बल पर दुष्कर्म किया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित महिला ने बताया कि वह सात जनवरी की शाम दैनिक क्रिया के बाद घर लौट रही थी। रास्ते में बाग के पास नफीस ने पकड़ लिया। उसे तमंचा दिखाकर जबरन दुष्कर्म किया। शोर सुनकर महिला का देवर भागकर मौके पर पहुंचा। उसे देखकर धमकी देकर भाग गया। महिला ने पुलिस को सूचना दी। इस बीच थाने से लेकर एसपी तक शिकायत की गई। कार्रवाई नहीं होने पर पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

सोशल मीडिया पर है प्रशासन की पैनी नजर

फतेहपुर। लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। सोशल मीडिया के माध्यम से किसी प्रकार से चुनाव में विघ्न पैदा करने की कोशिश न हो। इसको लेकर आयोग के निर्देश पर प्रशासन भी चौकन्ना हो गया है। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर सतर्कता बढ़ायी गयी है। इसके साथ ही यदि कहीं पर किसी प्रकार की खुराफात पैदा करने की कोशिश की गयी तो इसके लिए सीधे तौर पर ग्रुप एडमिन को जवाबदेह बनाया गया है। उनके खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। लोकसभा चुनाव में जिले में 20 मई को मतदान होगा।

चुनाव में लगे अधिकारी अन्ना मवेशी सड़कों पर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- अन्ना मवेशियों से लोगों को नहीं मिल पा रहा छुटकारा

अमृत विचार। शासन के निर्देशों के बावजूद अन्ना मवेशियों पर काबू नहीं पाया जा सका। अधिकारी लोकसभा चुनाव के काम में लगे होने की बात कह रहे हैं। वहीं सड़क से लेकर आम जनजीवन तक अन्ना मवेशी मुसीबत बने हुए हैं।

आवारा गोवंशों से किसान रतजगा करने के बावजूद अपनी फसलों को सुरक्षित नहीं कर पा रहे हैं। इतना ही नहीं खेतों से आवारा गोवंशों को भगाते समय भूख से हिंसक हो चुके किसानों पर हमला बोलकर घायल भी कर देते हैं। वहीं आवारा गोवंशों की दिनों दिन हो रही बढ़ोत्तरी से हाई-वे समेत शहर के प्रमुख मार्गो में दिन रात विचरण करने से तेज गति से चले आ रहे वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त होकर या तो मौत के मुंह में चले जाते हैं या फिर गंभीर रूप से घायल होकर दिव्यांग होकर दयनीय जीवन जीने को मजबूर हो जाते हैं। शासन ने आवारा गोवंशों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को पंचायत से लेकर नगरीय गोशालाओं में संरक्षित करने के निर्देश दिए थे। लेकिन जिम्मेदारों ने कुछ गोशालाओं में संरक्षण करके बाकी काम छोड़ दिया। इसके चलते आवारा गोवंशों की फौज किसानों से लेकर वाहन चालकों पर हमला बोलकर उन्हें नुकसान पंहुचा रही है। लोगों ने बताया कि अन्ना मवेशियों की समस्या पर नियंत्रण न होना किसानों से लेकर आम लोगों पर भारी पड़ रहा है। शहर में नगर पालिका द्वारा ऐसे मवेशियों को पकड़ कर गौशाला भेजा गया लेकिन फिर उनका विचरण देखा जा रहा है।

घर का ताला तोड़ जेवर-नकदी चोरी

फतेहपुर। चोरों ने रात में एक ट्रक चालक के घर को अपना निशाना बना डाला। सुबह हुई घटना की जानकारी पर हड़कंप मच गया। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह गोपालपुर मोड़ निवासी इमरान शाह ट्रक चालक हैं। वह काम पर और पत्नी नसीमा बेगम दो दिन पहले मायके मलवां थाने के चखेडी गांव गई थीं। पड़ोसियों ने दरवाजे पर लगा ताला टूटा देखकर परिवार को खबर दी। मायके से नसीमा घर पहुंची। नसीमा ने बताया कि दरवाजों में लगे ताले तोड़कर चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर पांच हजार रुपये नगद, करीब एक लाख रूपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर चुरा लिए। चौकी प्रभारी अविनाश मिश्रा ने बताया कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

बुखार, उल्टी-दस्त के मरीजों से वार्ड फुल

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। जिला अस्पताल में बीमारों के इलाज मे बड़ी लापरवाही हो रही है। इस समय मौसम में जो उतार चढ़ाव चल रहा है उससे अस्पताल के वार्ड बीमारों से फुल हो रहे हैं। प्रशिक्षु बीमारों को इंजेक्शन लगा रहे हैं। इस समय वार्डों में सबसे अधिक मरीज मौसमी बीमारियों के हैं। अब बच्चा वार्ड में भी मरीज शिफ्ट किए जा रहे हैं। मौसम इसी तरह से उतार चढ़ाव में रहा तो और भी लोग परेशान होंगे।

हर दिन जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर से लेकर मरीजों की डॉक्टर कक्ष तक भीड़ रहती है। रविवार को छुट्टी होने के चलते इमरजेंसी में मरीज पहुंचे। जिसमें उल्टी, दस्त, बुखार, खांसी, जुकाम के मरीज अस्पताल में इलाज के लिए आ रहे हैं। अस्पताल के वार्ड में जो मरीज भर्ती हैं उनमें भी मौसमी बीमारी के मरीज सबसे ज्यादा हैं। अब जब वार्ड फुल हो गया है तो ऐसे में मरीजों को दूसरे वार्डो में भी शिफ्ट किया जा रहा है। बच्चा वार्ड में भी मरीज भर्ती किए जा रहे हैं। बता दें कि कार्य दिवस वाले दिन डॉक्टर देर से बैठते हैं ऐसे में बीमारों को इलाज के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक फिजीशियन की ओपीडी में देखने को मिलती है। मरीजों को इंतजार के बाद इलाज मिलता है। हृदय रोग के डॉक्टर ने बताया कि मौसम में जो बदलाव हो रहा है इसके चलते लोग बीमार हो रहे हैं। बीमारो को बचाव के तरीके बताये जा रहे हैं और उन्हें खान पान को लेकर भी समझाया जा रहा है जिससे कि सेहत ठीक हो सके।

- बच्चों के वार्ड में शिफ्ट किए जा रहे बीमार

बेड पर नहीं बिछायी जाती चादर

अस्पताल में भर्ती मरीज के बेड पर हर रोज चादर बदली जानी चाहिए पर अस्पताल में ऐसा नहीं होता है। अधिकतर वार्डो में चादर बदलने में भी लापरवाही हो रही है। जिम्मेदार इस व्यवस्था को लेकर गंभीर नही हो रहे हैं जिसके चलते अधिकतर बेडों पर चादर बदली नही जाती। ऐसे में मरीज के तीमारदार को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सीएमएस ने बताया कि इस तरह की शिकायत उनके संज्ञान में नहीं है। वह इसको देखेंगे। जहां लापरवाही होगी कार्रवाई की जाएगी।

ओपीडी में मरीजों की भीड़

मौसम में जो बदलाव है उससे अस्पताल में भीड़ हो रही है। छुट्टी का दिन होने चलते रविवार को इमरजेंसी में दिखाने करीब आधा सैकड़ा से अधिक मरीज पहुंचे। इसमें ज्यादातर मरीज बुखार के शामिल हैं। उन्होंने मरीजों को देखा और बचाव के तरीके बताये।

उपेक्षा का दंश | गर्मी शुरू हो गई, लेकिन व्यवस्था नहीं सुधरी, तीमारदार खरीद रहे पानी

जिला अस्पताल के पंखे खराब, आरओ प्लांट बना शोपीस

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। सदर अस्पताल का गजब हाल है। यहां पर मेंटीनेंस के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। दरअसल ओपीडी की लॉबी हो या वार्ड, यहां टंगे पंखे मरीजों और उनके तीमारदारों को चिढ़ाने का काम कर रहे हैं। इतना ही नहीं अस्पताल की पेयजल व्यवस्था भी पूरी तरह से धड़ाम हो चुकी है। आलम यह है कि महिला अस्पताल के गेट पर बना आरओ प्लांट तीन साल से खराब पड़ा है। जिम्मेदार हर साल इसे ठीक कराने की बात कहते हैं लेकिन गर्मियों में मरीजों को बाहर का पानी ही खरीदकर तीमारदार पिला रहे हैं।

संयुक्त जिला अस्पताल में समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। कभी एक्सरे मशीन खराब हो जाती है तो कभी ओटी में लगी सी आर्म मशीन खराब रहती है। अस्पताल में पानी की स्थाई समस्या का समाधान नहीं हो सका है। इन समस्याओं को चलते आए दिन मरीज और तीमार दारो को परेशानी उठानी पड़ती है। गर्मी का मौसम शुरू हो गया है लेकिन अस्पताल में पानी की व्यवस्था न होने से मरीज और उनके तीमारदार परेशान हो रहे हैं । कहने को अस्पताल परिसर में सबमर्सिबल लगा है।

रविवार को आरओ प्लांट से लेकर वार्डों के बाहर लगे वाटर कूलर व अन्य स्थानों पर जो वाटर कूलर लगे हुए हैं वह सभी शोपीस बने हुए थे और मरीजों के तीमारदार बाहर से पानी लेकर आने को मजबूर हो रहे थे। अस्पताल में आए दिन होने वाली अव्यवस्थाओं को लेकर लोगों में काफी नाराजगी भी है उनका कहना है कि उच्चाधिकारियों को मरीजों के हित में अस्पताल की व्यवस्थाएं सुधारनी चाहिए। कई दिनों से पानी की समस्या जिला अस्पताल में गंभीर हो रही है लेकिन अस्पताल प्रशासन इसका निदान नहीं कर पा रहा है।

इस संबंध में सीएमएस डॉ पीके सिंह का कहना है कि आरओ प्लांट में कुछ कमी आ गई थी टेक्नीशियन को बुलाया था जो ठीक नहीं कर पाया दूसरे इंजीनियर को बुलाया गया है।

शोपीस बना जिला अस्पताल का आरओ प्लांट। अमृत विचार

पंखे न चलने से गर्मी से जूझ रहे मरीज। अमृत विचार

वार्डों के अधिकतर पंखे चलते नहीं

गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। बदलते मौसम के बीच लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। ऐसे में सुबह होते ही तीमारदार मरीजों को लेकर जिला अस्पताल का रुख करने लगते हैं। आलम यह है कि सुबह के नौ बजते-बजते यहां पंजीकरण खिड़कियां डॉक्टरों के रूम और इमरजेंसी वार्ड पर मरीजों की लंबी लाइनें लग जाती है। ओपीडी में डॉक्टर को दिखाने के लिए मरीज जल्दी-जल्दी अपना पंजीकरण करवाकर ओपीडी की लाबी पर पहुंचते हैं और डॉक्टरों के आने का इंतजार करते हैं। उधर वार्डों में भर्ती मरीज भी बिना पंखे के रहने को मजबूर हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

डीएम साहब, ऐसे कब तक निरस्त किए जाएंगे सुमंगला के आवेदन

दर्पण पोर्टल के मुताबिक जनपद में अब तक 7,112 आवेदन किए गए अस्वीकृत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अब ब्लाक सदर क्षेत्र के गोवा ग्राम पंचायत का मामला सामने आया
- बेटियों को आगे बढ़ाने वाली सीएम की योजना से अफसर कर रहे खिलवाड़

पोर्टल में सुधा का आवेदन बीडीओ कन्नौज ने निरस्त किया।



तिर्वा के आवेदन में लेखपाल ने लगाई गलत रिपोर्ट।



आईजीआरएस में सुमंगला की जगह प्रोबेशन विभाग ने पेंशन की लगाई रिपोर्ट।

अमृत विचार। बेटियों को आगे बढ़ाने वाली मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी कन्या सुमंगला योजना से जिले के कई अफसर-कर्मी खिलवाड़ कर रहे हैं। एक ओर तो योजना का प्रचार-प्रसार करने की बात कही जाती है तो दूसरी ओर आवेदनों को गलत तरीके से निरस्त करने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में एक और बेटी का ऑनलाइन आवेदन निरस्त कर उसका हक मार दिया गया। दर्पण पोर्टल में फरवरी की रिपोर्ट के मुताबिक अब तक 7112 आवेदनों को अस्वीकृत किया गया है।

ताजा मामला ब्लाक सदर कन्नौज क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोवा का है। गांव निवासी सुधा परमार ने बताया कि 23 जनवरी को बेटी ने जन्म लिया था। उसका नाम माधवी सिंह रखा गया। जनवरी में ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर दिया। ग्राम पंचायत सचिव आदि की जांच के बाद आवेदन बीडीओ के पोर्टल पर पहुंचा लेकिन उसे बेवजह निरस्त कर दिया गया। आवेदक सुधा का कहना है कि बेटी के जन्म के बाद पहले चरण का लाभ लेने से पहले ही बीडीओ स्तर से आवेदन निरस्त कर दिया गया। इससे कन्या का सरकारी हक मारा गया। बताया कि एक ओर तो मुख्यमंत्री योजना के तहत बजट बढ़ा रहे हैं तो दूसरी ओर आवेदनों को धड़ाधड़ निरस्त किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष के लिए अप्लीकेशन नंबर 2430B0000503 से आवेदन किया था।

जिस लेखपाल की गलती उसी को दे दी गई जांच

योजना के तहत तिर्वा कस्बे के दुर्गानगर मोहल्ले की आवेदक शुभा का आवेदन लेखपाल हृदेश पांडेय की गलत रिपोर्ट पर एसडीएम अशोक कुमार ने निरस्त कर दिया। जब पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई तो उसकी जांच आरोपी लेखपाल को ही दे दी गई। नियमों से अनजान लेखपाल ने अपनी गलती छिपाने के लिए गलत रिपोर्ट लगाकर आईजीआरएस का निस्तारण कर दिया। इसमें उनका साथ अधिकारियों ने भी बखूबी दिया। कारण, अफसरों के लिए कर्मचारी दुधारू गाय माने जाते हैं। योजना का लाभ छह चरणों में मिलता है। सभी चरण का लाभ लेने के लिए उससे संबंधित साक्ष्य पुराने आवेदन पर ही लगाकर उसे ऑनलाइन आगे बढ़ाना पड़ता है। लेकिन तिर्वा वाले प्रकरण में लेखपाल ने शासन के इस नियम को भी झुठलाकर आवेदन निरस्त कर दिया।

सुमंगला की मांगी जानकारी रिपोर्ट पेंशन की लगाई गई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। सरकारी विभागों के अफसर व कर्मचारी किस तरह काम करते हैं इसकी बानगी देखिए। तिर्वा निवासी शुभा ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की दूसरी किस्त न मिलने की जब पहली शिकायत प्रोबेशन विभाग में की तो उसका निस्तारण भी लापरवाही से किया गया।

इस वजह से एक ही तरह की शिकायतें बार-बार विभागों में पहुंचतीं हैं। मामला सुमंगला योजना का था, लेकिन आख्या में किसी दूसरे प्रकरण की शिकायतकर्ता बादाम पत्नी राधाचरन को शामिल कर दिया गया। इसमें निराश्रित महिला पेंशन का मामला दिखा दिया गया। साथ ही शिकायत निस्तारण से संतुष्ट होने की जानकारी भी दे दी गई। इसके बाद जब शुभा के पास लखनऊ से निस्तारण का फीड बैक मांगा गया तो उससे असंतुष्ट बताया गया। चूंकि निस्तारण रिपोर्ट में निराश्रित महिला पेंशन का मामला बताया गया था। इस वजह से दोबारा सही रिपोर्ट लगाकर निस्तारण किया गया।

योजना के जरूरी तथ्य

- 22,315 आवेदन हुए
- 7112 आवेदन अस्वीकृत किए गए
- 14,814 आवेदन जिले से स्वीकृत
- 389 आवेदन लंबित हैं
- 14,690 आवेदनों का भुगतान बिल जनरेटेड
- 58वी रैंक कन्नौज की प्रदेश में आई

नोट- सीएम डैशबोर्ड की रिपोर्ट फरवरी की है।

लश्करी तालाब की कराई गई नापजोख

छिबरामऊ। एक दुकानदार के कब्जा करने की जानकारी पर लेखपाल प्रशांत त्रिपाठी ने अधिकारियों को जानकारी देते हुए काम बंद करवा दिया। रविवार को पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे व अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने लश्करी तालाब पहुंच कर उसकी पैमाइश शुरू करा दी।

मोहल्ला कोलियान स्थित लश्करी तालाब को पालिका अपनी संपत्ति मान रहा है। इसी के पास नेहरू कालेज का कई दशक पुराना छात्रावास है। दोनों मालिकाना हक जता रहे है। विवाद के चलते जीटी रोड के दुकानदार दुकानों के पीछे कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं।

भाजपाइयों की पुलिस से तीखी झड़प

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- देर रात सदर कोतवाली में कार्यकर्ताओं ने काटा हंगामा
- बिना एफआईआर दर्ज किए जुआरियों को छोड़ने पर अड़े

अमृत विचार। जुआरियों को छुड़ाने गए भाजपाइयों की सदर कोतवाली में पुलिस से झड़प हुई। बताया जाता है कि एक सिपाही ने भाजपा के पदाधिकारी से हाथापाई कर दी, जिस पर कार्यकर्ताओं ने देर रात तक हंगामा किया। पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर निजी मुचलके पर उन्हें छोड़ दिया।

सदर कोतवाली के उपनिरीक्षक अजब सिंह ने ठकुराना मोहल्ले में एक खाली पड़े प्लाट में जुआ खेल रहे मोहल्ला कानून गोयान निवासी पवन मिश्रा, मोहल्ला सिपाही ठाकुर निवासी प्रथम सिंह, ठकुराना निवासी ओमजी, मोहल्ला चौहट्टा निवासी प्रवीण व गौरव मिश्रा को पकड़ लिया और कोतवाली ले आए।

जानकारी होने पर भाजपा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता रात में ही सदर कोतवाली पहुंच गए और प्रभारी निरीक्षक पर जुआरियों को छोड़ने का दवाब बनाया। पुलिस ने जुआरियों के पास से ताश की गड्डी और 2530 रुपये भी बरामद किए थे। इस पर कोतवाल ने बिना एफआईआर दर्ज किए छोड़ने से इन्कार कर दिया। इस पर भाजपाइयों की कोतवाल से बहस हो गई। उसी दौरान कोतवाल अपने आवास पर चले गए।

इसके बाद भाजपाइयों की एक सिपाही से बहस हो गई। बताया जाता है कि सिपाही ने भाजपा के एक पदाधिकारी से हाथापाई कर दी, जिस पर कार्यकर्ता भड़क गए और हंगामा किया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के बाद सभी जुआरियों को निजी मुचलके पर छोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह ने बताया कि कुछ लोग बिना एफआईआर जुआरियों को छोड़ने की सिफारिश कर रहे थे। इस बात को लेकर हंगामा किया था। हाथापाई होने के बारे में उन्हें जानकारी नहीं है।

जलालाबाद परिवार कल्याण में आगे

संवाददाता, जलालाबाद-कन्नौज

अमृत विचार। वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले डॉक्टर्स और स्वास्थ कर्मियों को सीएमओ डॉ. विनोद कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जलालाबाद चिकित्साधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि परिवार कल्याण कार्यक्रम में जलालाबाद सीएचसी ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके लिए सीएमओ डॉ. विनोद कुमार ने चिकित्सा अधीक्षक को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

बताया कि बीसीपीएम हुकुम सिंह को कम्युनिटी प्रोसेस में, नेहा यादव को नर्स मेंटर में, बीसीपीएम मयंक मिश्रा को डेटा मैनेजमेंट, राम देवी आशा को पुरुष नसबंदी आदि कार्यों में सहभागिता व उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

चिकित्साधिकारी को सम्मानित करते सीएमओ। अमृत विचार

- उत्कृष्ट कार्य के लिए स्वास्थ्य कर्मी सम्मानित

चिकित्साधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि 01 अप्रैल से ओपीडी का समय सुबह 08 बजे से लेकर दोपहर 02 बजे तक रहेगा। जबकि कार्यालय कर्मचारियों का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया है।

रंजिश में दबंगों ने युवक को पीटा

तिर्वा-कन्नौज। पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने युवक का रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट की। घटना में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

थाना ठठिया के रामनगर बस्ता गांव निवासी संतोष कुमार पुत्र मोहनलाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में रामनगर बस्ता गांव के ही निवासी शेरा पुत्र रतनलाल, रवि, मनोज, रामकुमार, छोटू पुत्रगण मिजाजीलाल ने रास्ता रोककर गालीगलौज की। जब उसने विरोध किया तो मारपीट कर उसे घायल कर दिया। क्षेत्रीय पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

'त्रिदेव' ने डाला समिति की जड़ों में मट्ठा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- चुनावी सभा में जमकर हुआ हंगामा, बैठक छोड़ गए सदस्य

अमृत विचार। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को दोपहर तीन बजे जैसे ही वरिष्ठ नागरिक समिति का वार्षिक चुनावी कार्यक्रम शुरू हुआ वैसे ही तीन पदाधिकारियों ने जबरदस्त हंगामा शुरू कर दिया।

करीब डेढ़ दशक से चल रही समिति के वरिष्ठतम संरक्षक बाबू केशवदास टंडन के कार्यालय पर 28 मार्च को हुई सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि वर्ष 2024-25 के चुनाव के लिए 29 व 30 मार्च को इसी कार्यालय से दोपहर 12 से शाम चार बजे तक नामांकन पत्र प्राप्त किए जा सकते हैं। 30 मार्च को शाम चार बजे तक बंद लिफाफे में नामांकन स्वीकारे जाने पर भी सहमति बनी थी। निर्धारित समय के अंदर मात्र छह लिफाफे ही प्राप्त हुए जबकि 31 मार्च को दोपहर 12 बजे के बाद तीन लिफाफे प्राप्त हुए। निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र प्रसाद वर्मा, जगपाल सिंह ने नियमावली बताई। इस पर वहां उपस्थित तीन पदाधिकारी हंगामा करने लगे। लेखा निरीक्षक वेदप्रकाश त्रिपाठी ने 'त्रिदेव' को आईना दिखाते हुए कहा कि इस आयु में नियम का पालन करना हम सब लोगों का धर्म है।

अगर हम लोग ही अधर्म का मार्ग अपनाएंगे तो हमारी संतान क्या करेंगी ? फिर भी वे इस तरह हंगामा करते रहे किसी के समझ में कुछ नहीं आ रहा था। वहां उपस्थित मीडिया प्रभारी प्रकाश शर्मा ने 29 मार्च का अखबार दिखाते हुए कहा कि अखबारों में खबरें छपी हैं जिसमें 30 मार्च को नामांकन का अंतिम दिन दर्शाया है। दो दिन पूर्व सभा में पहली बार आए वरिष्ठ सदस्य तथा इत्र कारोबारी सुबोध दीक्षित ने भी इसी तरह का हंगामा सुना था।

उन्होंने स्पष्ट मना कर दिया था कि जहां तथाकथित अपने वरिष्ठों का सम्मान नहीं कर सकते वहां वरिष्ठ नागरिक समिति का क्या काम? इस स्थिति को देखकर 20-22 सदस्य वहां से उठ कर चले गए।

फलस्वरूप बैठक संपन्न नहीं हो सकी। इस दौरान संरक्षक केशवदास टंडन, समिति के पूर्व अध्यक्ष स्मरजित अग्निहोत्री, प्रकाश शर्मा, शकील अहमद सिद्दीकी, मो. हनीफ, यतीश स्वरूप सक्सेना, अनीता सक्सेना, रामजी अग्रवाल, आईपीएस चौहान, वेदप्रकाश त्रिपाठी, रामचंद्र दोहरे, डॉ. नूरुल आदि मौजूद रहे।

बुराइयों का त्याग कर अच्छाई से जुड़ें

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को संत निरंकारी सत्संग में होली महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें तिर्वा के महात्मा भैया लाल ने कहा कि प्रभु सदैव भक्तों की रक्षा कर समाज से बुराई का अंत करता है। उसका रूप चाहे कोई भी हो। चाहे वह पिताजी, बहन, भाई किसी के द्वारा की जा रही हो। हमें बुराइयों का त्याग कर अच्छाइयों के साथ जुड़ना है।

कहा कि होली का पर्व नफरत मिटाकर प्रेम को स्थापित करने का संदेश देता है। होली हर इंसान के अंदर प्रेम का संचार करती हैं। होली मनाने का यही उद्देश्य है। संत सदैव ही दिलों की दूरियों को खत्म करके एक करने का काम करते हैं। यह सदैव प्रेम की भाषा सिखाते हैं। सत्संग में विपिन कुमार, राजेश, अशोक, आकाश, देवेन्द्र आदि रहे।

'निरंकारी मिशन में सिखाया जाता प्रेम भक्ति से जीना'

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के पूर्वी वाईपास स्तिथ संत निरंकारी सत्संग भवन में परम पूज्य महात्मा मुखी राजकुमार गुप्ता ने कहा कि निरंकारी मिशन में हर मनुष्य को प्रेम भक्ति से जीवन जीना सिखाया जाता है और सबका सम्मान करना भी। इससे पूर्व संचालक मनीष शाक्य ने सभी सेवादल को पीटी परेड करते हुए कहा की हर रविवार को सुबह 8 बजे से 9 बजे तक पीटी परेड चालू रहेगी, जिससे शरीर में स्फूर्ति रहे।

खेत में खड़ी फसल नष्ट करने के विरोध पर मारपीट

तिर्वा, कन्नौज। खेत में खड़ी फसल को नष्ट करने की शिकायत करने पर आरोपी रंजिश मानाने लगे। घटना के कुछ दिन बाद आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट कर लहूलुहान कर दिया।

ठठिया थाना क्षेत्र के तिलसरा गांव निवासी रजनीश द्विवेदी ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही निवासी एक परिवार के सदस्यों ने दस दिन पहले खेत में खड़ी फसल को नष्ट कर दिया। पुलिस से शिकायत करने की बात कही तो आरोपी मारपीट पर आमादा हो गए। इसी बात की खुन्नस में शनिवार की सुबह आरोपियों ने घर के दरवाजे पर बैठे भाई के साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। बीचबाचाव में बहन के साथ भी मारपीट कर दी।

सार-संक्षेप

अज्योरा, मदनापुर के देसी शराब ठेकों पर 14 दिन और बिक्री

तिर्वा, कन्नौज। देशी शराब की दो दुकानों का टेंडर न होने पर आबकारी विभाग ने शराब की बिक्री का समय 14 दिन बढ़ा दिया। इन पर दैनिक आधार पर शराब की बिक्री होगी। सरकारी अंग्रेजी व देसी शराब की दुकानों के लाइसेंस का प्रति वर्ष मार्च के अंत में नवीनीकरण कर दिया जाता है। जो लोग दुकानें लोग छोड़ देते हैं उनका दोबारा आबकारी विभाग के द्वारा लाइसेंस दिया जाता है। इस बार थाना ठठिया के अज्योरा व मदनापुर गांव मे खुली देसी शराब के दुकानों का टेंडर न हो पाने से फिलहाल विभाग ने लाइसेस अवधि समाप्त होने के बाद भी 14 दिन समय सीमा बढ़ाते हुए दैनिक आधार पर बिक्री की अनुमति दे दी। तिर्वा आबकारी अधिकारी स्वप्निल रावत ने बताया कि अज्योरा व मदनापुर गांव की देसी शराब की दुकानों का टेंडर नहीं हो पाया। शराब की बिक्री मे कोई रुकावट न आए इसके लिए विभाग की तरफ से 14 दिन दैनिक आधार पर बिक्री होगी। इसी बीच दुकानों का टेंडर भी किया जाएगा।

मंडी में टूटा पड़ा एचटी लाइन का तार, व्यापारियों में रोष

छिबरामऊ, कन्नौज। मंडी समिति में रविवार के दिन हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर गिर पड़ा। अवकाश होने से मंडी बंद थी इसलिए वहां कोई मौजूद नहीं था। तार टूटने से व्यापारियों ने रोष व्यक्त करते हुए बताया कि किसी और दिन तार टूटा होता तो कोई बड़ी दुर्घटना भी हो सकती थी। गल्ला आलू संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि मंडी समिति से निकले हाईटेंशन लाइन के तार को हटाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। इस संबंध में मंडी सचिव को प्रार्थना पत्र भी दिया गया था। सचिव ने एसडीओ को पत्र लिखकर मामले की जानकारी दी थी, लेकिन उसपर किसी प्रकार की कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई। रविवार को तार टूट कर गिर पड़ा। रविवार न होता तो विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। व्यापारियों ने पीवीसी लाइन अंडरग्राउंड डलवाए जाने तक मंडी समिति में लाइट नहीं चलने देने की चेतावनी दी है।

पालिका ने सही कराई खराब स्ट्रीट लाइट

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के नंगापुर्वा रोड स्थित अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार के आवास के सामने लगी खराब स्ट्रीट लाइट को पालिका टीम ने सही करा दिया। इसको लेकर अमृत विचार ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी के निर्देशन में प्रकाश व्यवस्था में लगी टीम के संजीव सिंह, जकील अहमद, अतीक, सोनू ने रविवार को खराब स्ट्रीट लाइट को बदल कर प्रकाश व्यवस्था को बहाल कर दिया। इसी के साथ मार्ग पर अंधकार की समस्या दूर हो गई।

दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

सौरिख-कन्नौज। दहेज में मोटरसाइकिल, पांच लाख नकद सहित जंजीर की मांग को लेकर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता के पिता ने थाने पहुंच प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। क्षेत्र की चपुन्ना चौकी के गांव लुखरिया निवासिनी आरती के पिता लवकुश ने बताया कि पुत्री की शादी तीन वर्ष पूर्व जनपद मैनपुरी के गांव गनेशपुर निवासी मनोज कुमार के पुत्र ऋतिक के साथ की थी। आरोप लगाया कि पुत्री के साथ आएदिन मारपीट कर भूखा प्यासा रखने लगे।

प्रेमिका के पति ने गोली मारी

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

अमृत विचार। प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमिका के पति ने प्रेमी को गोली मारकर घायल कर दिया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। ग्राम विशंभरपुर निवासी मोहनलाल का पुत्र सौरभ (26) रविवार देर शाम सड़क किनारे टहल रहा था। तभी बाइक सवार युवक ने उस पर गोली चला दी, जो कंधे के नीचे लगी। लोगों ने उसे नगर के सीएससी में भर्ती कराया। जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाल जेपी शर्मा ने बताया कि घायल युवक सौरभ का गांव की लड़की से प्रेम प्रसंग था। उसकी शादी फर्रुखाबाद जनपद में हो गई, लेकिन सौरभ ने बातचीत बंद नहीं किया। गुस्साए प्रेमिका के फर्रुखाबाद थाना मोहम्मदाबाद निवासी पति धीरज ने उसे गोली मारकर घायल कर दिया और फरार हो गया।

सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी मौसेरे भाई गिरफ्तार

संवाददातातिर्वा, कन्नौज

- तीसरे फरार आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

अमृत विचार। किशोरी को खेत पर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोपी दो मौसेरे भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना में फरार तीसरे आरोपी की पुलिस ने तलाश तेज कर दी।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शुक्रवार की रात उसके दो भाई पड़ोस के गांव मे हो रहे धार्मिक कार्यक्रम को देखने गए थे। रात करीब तीन बजे घर का दरवाजा खटखटाने की आवाज पर वह पहुंची। दरवाजा खुलते ही पहले से मौजूद महसौनापुर गांव निवासी अंशू यादव पुत्र शिव सिंह, मौसेरे भाई भुनियापुर निवासी रवि यादव पुत्र रामा यादव व दोस्त अमन यादव पुत्र सिपाहीलाल ने उसे दबोच लिया। इसके बाद गांव के बाहर मक्का के खेत में ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर तीनों घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। घायलावस्था में वह घर पहुंची और घटना की जानकारी परिजनों को दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। पुलिस ने रविवार को आरोपी अंशू यादव व उसके मौसेरे भाई भुनियापुर निवासी रवि यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल जेपी गंगवार ने बताया कि दो आरोपियों को पकड़कर जेल भेजा गया। तीसरे की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे पकड़कर जेल भेजा जाएगा।

आरोपी भाई।

चुनावी चर्चा | लोकसभा चुनाव में स्थानीय मुद्दों की अपेक्षा राष्ट्रीय मुद्दे हावी

अयोध्या में राम मंदिर बनि गओ..हमाए 15 लाख वसूल

संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां गांव के गलियारों और चौबारों तक तेज हो गईं हैं। स्थानीय मुद्दों की अपेक्षा राष्ट्रीय मुद्दे हावी हैं, लोग गांव-गली, सड़कों की बात करने की बजाय राममंदिर और अपराधियों के खात्मे पर बात कर रहे हैं। हास-परिहास के बीच तालग्राम क्षेत्र के गधैया ऊसर गांव में ग्रामीण कुछ इसी तरह बहस करते नजर आए। पेश है हमारे संवाददाता अभिषेक द्विवेदी की रिपोर्ट-

दोपहर 12 बजे। सूरज की तपिश तल्ख हो चुकी थी। छिबरामऊ से तालग्राम जाने वाली रोड पर सन्नाटा छाया था और इक्का-दुक्का ही वाहन निकल रहे थे। तालग्राम क्षेत्र के गधैया ऊसर गांव के बाहर एक चक्की पर कई लोग बैठे चुनावी चर्चा में मशगूल थे। यह गांव वैसे भी राजनीतिक रूप से चर्चा में है क्यों कि ब्लॉक प्रमुख सुमन सिंह भी इसी गांव की रहने वालीं हैं। चौपाल में उनके देवर अमित सिंह गौर भी कुर्सी पर विराजमान थे। महेंद्र सिंह जोर-जोर से चिल्ला रहे थे-'मोदी-योगी जैसे नेता कबहूं नाहीं मिलिहैं, दोनों अवतारी पुरुष हैं'। पिंकू ने बात काट दी-'सो का उनमैं ऐसो खास है'। जवाब देते हुए गोविंद सिंह बोले कि 'गुंडा-बदमाश बिल्कुल खतम करि दए, अब रात-बिरात चाहे जहां घूमो'। बबलू ने फिर सवाल किया कि 'मोदी नै तौ खाते में 15-15 लाख रुपये डरिवे की बात कही हती'। महेंद्र फिर बोल पड़े कि -'अयोध्या में राम मंदिर बनि गओ, हमाए 15 लाख वसूल हुइ गए'। विश्राम सिंह बोले-'और जे खातन में दो-दो हजार रुपया आउत हैं सो..ऐसेई मिलिहै रुपया'। समर्थन में अंगद सिंह बोले-'और का इकट्ठो थोड़े मिलिहै'। अमित सिंह भी बोले-'विकास भी खूब भओ देश मेंकश्मीर सै धारा 370 हटिबो कोई मामूली बात है का'। सभी ने एक स्वर में उनका समर्थन किया। गोविंद सिंह फिर बोले कि-'अब तौ देखौं हर गांव में पानी की टंकी बनन लगी और सड़कैं खूब बन रहीं'। बबलू बोले-'बात ठीक है तुम्हाई, लेकिन महंगाई भी तौ बढ़ रही खूब'। उनकी बात का रिंकू सिंह ने भी समर्थन किया और बोले-'जैसे आलू इस बार महंगो बिको, ऐसोई हर साल बिकै तौ मजा आई जाए'। महेंद्र सिंह जवाब देते हुए बोले-'कांग्रेस नै तो पूरो देश खोखला कर दओ हतो, मोदी वही भन्ना भर रहे अब लौं..अब गाड़ी रस्ता पे आई है'। बीच-बीच में हास-परिहास भी होता रहा और भगवान भाष्कर का मिजाज और भी तल्ख होने लगा था। सभी ने हैंडपंप से गला तर किया और 'राम-राम' कहते हुए घर चले गए।

तालग्राम क्षेत्र के गधैया ऊसर गांव में चुनावी चर्चा करते ग्रामीण। अमृत विचार

- तालग्राम क्षेत्र के गधैया ऊसर गांव में हास-परिहास के बीच चर्चा

रिजल्ट के साथ उपहार पाकर बच्चे गदगद

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- रोजवेल पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम
- कक्षा में प्रथम स्थाने पाए बच्चों को शील्ड व मेडल

अमृत विचार। नगर के पूर्वी बाईपास स्थित रोजवेल पब्लिक जूनियर हाईस्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

दिनेश चंद्र शुक्ला के संचालन में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीएसएफ जवान राज मंगल सिंह ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अबू बकर, माही, गौसिया सिद्दीकी, आस्था शुक्ला, कनस्क, उत्कर्ष यादव, वेदांशी सिंह, शिवा सिंह, जान्हवी श्रीवास्तव, जान्हवी पाल, अवंतिका श्रीवास्तव को मेडल व शील्ड प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य निखिल श्रीवास्तव, दिनेश चंद्र शुक्ला, चांद आलम, डॉ. दिनेश चंद्र, डॉ. इंतजार हुसैन, हुमैरा बेगम, कुलदीप गुप्ता, आर्येंद्र कुशवाहा आदि शिवम शुक्ला, विकास यादव, अपर्णा शुक्ला, प्रीती यादव, पारुल, विनीता, अंशिका यादव, इल्मा इदरीश आदि मौजूद रहे। रामकृष्ण नगर स्थित गीता इंटर कॉलेज में भी वार्षिक परीक्षा फल का वितरण किया गया। प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह, प्रबंधक रामनाथ ने छात्र-छात्राओं को अंक पत्र व शील्ड प्रदान की। इस दौरान शिक्षक रामसिंह, सुभाष चंद्र पाल, रविकांत, दीपचंद प्रजापति, प्रदीप श्रीवास्तव, विजय आदि मौजूद रहे।

छात्रा को परीक्षाफल व शील्ड देते प्रबंधक। अमृत विचार

देर रात तक खुला रहा कोषागार, 45.9 करोड़ के भुगतान

विभागों के बिल पास करने में जुटे रहे ट्रेजरी के कर्मचारी, पीडब्ल्यूडी को 10 करोड़ दिए, मेडिकल कॉलेज को दो करोड़ का भुगतान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। चालू वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन जिला कोषागार में देर रात तक सरकारी विभागों के बिल पास होते रहे। इस दौरान विभिन्न विभागों को करीब 45.9 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। इसमे सबसे अधिक लोक निर्माण विभाग को आठ करोड़ तो डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर चिकित्सा महाविद्यालय को दो करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। देर रात तक ट्रेजरी के कर्मचारी विभागों के बिल पास कर ट्रांजेक्शन करने में जुटे रहे।

रविवार को साप्ताहिक अवकाश होने के बाद भी सभी सरकारी दफ्तर खुले रहे और वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन होने के कारण लिपिक व लेखा कर्मचारी क्लोजिंग में जुटे रहे। वहीं, कलेक्ट्रेट स्थित जिला कोषागार में भीड़ रही। सभी सरकारी विभागों के कर्मचारी बिल पास कराने के लिए देर रात तक डटे रहे। सहायक जिला कोषाधिकारी एनके सिंह के नेतृत्व में सभी काउंटरों पर साल भर के बिलों को पास कर उनका भुगतान किया गया।

इसमें स्वास्थ्य विभाग, संयुक्त जिला चिकित्सालय, लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड, निर्माण खंड व निर्माण खंड-1, डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर चिकित्सा महाविद्यालय, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग सहित कई अन्य विभागों के बड़े बजट होने के कारण बिलों को पास करने में देरी हुई। जो बिल पास हो गए, उनके भुगतान की प्रक्रिया शाम को शुरू हुई।

जिला कोषागार में विभागों के बिल पास करते कर्मचारी। अमृत विचार

त्रुटियों के कारण कई विभागों के बिल वापस

कोषागार में ऑनलाइन फीडिंग के दौरान कई सरकारी विभागों के बिलों में त्रुटियां मिलीं, जिस पर उन्हें वापस कर सुधार करने के लिए कहा गया। ऐसे में बाबुओं को कलेक्ट्रेट के कई चक्कर लगाने पड़े। शासन ने रात 9 बजे तक सभी बिलों के भुगतान की गाइडलाइन जारी की थी। लिपिक अनुराग सिंह ने बताया कि जो धनराशि विभागों के खातों में पड़ी थी, वह वहीं से सीधे सरेंडर की गई है, जिसकी जानकारी ट्रेजरी विभाग को नहीं है।

वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन सर्वर ने दिया धोखा

रविवार को वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन बीएसएनएल के सर्वर ने भी धोखा दिया। दिन में कई बार सर्वर फेल होने से ट्रेजरी का काम रुक गया। जब काफी देर तक सर्वर नहीं आया तो ट्रेजरी को एनआईसी के सर्वर से जोड़ा गया। इससे करीब दो घंटे काम बाधित रहा। कर्मचारियों ने बताया कि आए दिन बीएसएनएल का सर्वर दगा दे जाता है। कई बार इस बारे में बीएसएनएल के अधिकारियों को बताया गया, लेकिन कोई सुधार नहीं हो रहा है। एनआईसी के सर्वर से फीडिंग और भुगतान का काम करना पड़ रहा है।

वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन करीब 46 करोड़ रुपये के बिल पास कर उनका भुगतान कर दिया गया। यह धनराशि ई-कुबेर प्रणाली के माध्यम से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सरकारी विभागों के खातों में सीधे हस्तांतरित की गई। जिन विभागों का बजट अधिक था, उनके बिल पहले पास किए गए हैं।

-अनिल कुमार मिश्र, वरिष्ठ कोषाधिकारी

- कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार में लगी रही भीड़, क्लोजिंग में जुटे रहे कर्मचारी

अंतिम दिन तक 4.15 लाख संपत्ति कर जमा

गुरसहायगंज। वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन कर जमा करने वालों की भीड़ देर शाम तक पालिका परिसर में लगी रही। इसमें संपत्ति कर को लेकर आई समस्याओं का निस्तारण कर राजस्व जमा कराया गया।

रविवार को नगर पालिका परिसर में सुबह से ही जल कर व संपत्ति कर जमा करने वालों की भीड़ लगना शुरू हो गई। अंतिम दिन होने के कारण लोगों ने देर शाम तक बकाया जमा किया। अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि 31 मार्च तक 04 लाख 15000 रुपये संपत्ति कर नगर पालिका परिषद कार्यालय में जमा कराया गया है। जो अब के इतिहास में सर्वाधिक है। संपत्ति कर सर्वे के लिए लगाई गई टीम ने रिपोर्ट पालिका को प्रस्तुत की थी। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि आवेदन पत्र डीसीआर पर चढ़ाए जाएंगे। जिन नागरिकों ने अपनी आपत्ति दाखिल नहीं कि उनका संपत्ति कर डिमांड के अनुसार जमा कराया जाएगा। इस दौरान पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, राजेश वर्मा, पूजा तिवारी, शैलेंद्र यादव, वीर सिंह, राजेश प्रजापति, मनोज तिवारी, अमन कठेरिया आदि मौजूद रहे।

विकास भवन में सीवीओ कार्यालय में कार्य करते कर्मचारी। अमृत विचार

वित्तीय वर्ष के समापन वाले दिन खुले रहे कई दफ्तर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- रविवार को नहीं दिखा साप्ताहिक अवकाश का असर

अमृत विचार। वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतिम दिन जिलेभर के कई सरकारी कार्यालय खुले रहे। 31 मार्च को रविवार होने के बाद भी साप्ताहिक अवकाश का असर नहीं दिखा। अधिकारी व कर्मचारी काम में जुटे रहे। इस दिन पूरा बजट खर्च करना होता है। अगर ऐसा नहीं हो पाता है तो बजट को लौटा दिया जाता है।

विकास भवन का नजारा रविवार को अन्य दिनों की तरह ही दिखा। पशु पालन विभाग के कार्यालय में कर्मचारी काम निपटाते रहे। इसी तरह जिला पंचायती राज कार्यालय, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला युवा कल्याण कार्यालय, उद्यान विभाग, जिला ग्राम्य विकास कार्यालय, सीडीओ स्टेनो कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी व अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय में कामकाज चलता रहा। ज्यादातर विभागों के अफसर भी मौजूद रहे। बताया गया है कि योजनाओं के तहत जो बजट आता है, उसे संबंधित को दिया जाना होता है। कई मदों व बिलों में जो खर्च होता है, उसका भी भुगतान करना होता है। जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय में भी बीएसए व कई कर्मचारी काम में जुटे रहे।

मुख्तार अंसारी की मौत की हो न्यायिक जांच

संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज

- राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के स्थापना दिवस समारोह में की गई मांग

अमृत विचार। मुख्तार अंसारी की मौत पर जिस तरह सरकार बयान दे रही है, उससे लगता है कि कहीं कुछ गड़बड़ है। इसकी जांच होनी चाहिए। यह बात राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतर सिंह पाल ने पार्टी के 10वें स्थापना दिवस पर लोकभारती इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के बीच कही।

उन्होंने कहा कि पहले हमारा आईएनडीआईए से गठबंधन हो रहा था, लेकिन अब वह पूरे प्रदेश में अकेले ही कार्यकर्ताओं और जनता के भरोसे पर चुनाव लड़ेंगे। कन्नौज लोकसभा सीट से भी पार्टी दमदारी से चुनाव लड़ेगी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आलोक वर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा या पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी सीबी सिंह में से कोई एक व्यक्ति प्रत्याशी हो सकता है। 2024 लोकसभा चुनाव के लिए मेरठ, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, बदायूं, जालौन, कुशीनगर, देवरिया, फर्रुखाबाद, एटा में प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। शीघ्र ही कन्नौज, अकबरपुर, शाहजहांपुर, फतेहपुर, झांसी, इटावा, मैनपुरी, रायबरेली से पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता पूरी ताकत से चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरज पाल सिंह, नरेश बघेल सहित कई लोग मौजूद रहे।

वार्ता में मौजूद राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के पदाधिकारी। अमृत विचार

छात्र-छात्राओं की बस को रवाना करते खंड शिक्षा अधिकारी। अमृत विचार

एक्सपोजर विजिट के लिए विज्ञान भवन गए बच्चे

सौरिख-कन्नौज। बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत 100 से अधिक छात्रों का एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट के लिए विज्ञान भवन लखनऊ भेजा गया। ब्लॉक संसाधन केंद्र सौरिख पर रविवार को खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश सिंह के नेतृत्व में बच्चों की बस को रवाना किया गया। विजिट में छात्र-छात्राएं विज्ञान से संबंधित जानकारी हासिल करेंगे। इस मौके पर नोडल अशोक कुमार, गिरजेश सिंह, नैमिष द्विवेदी, हिमांशु प्रताप सिंह, नीरज यादव, संदीप यादव, प्रवीण यादव, आशुतोष गुप्ता शांति यादव प्रीति शर्मा सहित संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

देवालयों में मनाया जाएगा रामोत्सव

गुरसहायगंज। ग्राम तेराजाकेट स्थित गेस्ट हाउस में रविवार को विश्व हिंदू परिषद की जिला स्तरीय बैठक हुई। रामोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए रणनीति तय की।

विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री अवधेश ने बताया कि रामोत्सव को लेकर 09 से 17 अप्रैल के बीच नगर सहित क्षेत्र के देवालयों में धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। मंदिरों में श्री रामचंद्र को चित्र लगाकर पूजा अर्चना होगी। सीता नवमी पर भी धार्मिक आयोजन होगा। कहा कि संगठन के पदाधिकारी श्रीराम के आदर्शों को पहुंचाने का कार्य करें। 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती पर समरसता दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान जिला कार्याध्यक्ष नीरज मिश्रा रहे।

चार दिन में बढ़ा तीन डिग्री तापमान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दक्षिण-पश्चिम हवा के प्रभाव से रात को वातावरण में रहती है ठंडक

अमृत विचार। मौसम का मिजाज अब तल्ख होने लगा है। पिछले चार दिन में दिन का अधिकतम तापमान चार डिग्री बढ़ने से मार्च में ही मई-जून की गर्मी का अहसास होने लगा है। वहीं, दक्षिण-पश्चिम हवा के प्रभाव से रात को वातावरण में ठंडक होने से लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अप्रैल में हीट वेब की आशंका व्यक्त करते हुए चेतावनी जारी की है।

रविवार को दोपहर में तेज गर्मी थी। कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम विभाग ने दिन का अधिकतम तापमान 36.7 डिग्री रिकॉर्ड किया है, जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक है। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान



17.3 डिग्री रहा। इसका असर यह हुआ कि दोपहर के समय सूरज की तपिश ने लोगों को घरों में कैद कर दिया। यही, वजह थी कि बाजारों और सड़कों पर चहल-पहल कम दिखाई दी। दुकानों पर भी सन्नाटा छाया रहा। मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि इस समय पश्चिमी विक्षोभ शांत है। दक्षिण-पश्चिम हवा के चक्रवाती परिसंचरण के कारण दिन में तापमान अधिक हो जाता है और रात को गिर जाता है। इससे लोगों के स्वास्थ्य और फसलों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अप्रैल में अधिक गर्मी पड़ने की संभावना है।

बदलते मौसम में रखें स्वास्थ्य का ख्याल

जिला अस्पताल के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. रवि शर्मा ने बताया कि दिन में गर्मी और रात में सर्दी होने से लोगों को खांसी-जुकाम की अधिक शिकायत हो रही है। ऐसे मौसम में ठंडा पानी या कोल्ड ड्रिंक न पीयें। देर तक रखे हुए कटे फल नहीं खाना चाहिए। डायरिया से बचने के लिए दिन में पानी पियें। बदलते मौसम में स्वास्थ्य का ख्याल रखें।

सार-संक्षेप

मझपुर्वा रेलवे क्रासिंग के निकट भाजपा का प्रचार करती वाल पेंटिंग।

आचार संहिता की धज्जियां उड़ा रही प्रचार सामग्री

गुरसहायगंज, कन्नौज। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद प्रचार सामग्री को हटवाने का अभियान चला लेकिन अभी भी नगर सहित क्षेत्र में कई जगह पोस्टर और वाल पेंटिंग पार्टियों का प्रचार कर रही हैं। आचार संहिता लगने के बाद प्रशासन के द्वारा नगर के मुख्य मार्ग, प्रमुख तिराहा, चैराहा पर लगे बैनर पोस्टर उतरवाए गए थे। अंदर बस्तियों में विद्युत पोल पर पार्टियों के पोस्टर व वाल पेंटिंग अभी भी प्रचार प्रसार कर रहे हैं। राजनैतिक दलों के लोग वोटरों को लुभाने में भी जुट गए है। गली मोहल्लों सहित घरों पर लगी प्रचार सामग्री अभी भी आचार संहिता की धज्जियां उड़ा रही है।

सड़क दुर्घटनाओं में महिला सहित चार घायल

छिबरामऊ, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला सहित चार लोग घायल हो गए। मोहल्ला बजरिया निवासी अनिल कुमार पुत्र राधेश्याम, मोहल्ला असालत नगर निवासी निर्मला देवी पत्नी मनोज कुमार, थाना बेवर क्षेत्र निवासी युवराज पुत्र जगत प्रताप के अलावा शनि चौहान सड़क दुर्घटनाओं में घायल हो गए। राहगीरों की मदद से सभी को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया।

ब्रह्मदेव मंदिर से घंटा और सबमर्सिबल पंप चोरी

कन्नौज। मानीमऊ क्षेत्र में पुलिस द्वारा लगवाए गए सीसीटीवी कैमरे बंद होने का फायदा उठाकर चोरों ने ब्रह्मदेव मंदिर का घंटा चोरी कर लिया और पास ही स्थित मार्केट से सबमर्सिबल पंप खोल ले गए। इस घटना से स्थानीय दुकानदारों में रोष व्याप्त है। घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। जीटी रोड पर मोचीपुर रेलवे क्रॉसिंग के निकट ब्रह्मदेव का मंदिर है। चोरों ने शनिवार रात मंदिर में लगा करीब तीन किलोग्राम वजनी पीतल का घंटा चोरी कर लिया। सुबह जब भक्त मंदिर में दर्शनों के लिए गए तो घटना की जानकारी हुई। पास में ही स्थित एक निजी मार्केट में लगी सबमर्सिबल पंप भी बोरवेल से गायब थी। मार्केट स्वामी ग्राम कपूरापुर निवासी अधिवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे रेलवे क्रासिंग पर लगवाए थे, लेकिन वह काम नहीं कर रहे हैं। मानीमऊ चौकी प्रभारी अमित पोरवाल ने मौके पर जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि घटना की एफआईआर दर्ज कर जल्द ही चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

घर में घुसकर भाइयों को पीटा

कन्नौज। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरायनपुरवा निवासी हीरालाल ने बताया कि 26 मार्च को गांव के ही रामलखन पुत्र चुन्नीलाल, रामू, करन, संजीव ने रंजिश के चलते उसके घर में घुसकर लाठी-डंडे व चाकू से हमला बोल दिया। बचाने आए भाई अखिलेश को भी घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

आज से नए शैक्षिक सत्र में आठ बजे से परिषदीय स्कूल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दोपहर दो बजे तक होगी पढ़ाई, सुबह साढ़े 10 बजे से 30 मिनट का लंच

अमृत विचार। आज पहली अप्रैल है। इस दिन से प्राथमिक, जूनियर व माध्यमिक विद्यालयों में नया शैक्षिक सत्र शुरू हो जाएगा। मदरसों में भी यही व्यवस्था लागू होगी। पहले दिन से परिषदीय स्कूलों का समय भी बदल गया है। सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक शिक्षण कार्य चलेगा।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बताया कि पहली अप्रैल से 30 सितंबर तक परिषदीय स्कूलों का समय सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक रहेगा। विद्यालय खुलने के बाद प्रार्थना सभा व योगाभ्यास 15 मिनट तक होगा। उसके बाद कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। मिड-डे मील का समय सुबह साढ़े 10 से 11 बजे तक रहेगा। बीएसए ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम पर भी जोर देने को कहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व निपुण भारत के तहत पूर्व प्राथमिक शिक्षा को मूलभूत साक्षरता के पहले सोपान के रूप में चिह्नित किया गया है। एनसीईआरटी की ओर से 12 सप्ताह के विद्या प्रवेश के रूप में गतिविधि आधारित शिक्षण को कक्षा एक में संचालित किया जाएगा। शैक्षिक सत्र 2024-25 में भी स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम एक अप्रैल से शुरू होगा।

इस तरह होगा 12 सप्ताह का स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम

- एक से 15 अप्रैल तक कक्षा एक में बच्चों का प्रवेश, अभिभावकों का अभिमुखीकरण एवं अन्य तैयारियां।
- 15 अप्रैल से अगस्त के तीसरे सप्ताह तक स्कूल रेडीनेस गतिविधि कलेंडर 2024-25 का कक्षा एक में संचालन।
- अगस्त अंतिम सप्ताह से सितंबर पहले सप्ताह तक स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम समाप्त होने पर अभिभावकों के साथ बैठक कर बच्चों की प्रगति बताना।

शासनादेश में दीक्षा पोर्टल का भी जिक्र

दीक्षा पोर्टल पर 12 सप्ताह के स्कूल रेडीनेस कोर्स एक, दो व तीन के नोडल शिक्षक संकुल, नोडल अध्यापक एवं प्रधानाध्यापक पूरा करेंगे। 20 मार्च से पांच अप्रैल तक कोर्स प्रथम और पांच अप्रैल से 15 अप्रैत के बीच कोर्स दो व तीन चलेगा। दूसरी ओर आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं का भी सहयोग 12 सप्ताह के कार्यक्रम में लिया जाएगा। पांच से छह वर्ष के बच्चों के अभिभावक भी बैठक में शामिल होंगे।

कचहरी परिसर में दबंगों ने अधिवक्ता को पीटा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। मुकदमे की पैरवी में सीजेएम कोर्ट जा रहे अधिवक्ता पर दबंगों ने कचहरी परिसर में ही घात लगाकर हमला कर दिया। आरोपियों ने उनसे मारपीट की और चाकू मारकर घायल कर दिया। इससे कचहरी परिसर में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टिकरा निवासी अधिवक्ता पंकज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शनिवार को वह दिन के 12 बजे के करीब अपने चेंबर से सीजेएम कोर्ट में एक मुकदमे की पैरवी के सिलसिले में जा रहे थे। जैसे ही वह कैंटीन के सामने पहुंचे तो पहले से घात लगाए बैठे ग्राम टिकरा निवासी रचित उर्फ संकल्प व सुंदरम पुत्र आदेश तथा छिबरामऊ के मोहल्ला सराफान निवासी विनीत चतुर्वेदी ने हमला बोल दिया। इन लोगों ने मारपीट कर चाकू से वार किया, जिससे वह घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।

दिलचस्प आयोजन | प्राथमिक स्कूल हरीपुर्वा में बच्चों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

बच्चों के साथ कैटवॉक करने मां, बुआ व दादी भी रैंप पर उतरीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। रैंप पर उतरकर स्टाइलिश वॉक (कई तरीके से चलना) व कैटवॉक करना अब शहर में ही नहीं बल्कि गांव में भी देखा जा सकता है। विद्यालय में बच्चे ही नहीं महिलाएं भी रैंप पर उतरीं। इसमें छात्र-छात्राओं की माताएं, बुआ व दादी भी शामिल रहीं। हौसलाफजाई करने के लिए छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।

दरअसल, ब्लॉक उमर्दा क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल हरीपुर्वा में शैक्षिक सत्र 2023-24 के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इस दौरान कई नए आयोजन भी हुए। एक छात्रा ने नृत्य करते हुए मैंने चूड़ी है खनकाई अब तो आ जा रे हरजाई... गीत गाकर तालियां बटोरीं। इसके अलावा छात्रों ने रैंप पर उतरकर जलवे बिखरे।

छात्राओं की भी टोली इसमें पीछे नहीं रही। इसके अलावा गांव की कई महिलाएं भी रैंप पर उतरीं और हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया। गांव की परंपरा के मुताबिक इसमें कुछ महिलाएं घूंघट भी किए थीं। रैंप पर उतरने वाले कई बच्चे चश्मा भी लगाए थे।

प्रधानाध्यापक प्रदीप सिंह ने बताया कि विद्यालय परिवार ने मेहनत कर कार्यक्रम को सफल बनाया है। इसमें विद्यालय प्रबंध समिति का भी सहयोग रहा। इस मौके पर अपर्णा पांडेय, प्रिया, आदित्य कुमार, नेहारानी, कृष्ण बाबू, रामनरेश, जयवीर व ऊषा देवी मौजूद रहीं।

प्राथमिक स्कूल हरीपुर्वा में रैंप पर उतरे छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

शिक्षक, कर्मियों की पत्रावलियां मंजूर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षा विभाग से संबंधित 22 शिक्षक व कर्मचारी भी शैक्षिक सत्र के समापन पर सेवानिवृत्त हो गए। उनकी जीपीएफ व पेंशन की पत्रावलियां जिले से स्वीकृत कर दी गईं। रिटायर होने के दौरान कई स्थानों पर कार्यक्रम कर विदाई दी गई।

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि सहायता प्राप्त माध्यमिक स्कूलों के चार प्रधानाचार्य, इतने ही प्रवक्ता व तीन सहायक अध्यापक रिटायर हुए। राजकीय विद्यालयों के भी प्रधानाध्यापक व शिक्षक कुल दो लोग सेवानिवृत्त हुए। इसके अलावा नौ शिक्षणेत्तर कर्मचारी भी सेवा आयु पूरी किए। डीआईओएस ने बताया कि जीपीएफ व पेंशन की पत्रावलियां मंडल स्तर पर भेज दी गईं हैं। दूसरी ओर सौरिख ब्लॉक क्षेत्र के किसई जगदीशपुर स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक राजेश्वर सिंह के रिटायर होने पर विदाई समारोह हुआ।


किसई जगदीशपुर में प्रधानाध्यापक राजेश्वर सिंह को पुष्प देती छात्रा।

यह प्रधानाचार्य हुए सेवानिवृत्त

डीएन इंटर कॉलेज तिर्वा के प्रधानाचार्य सुधीर सिंह, ऋषि भूमि इंटर कॉलेज सौरिख के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह यादव, केएस हायर सेकेंड्री स्कूल मकरंदनगर के कार्यवाहक प्रधानाचार्य बालजीत वर्मा व आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज चपुन्ना के कार्यवाहक प्रधानाचार्य दया सिंह भी सेवानिवृत्त हो गए। इसके अलावा एसबीएस इंटर कॉलेज के प्रवक्ता राजीव यादव, सहायक अध्यापक आनंद बाबू यादव, अहिवरन सिंह राजपूत, केके इंटर कॉलेज में प्रवक्ता राजेश त्रिवेदी व मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गुरसहायगंज से सहायक अध्यापक भोलानाथ त्रिपाठी रहे।

बिना एस्टीमेट किया नलकूप का कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र के गांव हरदुआ में आठ साल पहले बिना एस्टीमेट पास कराए बिजली अधिकारियों की सांठगांठ से नलकूप का कनेक्शन कर दिया गया। आईजीआरएस से शिकायत हुई तो अधिकारी चेते।

रविवार को आनन-फानन में गुपचुप तरीके से नलकूप का ट्रांसफार्मर जिला मुख्यालय स्थित स्टोर रूम में लाकर अधिकारियों ने जमा करवा दिया। हालांकि वर्कशाप और स्थानीय अवर अभियंता एक-दूसरे के पाले में गेंद डालकर बच रहे हैं। यूपी पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष आशीष गोयल और एमडी पंकज कुमार को आईजीआरएस पर की गई शिकायत में कहा गया कि गांव हरदुआ निवासी निर्मला देवी पत्नी बदन सिंह यादव का नलकूप कनेक्शन वर्ष 2016 में बिजली अधिकारियों की सांठगांठ से कर दिया गया। कनेक्शन का कोई इस्टीमेट पास नहीं हुआ। शिकायत के बाद अधिकारियों फर्जी निस्तारण की रिपोर्ट भेज दी। शिकायतकर्ता ने फिर से आईजीआरस के माध्यम से शिकायत कर दी।

बिना ट्रांसफार्मर के ग्राम हरदुआ में खड़े पोल।

- **शिकायत पर रविवार को जिला मुख्यालय पर जमा कर दिया ट्रांसफार्मर**

बोले जिम्मेदार

हरदुआ निवासी निर्मला देवी पत्नी बदन सिंह के नलकूप कनेक्शन की शिकायत आईजीआरएस के माध्यम से की गई थी, जिसको संज्ञान में लिया गया है। ट्रांसफार्मर उतारे जाने की उन्हें कोई जानकारी नहीं है। इसे दिखवाता हूं। गंभीरता से जांच करवाई जाएगी, जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

अजय कुमार, अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मंडल फर्रुखाबाद

स्थानीय जेई हरदुआ से ट्रांसफार्मर स्टोर रूम उतारकर लाए हैं। उनके यहां ट्रांसफार्मर जमा नहीं किया गया। स्टोर में जमा हुआ होगा। इसके अलावा उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

सत्यप्रकाश, एसडीओ, स्टोर रूम बिजली विभाग भोलेपुर

पुलिस ने चार वारंटी किए गिरफ्तार

फर्रुखाबाद। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना शमसाबाद पुलिस द्वारा 2 नफर वारण्टी को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार वारण्टी आस्वाद पुत्र नौशाद निवासी चिलसरा थाना शमशाबाद व नौशाद पुत्र अली हसन निवासी चिलसरा थाना शमशाबाद है। इसीतरह थाना मऊदरवाजा पुलिस ने मोहम्मद इकबाल पुत्र स्व. लतीफ निवासी मोहल्ला तकिया नशरत शाह थाना मऊदरवाजा आशीष अग्निहोत्री निवासी मोहल्ला बजरिया सालिंगराम थाना मऊदरवाजा को गिरफ्तार किया गया।

फंदे से लटका मिला युवक का शव

संवाददाता कायमगंज, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। चार दिन पहले ही घर आए श्रमिक का शव गांव के पास एक आम के बाग में फांसी के फंदे पर लटका मिला। बताया कि कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव रजपालपुर निवासी रामलड़ैते का 26 वर्षीय बेटा संदीप अपनी गुजर - बसर के लिए जनपद हरदोई की शुगर फैक्ट्री रूपापुर में काम करता था। जहां से चार दिन पहले अपने घर रजपालपुर गांव आया था। परिवारवालों के अनुसार संदीप शाम को घर से गया था। लौटकर नहीं आया, सुबह पता लगा उसका शव गांव के पास में ही बाग में आम के पेड़ पर फांसी से लटका है। सूचना मिलते ही मृतक की मां अनीता, भाई कमल उपदेश, सुनील रंजीत तथा रंधीर व परिवार के अन्य लोग रोते-बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। घटना देखकर सभी के होश उड़ गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

संदीप।

घटना स्थल पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

चुनावी रंग में रंगा पाल समाज का होली मिलन समारोह

भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल बोले: मोदी सरकार ने गरीब कल्याण के लिए 10 वर्ष में ऐतिहासिक कार्य किए

संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। मोहम्मदाबाद रोड के पट्टी खुर्द स्थित बाबा मथुरा गिरी इंटर कॉलेज में आयोजित पाल समाज के होली मिलन कार्यक्रम में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रकाश पाल ने समाज को संगठित होने का आह्वान करते हुए भाजपा के समर्थन की बात कही। पाल ने कहा होली का त्योहार भारतीय सनातन संस्कृति का सबसे बड़ा त्योहार है। यह त्योहार समाज में भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने अहिल्याबाई होल्कर का जिक्र करते हुए कहा देवी अहिल्याबाई होल्कर ने पूरा जीवन भारत की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। वह पाल समाज ही नहीं बल्कि पूरे भारत का गौरव हैं। उनको एक महान शासिका के रूप में याद किया जाता है। प्रकाश पाल ने बताया केंद्र की मोदी सरकार ने गरीब कल्याण के लिए अपने 10 वर्ष के शासनकाल में ऐतिहासिक कार्य किए हैं भारत आज वैश्विक पटल पर एक ताकतवर देश के रूप में उभर रहा है। भारत की आर्थिक और सैन्य क्षमता विकसित देशों के समकक्ष खड़ी हो गई है। 2047 के विकसित भारत के संकल्प को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक आंदोलन के रूप में चला रहे हैं। इस आंदोलन में हर वर्ग और समाज की भागीदारी सुनिश्चित होनी है। 10 वर्षों में शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा, स्वास्थ्य और गरीबों के आर्थिक विकास को प्राथमिकता के साथ रखा गया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने राजू पाल एवं उमेश पाल हत्याकांड का जिक्र करते हुए कहां की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में कहा था कि माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। मुख्यमंत्री ने समाज को न्याय दिलाने का कार्य किया। इस कार्यक्रम में अपना दल (एस) प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल ने कहा समाज में एकजुटता की आवश्यकता है। प्रदेश में भाजपा और अपना दल एस के गठबंधन की सरकार प्रदेश की खुशहाली के लिए कार्य कर रही है केंद्र में तीसरी बार एनडीए गठबंधन की सरकार बनना आवश्यक है। भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राष्ट्रीय कवि रवि सतीजा ने अपनी कविताओं के माध्यम से होली के पर्व की व्याख्या की। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा सपा और बसपा अपने निजी स्वार्थ के लिए समाज को बताकर सत्ता तक पहुंचे लेकिन सत्ता मिलने के बाद समाज को दरकिनार कर दिया। कार्यक्रम का संचालन त्रिलोकी नाथ पाल ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी, जिला महामंत्री डीएस राठौर, अभिनंदन पाल, शिवभान पाल, राहुल पाल, कुलदीप पाल ,विनोद पाल स्वदेश पाल ,पवन पाल, जिला मंत्री नवनीत पाल, प्रवीण पाल आदि लोग मौजूद रहे।

सभा में मौजूद प्रकाश पाल व अन्य। अमृत विचार

होली मिलन समारोह में मौजूद लोग। अमृत विचार

एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाकर दी बधाई

फर्रुखाबाद। शहर कोतवाली क्षेत्र में तिकोना सब्जी मंडी स्थित पुष्कर कराटे अकादमी में रविवार को होली मिलन समारोह हुआ। मुख्य अतिथि भोजपुरी अभिनेत्री प्रतिष्ठा ठाकुर और विशिष्ट अतिथि सुमन राठौर, ठाकुर सर्वेदर सिंह, सोनू ठाकुर, लालजी सक्सेना, संजीव कटियार, सतीश तिवारी, पप्पी गुप्ता, मनीष वर्मा, शिवांगी मिश्रा, मौजूद रहे। इस दौरान संस्था का विस्तार किया गया, जिसमें ठाकुर सर्वेदर सिंह, लालजी सक्सेना, सुमन राठौर, प्रतिष्ठा ठाकुर, संजय प्रताप सिंह (सोनू ठाकुर) को संरक्षक और संजीव कटियार को अध्यक्ष, सिवांगी मिश्रा को और जितेंद्र कश्यप को उप सचिव मनीष वर्मा को उपाध्यक्ष, पुष्कर भारद्वाज सचिव, हर्षित मिश्रा डिसिप्लिन इंचार्ज, विट्ठल वर्मा, कृष्णा गुप्ता को मेंबर बनाया।

भाजपा कार्यालय में हुई कार्यकर्ताओं की बैठक

भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में भाजपा जिला मुख्यालय पर आयोजित हुई बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने लोकसभा संचालन समिति के सभी पदाधिकारियों को चुनाव में जुटने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनपद में राष्ट्रीय स्तर के कई बड़े नेता और केंद्रीय मंत्री के कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया हर जनपद में बड़ी संख्या में केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थी हैं उनसे घर-घर संपर्क करके फिर एक बार भाजपा के लिए समर्थन की बात रखनी है। इस बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता जिला महामंत्री फतेहचंद वर्मा जिला महामंत्री सुनील रावत जिला महामंत्री डीएस राठौर जिला कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी पिछड़ा मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

उड़ानदस्ते ने बैंक कर्मी से 2 लाख 3 हजार नकदी पकड़ी

फर्रुखाबाद। थाना नवाबगंज क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को लेकर चेकिंग कर रहे उड़न दस्ते ने एक कार से दो लाख तीन हजार रुपये बरामद कर लिए। कार सवार उड़नदस्ते के समक्ष लेखा-जोखा पेश नहीं कर सके। थाना क्षेत्र के गांव मंझना के निकट टीम प्रभारी डॉक्टर सौरभ उड़नदस्ते के साथ चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान डॉक्टर सौरभ ने कार रूकवाई तलाशी में 2 लाख 3 हजार रुपए मिले। पूछताछ में कार सवार दीपक ने पंजाब नेशनल बैंक कायमगंज में कर्मचारी होना बताया है। दीपक ने रुपए अपने निजी खर्च के लिए ले जाना बताया। कहा कि वह रुपए लेकर औरैया जा रहा है। डॉक्टर सौरभ ने बैंक से नकदी निकालने के साक्ष्य मांगे। तो वह नहीं दिखा सका। उड़नदस्ते ने नकदी कब्जे में ले ली है। मामले की सूचना जिला निर्वाचन अधिकारी वीके सिंह को दे दी गई है।

कार्रवाई करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

ट्रैक्टर-टेंपो की भिडंत, चालक सहित यात्री घायल

अमृतपुर, फर्रुखाबाद। थाना क्षेत्र के ग्राम हरसिंहपुर मोड पर टेंपो और ट्रैक्टर की भिड़त हो गई। इसमें टेंपो चालक सहित एक सवारी घायल हो गई। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर ग्राम हुसैनपुर की तरफ से आ रहा था और अमृतपुर बस अड्डे की तरफ से टेंपो राजपुर जा रहा था। तभी हुसैनपुर मोड पर दोनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टेंपो चालक राममिलन पुत्र रामनाथ निवासी गंगागंज सहित एक सवारी घायल हो गई। राहगीरों अमृतपुर थाना पुलिस को सूचना दी, पुलिस ने घायलों को राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती करवाया गया। ट्रैक्टर चालक अवधेश पुत्र विश्राम निवासी लीलापुर को पुलिस ने हिरासत में लेकर ट्रैक्टर कब्जे में लिया है।

सहज ध्यान केंद्र में मतदाताओं को किया जागरूक

फर्रुखाबाद। स्वीप कार्यक्रम के तहत रविवार को सहज योग ध्यान केंद्र सधवाड़ा में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाताओं को 13 मई को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा ने कहा कि हम सब राष्ट्रहित में स्वयं मतदान करें तथा अपने आसपास के अन्य मतदाताओं से भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। महिला मतदाता जागरुकता प्रभारी भारती मिश्रा ने कहा कि हम सबके लिए यह गर्व की बात है कि हम भारतवर्ष जैसे विशाल लोकतंत्र के निवासी हैं। हम सब का दायित्व है कि हमारे देश का लोकतंत्र सदैव अग्रणी भूमिका में रहे। उन्होंने सभी मतदाताओं को शपथ दिलाई। इस अवसर पर सीमा चौरसिया, नंदिनी, अमित गुप्ता, कुसुम शुक्ला, सुमन शुक्ला, आशुतोष त्रिवेदी, अमित अग्निहोत्री, सीमा ,ममता गुप्ता, मधु गुप्ता, शीला देवी, मोहित गुप्ता, दीक्षा, राजेंद्र शुक्ला, प्रेम सागर, राम पांडे, पुष्पक अग्निहोत्री व आशुतोष त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

युवक को सांप ने डसा, अस्पताल में भर्ती

फर्रुखाबाद। थाना कमालगंज क्षेत्र के गांव परमनगर जगदीशपुर निवासी अमर सिंह का 20 वर्षीय पुत्र संदीप घर में कुछ काम कर रहा था। तभी अचानक संदीप के पैर में सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज में भर्ती कराया। वहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल लोहिया में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर वैभव यादव ने इलाज शुरू कर दिया है।

सांप ने डसा, हालत गंभीर

कायमगंज फर्रुखाबाद। कंपिल थाना क्षेत्र के गांव निजामउद्दीनपुर निवासी राजकुमार को जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन सीएचसी लाए। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

एक ने पीया कीटनाशक

फर्रुखाबाद। क्षेत्र के गांव कुबेरपुर निवासी लक्ष्मी ने कीटनाशक पदार्थ पी कर लिया। परिजन सीएचसी लेकर आए। जहां उसका इलाज किया गया।

महिला झुलसी, उपचार करवाया

फर्रुखाबाद। नगर के मोहल्ला नोनियमगंज निवासी सोनाली झुलस गई। परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां उसका इलाज किया गया।

पुलिस ने की पैदल गश्त

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- **सीओ ने कहा, मतदान में गड़बड़ी करने वालों को किसी तरह से बख्शा नहीं जाएगा**

अमृत विचार। पुलिस कप्तान विकास कुमार ने लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पूरी तरह से कमर कसली है। जिले भर की पुलिस इस समय अर्ध सैनिक बल के साथ शहर की सड़कों से लेकर गांव के गलियारों तक गश्त करके जनता को निर्भय होकर मतदान करने का संदेश दे रही है। शहर क्षेत्र में सीओ सिटी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस पैदल गश्त करके मिलने वाले लोगों को भरोसा दिला रही है कि वह समय से जाकर निर्भय होकर निष्पक्ष मतदान करें।

मतदान में गड़बड़ी करने वालों को किसी तरह से बख्शा नहीं जाएगा। उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। मऊ दरवाजा, कादरीगेट, राजेपुर तथा अन्य स्थानों की पुलिस लगातार गश्त करके शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए पूरी तरह से सक्रिय है। सीओ सिटी प्रदीप कुमार ने बताया कि शासन की मनसा के अनुरूप निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराया जाएगा। चुनाव में गड़बड़ी फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून से खेलने की किसी को इजाजत नहीं दी जाएगी। चाहे किसी भी दल का व्यक्ति हो। सभी लोग स्वतंत्र होकर मतदान करेंगे मतदान के लिए कोई किसी पर दबाव नहीं डालेगा। उन्होंने कहा कि लोगों को चाहिए कि हर हालत में मतदान करें और इस संबंध में पड़ोसी को भी जागरूक करें। इस चुनाव रूपी महायज्ञ में हर व्यक्ति को आहुति देना अनिवार्य है।

छात्रा से दुष्कर्म का किया प्रयास

फर्रुखाबाद। थाना कमालगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग छात्रा से युवकों ने दुष्कर्म का प्रयास किया। नाबालिग छात्रा ट्यूशन पढ़ने जा रही थी। गांव के ही तीन दबंग युवकों ने खींचकर गैस गोदाम की कोठरी में ले जाकर तमंचे के बल पर दुष्कर्म का प्रयास किया है। छात्रा ने युवकों पर मारपीट कर तमंचा लगाकर कपड़ा फाड़ने व जान माल की धमकी देने का आरोप लगाया है। छात्रा के कोचिंग सेंटर न पहुंचने पर परिजनों ने फोन किया। छात्रा का पिता साइकिल से ढूंढने गया। राहगीरों ने छात्रा को घसीट कर ले जाने की जानकारी दी। मौके पर पिता ने पहुंचकर छात्रा को बचाया। छात्रा के पिता ने दबंगों के खिलाफ थाना कमालगंज में तहरीर दी है। छात्रा के पिता ने पुलिस पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया है।

झूलेलाल के लगाए जयकारे, सिर पर कलश रखकर निकाली भव्य यात्रा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। भगवान झूलेलाल जयंती के अवसर पर सिंधी समाज की महिलाओं ने कलश यात्रा धूमधाम से निकाली। इसके साथ ही भगवान झूलेलाल जयंती पर कार्यक्रम शुरू हो गए। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। रविवार सायं को रेलवे रोड स्थित सिंधु मैदान से श्री झूलेलाल जयंती समारोह व सिंधी समाज के अध्यक्ष आत्माराम डबानी ने कलश यात्रा का शुभारंभ किया।

सिंधी समाज की महिलाएं सजे-धजे कलश सिर पर रखकर 'आयो लाल, झूलेलाल' आदि जयकारे लगाते हुए चल रही थीं। यात्रा रेलवे रोड, चौक व पक्कापुल से होती हुई नाला स्मित सुमाल स्थित सिंधी धर्मशाला पहुंची, जहां समापन हो गया। समापन के दौरान सेल्फी लेने की महिलाओं में होड़ सी लगी रही। अध्यक्ष ने बताया कि श्री झूलेलाल जयंती पर सिंधी मैदान में करीब एक सप्ताह तक कार्यक्रम चलेंगे। इस अवसर पर रजनी लौंगवानी, पायल, रितिका, हर्षा, गरिमा, निकिता, सोनी सिंधी, ईश्वरदास शिवानी, संजय शर्मा और हेमंत शिवानी आदि मौजूद रहे।

कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

बदला समय अब जीत का स्वाद चखने के लिए लगाना पड़ता है एड़ी-चोटी का जोर

दो चुनावी सभाएं करके डॉ. लोहिया ने जीता था चुनाव

चन्द्रपाल सिंह सेंगर, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। चुनाव में जीत हासिल करने के लिए प्रत्याशियों को एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ता है। साम-दाम-दंड-भेद के हथकंडे से भी अपनाने पड़ते हैं। तब कहीं जाकर जीत का सेहरा बंधता है। मगर डॉ. राम मनोहर लोहिया ऐसे प्रत्याशी रहे, जिन्होंने वर्ष 1963 में हुए लोकसभा उपचुनाव में मात्र दो सभाएं करके ही जनता के दिलों में ऐसी छाप छोड़ी कि जब नतीजा आया तो उन्होंने कांग्रेस जैसी पार्टी के प्रत्याशी को हराकर सांसद बनने का गौरव हासिल किया।

वैसे तो जनपद फर्रुखाबाद को अपराकाशी कहा जाता है। यहां महाभारत कालीन का प्राचीन पांडवेश्वरनाथ मंदिर है तो संकिसा में बौद्ध तीर्थ स्थल है। जनपद के ही सलमान खुर्शीद कांग्रेस सरकार में पूर्व विदेश मंत्री रहे तो उनके नाना डॉ. जाकिर हुसैन ने राष्ट्रपति रहते हुए देश का नेतृत्व किया। इसके बावजूद विकास के नाम पर जनपद शून्य है। मगर जब चुनाव आते हैं तो हर कोई जीत हासिल करने के लिए जनता के बीच वादों की झड़ी लगाते हैं। पहले ऐसा नहीं होता था। इसका उदाहरण थे समाजवाद के पुरोधा कहे जाने वाले डॉ. राम मनोहर लोहिया। वर्ष 1962 में कांग्रेस सांसद मूलचंद्र दुबे की मृत्यु के बाद 1963 में फर्रुखाबाद में लोकसभा उपचुनाव हुआ तो डॉ. राममनोहर लोहिया संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी से चुनाव मैदान में उतरे।

फर्रुखाबाद की राजनीति में डॉ. लोहिया नया चेहरा और पार्टी भी नई थी। हां यह जरूर था कि 1962 में चीन से मिली भारत को हार के बाद देशवासियों में कांग्रेस के प्रति गुस्सा था। डॉ. राम मनोहर लोहिया के प्रस्तावक बने मोहल्ला बजरिया निवासी स्व. श्याम प्रकाश गुप्ता के पुत्र पूर्व सपा जिलाध्यक्ष विश्वास गुप्ता बताते हैं कि रेलवे रोड पर बंगाली होटल था, जिसमें कांग्रेस विरोधी लोग बैठक करते थे। इसी बैठक में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी की टिकट से डॉ. राम मनोहर लोहिया को चुनाव लड़ने पर श्याम प्रकाश गुप्ता व अन्य गणमान्य लोगों ने हामी भरी। कांग्रेस से डॉ. बालकृष्ण केसकर चुनावी मैदान में थे। कांग्रेस प्रत्याशी के प्रचार प्रसार में इंदिरा गांधी ने पटेल पार्क में जनसभा की। हेलीकॉप्टर से उनके समर्थन में पर्चे भी उड़ाए गए। डॉ. राम मनोहर लोहिया के समर्थन में मुलायम सिंह यादव, जार्ज फर्नांडिस, जनेश्वर मिश्र व हबीबा बानो आदि प्रचार करने आए थे। डॉ. लोहिया ने पहली सभा रेलवे रोड स्थित सरस्वती भवन में की और दूसरी सभा उन्होंने नाव से गंगा नदी पार कर राजेपुर में जाकर की थी। इन्हीं दो सभाओं में ऐसा जादू हुआ कि फर्रुखाबाद की जनता ने डॉ. लोहिया को 57 हजार वोटों से जिताकर संसद भेज दिया। इसके बाद शहर में विजयी जुलूस निकाला गया, जिसमें डॉ. राम मनोहर लोहिया के साथ ही मुलायम सिंह यादव समेत भारी संख्या में जन समूह उमड़ा था।

- **वर्ष 1963 में हुए लोकसभा उपचुनाव में की थी सभाएं**

फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र का मानचित्र। अमृत विचार

शीतगृह मालिकों ने हाउसफुल का बोर्ड लगाया, किसान हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जिले में शीत गृह मालिकों ने अपने-अपने शीत गृह के बाहर हाउसफुल के बोर्ड लगा रखे हैं। जबकि अभी काफी किसान अपना आलू शीत गृहो में भंडारित करने के लिए चक्कर लगा रहे हैं।

बताते चले की फर्रुखाबाद जिले में मौजूदा समय में 80 कोल्ड स्टोरेज कार्यरत है ।जिनमे भंडारण क्षमता साढ़े 6लाख मीट्रिक टन है ।जिले में इस बार 42000 हेक्टेयर भूमि पर आलू तैयार किया गया था। जिसमें 12 लाख मीट्रिक टन आलू की शुद्ध पैदावार हुई है। किसानों ने तकरीबन 4 लाख मीट्रिक टन आलू बाजार की मंडियों में बेच दिया और 6 लाख के आसपास जिले के 80 शीत गृहो में भंडारित कर दिया। अभी किसानों का तकरीबन 2 लाख मीट्रिक टन आलू भंडारण के लिए बाकी है। आलू किसान बलबीर सिंह का कहना है कि उन्होंने आलू भंडारण के लिए कई शीत गृहों के मालिकों से संपर्क किया। लेकिन उन्हें एक ही जवाब दे दिया गया की शीत गृह पूरी तरह से फूल हो गए हैं। अब आलू भंडारण की कोई सुविधा नहीं रही है। इसी तरह से किसान देवेंद्र सिंह का कहना है कि उनके पास अभी कम से कम 100 पैकेट आलू भंडारण के लिए पड़ा हुआ है। लेकिन अभी तक किसी शीत गृह मालिक ने आलू भंडार करने के लिए हामी नहीं भरी है।

उनका कहना है कि शीत गृह मालिकों ने अपने लोगों से आलू की खरीद करवा कर उसे भंडारित कर दिया है और किसान आलू भंडारा के लिए भटक रहा है। सागर सिंह सोमवती कोल्ड स्टोरेज के मालिक गजेंद्र सिंह यादव का कहना है कि उनका शीत गृह पूरी तरह से फुल हो गया है ।पूरा आलू किसानों का लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस बार आलू पर तेजी होने की वजह से किसानों ने अपना आलू भाव अच्छे मिलने के बजह से शीत गृह में भंडारी कर दिया है। जिसकी वजह से शीत गृह पहले से ही फूल हो गए हैं ।शीत गृह मलिक गजेंद्र सिंह बताते हैं कि आलू भंडार का समय खत्म हो गया है। अब गर्मी पड़ने लगी है। खेतों में लगा आलू धूप की वजह से खराब हो जाता है।

कोल्ड स्टोरेज। अमृत विचार

फांसी पर लटकती मिली महिला, हत्या का आरोप

दहेज के लिये प्रताड़ित करते थे ससुरालीजन, मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। बसरेहर थाना क्षेत्र के ग्राम ज्ञानपुरा में एक विवाहिता फांसी के फंदे पर लटकी मिली। मृतका के मायके वालों ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है।

ज्ञानपुरा में रहने वाले संजीव कुमार की पत्नी रेनू 26 साल फांसी के फंदे पर लटकी दिखी तो ससुराल में कोहराम मच गया। जानकारी होने पर मायके से उसका बड़ा भाई संजीव, पिता राजाराम और छोटा भाई राजीव आ गए, जिन्होंने बताया कि बहन रेनू से शनिवार सुबह फोन पर बात हुई थी ,तब उसने बताया था कि उसके पति संजीव से उसकी लड़ाई हो गई है। वह घर से बाहर गया हुआ है और दोपहर बाद पत्नी का शव पंखे पर लटका मिला। रेनू को उसके ससुरालियों ने दहेज के लिये प्रताड़ित करके मार डाला है। हत्या छिपाने के लिए शव फांसी पर लटका दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

प्लग लगाते समय करंट लगने से बच्ची की मौत

इटावा। बढ़पुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत उदी मोड़ पर रविवार की सुबह पंखे का प्लग लगाते समय एक बच्ची करंट की चपेट में आ कर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। क्षेत्र के कस्बा उदी मोड़ चकरनगर रोड निवासी खन्ने कठेरिया की 13 वर्षीय पुत्री प्रतिज्ञा रविवार को पंखे का प्लग बिजली के बोर्ड में लगा रही थी, तभी उसे करंट लग गया। करंट लगने से वह बेहोश होकर गिर पड़ी। करंट लगने की जानकारी होने पर परिवार के लोग उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में परिवार के लोग बिना पोस्टमार्टम कराये शव को अपने साथ ले गए। बच्ची की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

इटावा। भरथना थाना क्षेत्र के गांव खिरिया का रहने वाला धर्मेंद्र 30 पुत्र भीम सेन काफी समय से सिविल लाइन थाना क्षेत्र के वैशाली पुरम में अपनी बहन के यहां रह रहा था। वह जब रेलवे लाइन पार कर रहा था तभी तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार के लोगों को जानकारी मिली तो उसको तुरंत ही जिला अस्पताल लेकर पहुंचे ।डॉक्टर ने उसकी हालत को देखते हुए सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी मौत की जानकारी मिलने से परिवार में कोहराम मच गया।

चौकीदार का हार्टअटैक से जान गई

महेवा। बसरेहर निवासी रामप्रसाद (60 वर्ष) महेवा ब्लॉक में चौकीदार थे ।चौकीदार के निधन पर ब्लॉक प्रमुख महेवा पवित्रा देवी दोहरे, ब्लॉक बी डी ओ सूरज सिंह , सहायक विकास अधिकारी पंचायत इंद्रपाल सिंह भदौरिया , सहायक विकास अधिकारी कृषि अनुराग दुबे , वी टी शिवमंगल यादव, ब्रजेंद्र बाबू डॉक्टर अक्षय कुमार ,बड़े बाबू शैलेंद्र कुमार , कुलदीप चौहान ,सुरजीत सिंह, राजीव कुमार, कमलेश राजपूत , मनोज दुबे, दुर्गेश भारती , संदीप यादव,चंद्रभान आदि ने शोक जताया है।

वृद्धा के ऊपर से गुजर गई ट्रेन, बाल-बाल बची

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- पारिवारिक कलह के चलते जान देने की नियत से लेटी थी पटरी पर

अमृत विचार। जाको राखे साइयां मार सके न कोय। यह कहावत रविवार को उस समय चरितार्थ हुयी जब एक वृद्ध महिला पारिवारिक विवाद के चलते अपने जीवन लीला समाप्त करने के लिए कालका मेल के नीचे लेट गई । इतना ही नहीं ट्रेन के पांच डिब्बे वृद्धा के ऊपर से गुजर गए लेकिन उसे जरा भी खरोंच नहीं आई। ड्राइवर की सूझबूझ से महिला की जान बच गई।

जसवंतनगर क्षेत्र के गांव खेड़ा मौहकम सिंह की रहने वाली 65 वर्षीय वृद्ध महिला का अपने परिवार में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। रविवार की सुबह वह अपने घर से यह कहकर निकली थी कि शहर के लाइनपार विजय नगर स्थित वह अपनी बेटी के घर जा रही है। महिला अपनी बेटी के घर तो नहीं गई लेकिन वह रामनगर रेलवे क्रॉसिंग पर आकर रुक गई। इसी बीच कालका मेल इटावा जंक्शन पर आ रही थी। ट्रेन को देखकर महिला पटरी के बीच लेट गई जब ट्रेन के ड्राइवर की नजर महिला पर पड़ी तो उसने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका तब

पीड़ित वृद्धा। अमृत विचार

तक महिला के ऊपर से पांच डिब्बे निकल चुके थे। ड्राइवर ने अन्य लोगों की मदद से महिला को ट्रेन के नीचे से निकाला और इटावा जंक्शन पर इसकी सूचना दी। महिला को जब ट्रेन के नीचे से निकाला गया तो वह पूरी तरह से सुरक्षित थी और उसके एक खरोंच भी नहीं आई थी।

रेलवे स्टेशन अधीक्षक पीएम मीना आरपीएफ के एसआई अजब सिंह एएसआई मुकेश विश्वकर्मा महिला कांस्टेबल कंचन कांस्टेबल मुकेश कुमार मौके पर पहुंचे। एएसआई मुकेश विश्वकर्मा ने बताया कि लिखा पड़ी के बाद वृद्ध महिला को उसके पुत्र के सुपुर्द कर दिया गया।

उदयभान बने सपा लोकसभा क्षेत्र के समन्वय प्रभारी

इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुशंसा पर पार्टी के वरिष्ठ नेता उदय भान सिंह यादव को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने इटावा लोकसभा क्षेत्र की इटावा सदर विधानसभा, भरथना सुरक्षित विधानसभा, दिबियापुर विधानसभा तथा ओरैया सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र में चुनाव समन्वय प्रभारी इटावा लोकसभा के पद पर मनोनीत किया है। पार्टी ने उदयभान सिंह से अपेक्षा की है सपा, इंडिया गठबंधन की नीतियों को आगे बढ़ाने के साथ ही गठबंधन के तहत सपा प्रत्याशी जितेन्द्र कुमार दोहरे को विजय दिलाने का कार्य करेंगे। सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य, सपा जिला महासचिव वीरभान सिंह भदौरिया, भरथना विधायक राघवेंद्र गौतम, प्रत्याशी जितेन्द्र कुमार दोहरे,पूर्व प्रत्याशी विधानसभा सर्वेश शाक्य सहित अन्य नेताओं ने बधाई दी है।

उदयभान सिंह यादव।

मामूली विवाद में युवक को मारी गोली, गंभीर

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- तकिया बजरिया के पास दोस्तों के साथ चल रही थी पार्टी

अमृत विचार। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत तकिया बजरिया के पास अपने दोस्तों के साथ पार्टी कर रहे एक युवक को मामूली विवाद पर गोली मार दी गई। गोली उसके तीन जगह पर लगी। गोली लगने के बाद वह घायल होकर गिर पड़ा। इस घटना से हड़कंप मच गया। हादसे के बाद गोली मारने वाला भाग निकला। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसके साथ बैठे दोस्त उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला अशोक नगर पुरानी पीएसी गली की गली नंबर छह का रहने वाला आलोक बाजपेई पुत्र श्याम बाबू बाजपेई शनिवार की शाम को अपने दोस्तों से मिलने तकिया बजरिया गया था। दोस्तों से मिलने के बाद वह आपस में पार्टी करने लगे। पार्टी में मौजूद एक युवक का उससे किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बाद में दोनों में कहा सुनी भी हुई। कहा सुनी होने के बाद वह युवक अपने घर चला गया। कुछ समय बाद वह युवक घर से पिस्टल ले आया और उसके बाद उसने आलोक बाजपेई के ऊपर ताबड़तोड़ फायर कर दिए। पिस्टल की तीन गोली आलोक को जा लगी और वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। उसके साथ बैठे दोस्तों ने फायर करने वाले को पकड़ने का भी प्रयास किया लेकिन वह मौके से भाग जाने में सफल रहा। वहां मौजूद दोस्त घायल आलोक को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे । जिला अस्पताल के डॉक्टर शिवम राजपूत ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घायल से पूछताछ की।

एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी ने बताया कि शनिवार की रात करीब 11 बजे पुलिस को इस घटना की जानकारी मिली थी कोतवाली पुलिस ने दिलीप नाम के युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश में कोतवाली पुलिस जुटी हुई है जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी भी की जाएगी।

पुलिस ने गैंगस्टर समेत दो को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। बसरेहर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर रिटौली पुलिया के पास से बाइक से आ रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से तमंचा कारतूस के अलावा चाकू बरामद हुआ। बाइक के कागजात मांगने पर वह नहीं दिखा सके। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि बाइक चोरी की है।

थानाध्यक्ष बसरेहर अपनी टीम के साथ गश्त पर थे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक गैंगस्टर अपने साथी के साथ भदामई की ओर से आ रहा है। इस सूचना पर उन्होंने चेकिंग शुरू कर दी। जब पुलिस ने बाइक को रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने बाइक को भगाने का प्रयास किया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से एक तमंचा कारतूस व चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए लोगो ने अपने नाम पारस कुमार पुत्र राजीव कुमार व अनिरूद्ध पुत्र भजन लाल निवासी बिजनौराथाना सौरिख कन्नौज बताया। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि बाइक भी चोरी की है। एसओ बसरेहर ने बताया कि पारस गैंगस्टर के मामले में वांछित है। उस पर अलग अलग थानों में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज है।

चकर नगर थाना पुलिस ने गस्त के दौरान पाली घार के पास से नरेंद्र पुत्र रामऔतार निवासी पाली घार को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा कारतूस बरामद हुआ। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

भरथना में बच्ची के साथ हुई दरिंदगी

भरथना। भरथना कोतवाली ग्रामीण क्षेत्र के एक गांव में एक छह वर्षीय बच्ची को घर के दरवाजे से उठाकर एक खेत में ले जाकर एक युवक ने दुष्कर्म कर डाला। छह वर्षीय बच्ची अपनी दिव्यांग मां के साथ मामा के घर आई थी। घटना की जानकारी पर परिजन बच्ची को भरथना कोतवाली लेकर पहुंचे। पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक प्रधान, कोतवाल देवेंद्र सिंह भारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और जांच पड़ताल की।

बच्ची के मामा ने बताया कि बीते दिनों दिव्यांग बहन अपनी मासूम बच्ची को लेकर उनके पास आई हुई थी,रविवार की शाम बच्ची घर के दरवाजे पर खेल रही थी, इसी बीच गांव का एक नामजद 26 वर्षीय युवक बच्ची को पास के खेत में उठा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म कर छोड़ दिया।

जो खेलेगा वही खिलेगा : सांसद

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। इटावा ताइक्वांडो संघ के तत्वावधान में इटावा ताइक्वांडो कप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया । उन्होंने कहा कि उन्हें इटावा में इस स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन होते हुए देख हर्ष हो रहा है जिसमें 10 जिलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया है। राष्ट्रीय स्तर वाली सेंसर तकनीकी का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो खेलेगा वही खिलेगा।

प्रतियोगिता के उद्घाटन के समय ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी, कानूनी सलाहकार डीडी मिश्रा, उपाध्यक्ष डॉ. प्रत्युष तिवारी, डिग्री कॉलेज के प्रवक्ता अश्वनी मिश्रा उपस्थित रहे। अतिथियों के समक्ष

प्रतियोगिता का उद्घाटन करते सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया। अमृत विचार

खिलाड़ियों ने अपनी कुशलता का प्रदर्शन कर उन्हें मंत्रमुग्ध कर दिया। महासचिव हिमांशु यादव ने जानकारी दी की प्रतियोगिता में 200 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय रेफरी कुबेर पांडे, रोहित यादव, पीयूष, मु. रजिन हैदर, प्रांजल दुबे, दीक्षा वर्मा, अनुभूति भदौरिया, अंकित मौर्य, अभिनव मिश्रा आदि ने अपनी निर्णायक भूमिका अदा की। संघ के मीडिया प्रभारी तरुण रंजन गुप्ता ने अंकुश सक्सेना, स्वाती श्रीवास्तव, हर्ष और जय सिंह नबीला और श्यामजी सक्सेना मौजूद रहे। संचालन कवि रोहित चौहान ने किया। समापन तथा मेडल वितरण कार्यक्रम में पूर्व सासंद एवं विधायक रघुराज सिंह शाक्य, एडीआईओएस डॉ. मुकेश यादव ने विजेताओं को पुरस्कृत किया और उनका हौसला बढ़ाया।

सार-संक्षेप

राशन डीलर को अगवा करने का प्रयास, बेटों को किया घायल

ऊसराहार, इटावा। राशन वितरण की सूचना दे रहे डीलर को कार सवार नामजदों ने मारपीट कर अगवा करने का प्रयास किया। वहीं सूचना पर पिता को लेने आ रहे बाइक सवार बेटों को रास्ते में कार से गिराकर कुल्हाड़ी से लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना क्षेत्र में गांव अघीनी के राशन डीलर राकेश कुमार थोड़ी दूर नगला बढ़ा गांव मे रहते हैं। 31 मार्च को राशन वितरण का अंतिम दिन था राकेश ने बताया वह उपभोक्ताओं को राशन लेने के लिए सूचना देने गए थे। अघीनी में वह एक मकान के पास बैठे थे उसी समय कार में सवार अनुज राठौर, राजेश जाटव व विनोद राठौर आकर मारपीट कर उसे कार मे डालने लगे। ग्रामीणो के आ जाने पर वे भाग गए। घटना की सूचना बेटे को फोन पर दी तो बेटा जितेंद्र व संजीव अकिंत के साथ लेने के लिए बाइक से आ रहे थे। रास्ते में इन लोगों ने कार से बेटे की बाइक में टक्कर मारकर गिरा दिया और कार में रखी कुल्हाड़ी व लाठियों से प्रहार कर लहूलुहान कर दिया। सूचना पर पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी सरसईनावर भेजा, हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने हमलावरों को पकड़ लिया। राकेश ने बताया नामजदों से पुरानी रंजिश चल रही हैं, यह लोग काफी दबंग है जो पूरी तैयारी के साथ मारपीट करने कुल्हाड़ी और लाठी डंडे कार में रखकर लाए थे। थानाध्यक्ष बेचन कुमार सिंह ने बताया कि सूचना पर तीनों नामजदों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

दरोगा ने सर्विस रिवाल्वर से गोली मारकर दी जान

इटावा। सिविल लाइन थाने में तैनात एक सब इंस्पेक्टर ने सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारकर के आत्महत्या कर ली है। दरोगा के गोली मारकर आत्महत्या कर लेने की घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया । मूल रूप से हरदोई जिले के पुचखोरा गांव के रहने वाले दरोगा सत्येंद्र वर्मा ने अपने सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली उनके सिर से गोली आर पार हो गई है और घटनास्थल पर ही दरोगा सत्येंद्र वर्मा की मौत हो गई है । 2018 बैच के दरोगा सतेंद्र वर्मा अपने पिता की मौत के बाद पुलिस सेवा में आए थे। दरोगा सत्येंद्र वर्मा के आत्महत्या करने की सूचना मिलने के बाद इटावा के जिलाधिकारी अवनीश राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार, पुलिस उपाधीक्षक अमित कुमार सिंह,एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी समेत कई पुलिस अफसर घटना स्थल पर पहुंच गए । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने दरोगा के आत्महत्या करने की पुष्टि करते हुए बताया कि रविवार शाम 7 बजे के आसपास सिविल लाइन थाने में तैनात दरोगा सत्येंद्र वर्मा (37) ने किराए के आवास वृंदावन कॉलोनी में सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारकर के जान दे दी। दरोगा के आत्महत्या करने के पीछे पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है।

सतेंद्र वर्मा। अमृत विचार

संचारी रोग नियंत्रण अभियान आज से

महेवा, इटावा। एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान पूरे ब्लॉक में चलाया जाएगा ।जिसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ साथ बाल विकास ,पंचायती राज ,शिक्षा ,कृषि ,पशु चिकित्सा व नगर पंचायत विभाग संयुक्त रूप से भाग लेंगे। महेवा सी एच सी के अधीक्षक डॉक्टर गौरव त्रिपाठी ने बताया कि संचारी रोग ,टी बी के लक्षण व बचाव तथा उपचार ,कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण आदि के बारे में घर घर जाकर जानकारी की जाएगी । सहायक विकास अधिकारी पंचायत इंद्रपाल सिंह भदौरिया ने बताया कि सफाई का रोस्टर बनाकर युद्धस्तर पर सफाई अभियान चलाया जाएगा।

पुरुषों की प्रजनन क्षमता जांचने की नई विधि खोजी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- यूपीयूएमएस सैफई की बड़ी उपलब्धि, एंटीबॉडी परखने की प्रक्रिया को मिला पेटेंट

अमृत विचार। यूपीयूएमएस सैफई के चिकित्सा विशेषज्ञों ने पुरुषों की प्रजनन क्षमता जांचने की नई विधि का आविष्कार करने में सफलता हासिल की है। एंटी प्रोस्टेट स्पेसिफिक एंटीजन एंटीबॉडी परखने की इस विधि को भारत सरकार से पेटेंट भी मिल गया है। चिकित्सा क्षेत्र में इसे उपलब्धि माना जा रहा है।

फिजियोलॉजी विभाग के प्रो. डॉ. अमितकांत सिंह, एम्स हैदराबाद की स्त्री रोग विशेषज्ञ विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ नैना कुमार तथा सीसीएमबी हैदराबाद के वैज्ञानिक डॉ. एल कोले के संयुक्त प्रयास से एंटीबॉडी परखने की विधि का आविष्कार किया गया है।

डॉ अमित कांत सिंह ने बताया कि पीएसए (एंटी प्रोस्टेट स्पेसिफिक एंटीजन)मुख्य रूप से वीर्य में पाया जाता है, लेकिन रक्त में पीएसए की थोड़ी मात्रा भी मौजूद हो सकती है। पीएसए परीक्षण आविष्कारित परखने की विधि द्वारा वीर्य में ही एंटी प्रोस्टेट स्पेसिफिक एंटीजन एंटीबॉडी का स्तर मापा जा सकता है। डॉ. सिंह ने बताया इस विधि के माध्यम से पुरुषों में इम्यूनो इनफर्टिलिटी की वजह से शुक्राणुओं पर होने वाले नकारात्मक प्रभाव के स्तर का पता चलता है जिससे की उनकी प्रजनन क्षमता के स्तर की जानकारी मिल सकेगी। इस स्थिति के लिए उपयोग होने वाली दवाओं के असर को मापा जा सकता है।

उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने इस उपलब्धि के लिए डॉ. अमित कांत सिंह व उनके सहयोगियों को शुभकामनाएं और बधाई दी। इस उपलब्धि के लिए प्रति कुलपति प्रो. डॉ. रमाकांत यादव, डीन प्रो. डॉ. आदेश कुमार, रजिस्ट्रार प्रो. डॉ. चंद्रवीर सिंह और चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. एसपी सिंह, प्रो. डॉ. नरेश पाल सिंह (कम्युनिटी मेडीसन विभाग), प्रो. डॉ. अनामिका सिंह (फिजियोलॉजी विभाग), ने भी बधाई दी है।

डॉ. अमित कांत सिंह ने इस उपलब्धि को अपने परिवार, सह-आविष्कारकों और अपने गुरुओं प्रो रामजी सिंह कार्यकारी निदेशक, एम्स, कल्याणी, डॉ एसबी देशपांडे पूर्व प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, फिजियोलॉजी विभाग, आईएमएस, बीएचयू वाराणसी को समर्पित किया।

अनुमति के लिए नहीं होंगे परेशान

इटावा। चुनाव के दौरान सभा रैली और वाहन इत्यादि की अनुमति के लिए भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी। इसके लिए ऑनलाइन व्यवस्था की गई है। सुविधा पोर्टल से प्रत्याशी ऑनलाइन अनुमति ले सकते हैं।

भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन अवधि के दौरान नाम-निर्देशन दायर करने और अनुमति प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थियों की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सुविधा पोर्टल लांच किया है। नाम-निर्देशन और अनुमति 'सुविधा पोर्टल' के माध्यम से दर्ज की जाती है। यह पोर्टल अभ्यर्थियों को अपने नाम-निर्देशन एवं अनुमति की स्थिति की जांच करने की भी सुविधा प्रदान करता है। सभा, रैली एवं अन्य प्रकार की अनुमति अब सुविधा पोर्टल पर ऑनलाइन ले सकते हैं। इटावा में लोकसभा 2024 चुनाव में अपना भाग्य अजमा रहे उम्मीदवारों एवं राजनैतिक दलों को सभा, रैली व चुनाव से संबंधित विभिन्न प्रकार की अनुमति प्रदान करने की प्रक्रिया को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सहज और सुविधाजनक बनाया गया है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह ने बताया है कि निर्वाचन आयोग ने इसके लिये सुविधा पोर्टल शुरू किया है, जिसके माध्यम से विभिन्न प्रकार की अनुमतियां ऑनलाइन प्राप्त की जा सकती हैं।

सम्मान

प्राथमिक विद्यालय छिरियाहार ताखा में वितरित किया गया परीक्षाफल, अंकपत्र पाकर खुश हुए छात्र-छात्राएं

उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले छात्र-छात्राओं को दिए गए मेडल

मेडल हासिल करने करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानाध्यापक उपेंद्र कुमार।

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार सिंह के निर्देशन में प्राथमिक विद्यालय छिरियाहार ताखा में परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मेडल पहनाकर व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक उपेन्द्र कुमार वर्मा एवं सहायक अध्यापक शिवानी ने कक्षा पांच के छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण कर पुरस्कार देकर विदाई की।

प्रबंध समिति की अध्यक्ष ज्योति देवी ने कहा कि शिक्षक बड़ी ही मेहनत और लगन के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। हमारे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराकर बच्चों को निपुण बना रहे हैं। प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा कि आज परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम के समय इन नन्हें बच्चों की मुस्कान एवं खुशी देखने लायक है।

इस अवसर अरविंद सिंह, इच्छा देवी,बबली देवी, संतोष कुमारी, सुषमा देवी, रंजना,यदुवीर सिंह, रामपाल, रंजना देवी, विजयपाल, सुखवीर सिंह आदि अभिभावक उपस्थित रहे।

अधीनी के छात्र शिवम ने किया जिला टॉप

इटावा। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय अधीनी के छात्र शिवम कुमार ने अपने मॉडल बोरवेल से रेस्क्यू ऑपरेशन का प्रदर्शन कर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार और खंड शिक्षा अधिकारी ताखा सर्वेश कुमार सिंह ने प्रथम पुरस्कार के लिए रुपये 10,000 नकद ,प्रतीक चिह्न, प्रमाण पत्र, और मेडल प्रदान किया। इस प्रतियोगिता में जनपद के विकास खंडों से टॉपटेन बच्चों ने प्रतिभाग किया ।छात्र ने बताया कि शिक्षक राजकुमार और रूबी यादव की प्रेरणा और कुशल मार्गदर्शन से यह सफलता हासिल की। बीईओ सर्वेश कुमार सिंह, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक अवधेश सिंह राठौर, एआरपी अनिल दुबे, अमित चौहान, सोनी राजावत,लता कुमारी,विजय अरुण, राधाकृष्ण, समेत कई शिक्षकों ने बच्चे को उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ बधाई दी।

मेडल के साथ टॉपर शिवम। अमृत विचार

अनूप कुमार का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

ताखा, इटावा। नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा सत्र 2024- 25 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। कंपोजिट विद्यालय सोरों के छात्र अनूप कुमार ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक अब्दुल हमीद ने बताया कि नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा के लिए राजकुमार, शिव कुमार द्वारा कुशल मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्होंने शिक्षक अमित सिंह के कार्यों की सराहना की। प्रवेश परीक्षा में चयनित बच्चे को बीईओ सर्वेश कुमार, एआरपी अनिल दुबे, अनमोल सिंह, विनय कुमार ब्लॉक व्यायाम शिक्षक अवधेश सिंह राठौर, संकुल शिक्षक राधा कृष्ण, नितिन चौबे, अजीत द्विवेदी, लता कुमारी, अंजली यादव, विनायक पांडे, राघवेंद्र सिंह, अरुण कुमार कई शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई दी गई।

अनूप कुमार।

बच्चों को मिले शील्ड और प्रमाण पत्र

संवाददाता बकेवर, इटावा। लार्ड मदर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल ने गृह परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों सभी बच्चों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रबंधक पप्पन जी व प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र सिंह ने आये हुए अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। स्कूल की खूबियां बताते हुए बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य विवेक श्रीवास्तव, कोऑर्डिनेटर सुरेंदर ने कक्षाओं मे प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चो को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।कार्यक्रम का संचालन ऋतु शुक्ला ने किया । इस अवसर पर शशांक चौहान, अंशु दीक्षित, शीराज हुसैन एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

सीमैप का भ्रमण करने पहुंचे मदनलाल फार्मेसी कालेज के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

छात्रों ने जाने औषधीय पौधों के उपयोग

- एसएमजीआई के छात्रों ने किया औद्योगिक एवं शैक्षणिक भ्रमण

इटावा। सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस इटावा में अध्ययनरत फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने केन्द्रीय औषधीय एवं सुगंध पौधा संस्थान (सीमैप) लखनऊ में एक दिवसीय औद्योगिक एवं शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विधार्थियों ने अनुसंधान संस्थान की कार्यशैली की विस्तृत जानकारी विभिन्न वैज्ञानिकों से प्राप्त की।

संस्थान में पहुंचकर विद्यार्थियों ने औषधीय एवं सुगंध पौधों की विशिष्ट खेती देखी, जहां उन्हें विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों के उपयोग बताये। साथ ही कुछ नई प्रजाति के भी पौधों से भी परिचित कराया । संस्थान में छात्रों को विशिष्ट आसवन विधि से भी परिचय कराया। जिसके द्वारा किस प्रकार पौधों से अत्याधिक मात्रा में तेल को निकाला जा सकता है। सीमैप संस्थान लखनऊ का विस्तृत परिचय सीनियर वैज्ञानिक डा.राम सुरेश शर्मा ने दिया ।

कार्यक्रम का सफल नेतृत्व संस्थान के निदेशक डा.उमा शंकर शर्मा, सहित शिक्षक डा.रेहानुद्दीन, पारिका ठाकुर,श्वेता सिंह एवम अखिलेश यादव ने किया ।चेयरमैन डा.विवेक यादव ने भ्रमण कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सीमैप के वैज्ञानिकों का आभार प्रकट किया।

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

संपादकीय

चुनाव के बीच कच्चातिवु

लोकसभा चुनाव के बीच एक बार फिर कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंपे जाने का मुद्दा गरमा गया है। कच्चातिवु भारत और श्रीलंका के बीच पाक जलसंधि में 285 एकड़ में विस्तृत एक निर्जन स्थान है, जो भारत के रामेश्वरम से लगभग 14 समुद्री मील की दूरी पर स्थित एक द्वीप है। वर्ष 1974 में भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और श्रीलंका की सिरिमा आरडी भंडारनायके ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे कच्चातिवु को श्रीलंका क्षेत्र के हिस्से के रूप में मान्यता दी गई। समझौते के परिणामस्वरूप इस क्षेत्र के स्वामित्व में परिवर्तन हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि कांग्रेस ने कच्चातिवु द्वीप ' संवेदनहीन' ढंग से श्रीलंका को दे दिया था। गौरतलब है कि समझौते ने भारतीय मछुआरों को द्वीप के आस-पास मछली पकड़ने, वहां अपने जाल सुखाने की अनुमति के साथ भारतीय तीर्थयात्रियों को द्वीप पर स्थित कैथोलिक तीर्थ की यात्रा करने की अनुमति दी। इस निर्जन द्वीप पर मत्स्य पालन का अधिकार और संप्रभुता को लेकर यह भारत और श्रीलंका के बीच लंबे समय से विवाद का मुद्दा रहा है। जब इंदिरा गांधी ने श्रीलंका को यह द्वीप सौंपा तो सबसे ज्यादा विरोध तमिलनाडु में हुआ था। तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री करुणानिधि ने इसका पुरजोर विरोध किया था। इसको लेकर साल 1991 में तमिलनाडु विधानसभा में प्रस्ताव पास किया गया। प्रस्ताव में उस द्वीप को वापस लेने की मांग की गई। इसके बाद ये मामला उच्चतम न्यायालय में भी पहुंचा। हालांकि भारत सरकार ने 2013 में स्पष्ट किया कि पुनः प्राप्ति का सवाल ही नहीं उठता क्योंकि कोई भी भारतीय क्षेत्र हस्तांतरित नहीं किया गया था। तत्कालीन केंद्र सरकार ने दावा किया कि कच्चातिवु भारत-श्रीलंका अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के श्रीलंकाई हिस्से पर स्थित है। राजनीतिक कारणों और जनभावना के चलते कच्चातिवु का स्थानांतरण भारत की संसद के दोनों सदनों में विरोध और बहस शुरू होने का कारण बना। ये विवाद इसलिए भी बना हुआ है क्योंकि श्रीलंका, भारत के मछुआरों को वहां पर सुस्ताने और अपने जाल सुखाने से लगातार रोकता आया है। दूसरी ओर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु को ध्यान में रखकर कच्चातिवु द्वीप का मुद्दा उठाया, जबकि उनकी सरकार की विदेश नीति की विफलता के कारण नेपाल, भूटान और मालदीव जैसे पड़ोसियों के कारण रिश्ते बिगड़ गए। राजनीति और सियासी मांगों से अलग, भारत के कई सामरिक विशेषज्ञों को भी इस बात की आशंका लगती है कि भारत की मुख्यभूमि के बेहद करीब स्थित द्वीप तक कहीं चीन किसी तरह से अपनी पहुंच न बना ले। ऐसे में भारत को श्रीलंका के साथ अपने पारंपरिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को मज़बूत बनाने पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

समझ नहीं आता कि देश किसका है

कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

यक्ष प्रश्न है कि जीवनदायिनी नदियों का पानी सरकारी आदेशों के तहत कारपोरेटी कारखानों को दहेज की तरह सौंपा जा रहा है लेकिन मनुष्य और पशु पक्षियों को पीने और निस्तार के लिए प्राकृतिक जलाशयों पर अधिकार लुटेरे कानून बनाकर छीन लिया गया है।

जनसंख्या के लिहाज से हिंदुस्तान दुनिया की सबसे बड़ी जम्हूरियत है। अद्भुत यूनानी दार्शनिक अफलातून वेद ऋचाओं की तरह याद है। कहता है लोकतंत्र जनता के लिए, जनता का, जनता के द्वारा शासन है। जनतंत्र में खोपड़ियां गिनी जाती हैं, तोड़ी नहीं। यही पश्चिमी अवधारणा भारत को लगभग 130 करोड़ लोगों का समुच्चय समझती है। भारतीय समझ के अनुसार सांस्कृतिक और मानवीय दृष्टि से पूरी धरती एक कुटुंब है। अलबत्ता देशों की भौगोलिक सरहदें अलग-अलग संसार रचती हैं। भारतीय जीवन की अलग बानगी, पहचान और सुगंध है। समाज नाम का आधुनिक शब्द पश्चिम से आयातित है। भारत में लोकजीवन की मर्यादाएं राजाज्ञा से बड़ी अनुशासन संहिता की तरह प्रभावशील रही हैं। राज्य का मकसद लोककल्याण और लोकयश हासिल करना होता था। निजी महत्वाकांक्षाएं, विवेक और राजकीय आदेश लोक इच्छाओं के सामने नतमस्तक होते थे।

आज हिंदुस्तान में समझ नहीं आता कि देश किसका है। ईश्वर अर्थात कुदरत ने धरती, वन, पशु पक्षी, समुद्र, नदी, झील, खनिज जैसी नायाब संपत्तियां सौंपी हैं। हमारी संस्कृति नदियों की तरह नदियों के किनारे समय के प्रवाह की तरह विकसित होती रहीं। गंगा, यमुना, ब्रम्हपुत्र, सिंधु, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी बहते हुए जलांश नहीं हैं। वे भारतीय अस्तित्व की धमनियां हैं। उनमें कालजयी रक्त बहता है। देश का भौगोलिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक इतिहास समय के प्रवाह में इनके जल की स्याही से लिखा गया। वह अमिट पहचान है। हिमालय, सतपुड़ा, विंध्याचल और नीलगिरि की गुफाओं और कंदराओं में ऋषिचिंतन खदबदाता पकता रहा है। समूचा देशज ज्ञान अविनश्वर है। बुद्ध ने तो बोधि वृक्ष को आध्यात्मिक संस्कारों का संरक्षक बना दिया। वाल्मीकि ने मिथुनरत क्रौंच पक्षी को बहेलिए द्वारा मारे जाने के क्षण को कविता के इतिहास का अमर उद्गगम बना दिया।

यक्ष प्रश्न है कि जीवनदायिनी नदियों का पानी सरकारी आदेशों के तहत कारपोरेटी कारखानों को दहेज की तरह सौंपा जा रहा है लेकिन

मनुष्य और पशु पक्षियों को पीने और निस्तार के लिए प्राकृतिक जलाशयों पर अधिकार लुटेरे कानून बनाकर छीन लिया गया है। वैचारिक विश्वविद्यालय रहे पहाड़ सरकार और कारपोरेट घरानों के आपराधिक षड़यंत्र की हिंसा के चलते खोखले किए जा रहे हैं।

केदार घाटी जैसी भयानक त्रासदी हुई लेकिन सजा किसी को नहीं मिली। लौहअयस्क, कोयला, बाक्साइट और अन्य खनिज कुछ घरानों की धन कमाने की हविश के लिए बलात्कृत बना दिए गए हैं। नागरिक असहाय होकर यह आधुनिक चीरहरण देख रहे हैं। कारखानों से निकलती रासायनिक गैसों से प्राणपद हवा प्रदूषित हो गई है। सांस लेने में कई नई बीमारियां हो रही हैं। कोई कानून सरकारों को मजबूर नहीं करता कि मनुष्य के जीने के अधिकार में कटौती नहीं हो सकती। नगरपालिका और पंचायत संस्थाएं जहरीला पेयजल सीमित मात्रा में मुहैया कराती हैं। अंगरेजी कानूनों के चलते कोई कारगर कार्यवाही नहीं होती। करोड़ों किसान खून पसीना बहाते, आत्महत्या करते अनाज उगाते हैं। कुछ तिजारती डकैत उसे अपने भंडारों में ठूंस देते हैं। उपभोक्ताओं को अनाज कई गुना दामों में उनके अधिकारों की डंडी मारकर सरकारी कानूनों के तहत भीख और अहसान बतौर दिया जाता है। उम्मीद की जाती है कि लोग फिर भी खुश रहें।

अंगरेज ने नहीं सिखाया लेकिन हिंदुस्तानी नेता

केदार घाटी जैसी भयानक त्रासदी हुई लेकिन सजा किसी को नहीं मिली। लौह अयस्क, कोयला, बाक्साइट और अन्य खनिज कुछ घरानों की धन कमाने की हविश के लिए बलात्कृत बना दिए गए हैं। नागरिक असहाय होकर यह आधुनिक चीरहरण देख रहे हैं। कारखानों से निकलती रासायनिक गैसों से प्राणपद हवा प्रदूषित हो गई है। सांस लेने में कई नई बीमारियां हो रही हैं। कोई कानून सरकारों को मजबूर नहीं करता कि मनुष्य के जीने के अधिकार में कटौती नहीं हो सकती। नगरपालिका और पंचायत संस्थाएं जहरीला पेयजल सीमित मात्रा में मुहैया कराती हैं। अंगरेजी कानूनों के चलते कोई कारगर कार्यवाही नहीं होती।

उससे अधिक क्रूर हैं। संविधान में डींगें मारी गई हैं कि मनुष्य को गरिमामय जीवन का अधिकार है। उच्चतम न्यायालय भी विक्टोरियाई अंगरेजी में अपने न्यायनिर्णय परोसता रहता है। वह संविधान, न्याय और आदेश किस काम के जो बांझहीन लफ्फाजी बनकर किताबों में कैद होकर रहें। मजदूरों को कारखाना मालिक जानवरों की तरह चूसते रहें। शहरों, कस्बों बल्कि गांवों तक में सुबह चहचहाने और रात को मीठी लोरी सुनाने वाली चिड़ियों का समूह ओजोन परतों में बढ़ते जा रहे छेद के कारण दफ्न हो गया है।

यह देश किसका है। बाबा अरबपति बनने की होड़ में हैं। गुंडों की फौज पालते हैं। देह व्यापार करते हैं। कालेबाजारियों का धन सफेद करने की जुगत बिठाते हैं। साधु कहलाते सत्ता परिवर्तन के षड़यंत्र में शामिल होते हैं। राम कभी देव रहे होंगे। ब्रह्मचारी चोगा ओढ़े लोग हिंदू स्त्रियों को कम से कम चार बच्चे पैदा करने का फतवा जारी कर देते हैं। कूढ़मगज अल्पसंखक सत्ता में घुसकर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं। मिडिल फेल राष्ट्र निर्माता बन रहे हैं। पीएचडी होकर दैनिक वेतनभोगी भी नहीं हैं। लाखों विधवाएं नर्क का जीवन जी रही हैं। नैतिकता की डींग मारते नागरिक सड़कों पर बलात्कारियों के सामने कायरों की तरह दुम दबाकर भागते हैं। 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते' का नारा उपजाने वाले औरतों की देह को उपयोग और व्यापार की वस्तु बना रहे हैं। किसका है यह देश जहां न्यायालय बिक रहे हैं। उनकी शिकायत भी नहीं हो सकती। डाक्टरों के मानव व्यापार कारखानेनुमा अस्पताल वेंटिलेटर पर पड़े मरीज की लाश तक नहीं सौंपते, जब तक अवैध फीस का भुगतान नहीं किया जाए। दुनिया को भारत द्वारा दी गई शिक्षा उसके ही काम नहीं आ रही है। पेट की रोटी के वास्ते देश के नेता अस्मिता खोकर अमेरिका के चरणों में लगातार लोट रहे हैं।

नौकरशाही अंगरेजी भाषा, शासन व्यवस्था और तहजीब माथे पर चंदन की तरह लीपे हुए है। वह मादरी जुबान, देशी समझ, इतिहास परंपराओं और स्वदेश बोध को गिरवी रखकर एक सौ तीस करोड़ भारतीयों के संकुल को कीड़ा मकोड़ा समझती है। पता नहीं रावण बनाम राम, कंस बनाम कृष्ण, भस्मासुर बनाम शिव, अंग्रेज बनाम भगतसिंह, हिंसा बनाम गांधी की कहानियों में कितनी सचाई रह गई है। सरकारों, विदेशियों, नौकरशाहों, न्यायालयों वगैरह ने मिलकर भारतीयों को देश नाम के मकान का किराएदार बना दिया है। इस संपत्ति पर कब्जा 'मेक इन इंडिया', 'अंगरेजियत', 'लार्ड मैकाले', 'एड्स की बीमारी', 'किसानों की आत्महत्या', 'स्त्रियों के बलात्कार', 'कारपोरेटियों के अनाचार' का हो गया है। पता नहीं यह देश किसका है।

प्रसंगवश

मकसद क्या लिखा है उसको समझना नहीं सिर्फ पढ़ना है

मेरे बगल की बिल्डिंग के एक फ्लैट में रमज़ान शुरू होने से लेकर आज तक तकरीबन पूरे दिन (शायद रात में भी) कुछ लोग लगातार कुरान की तिलावत (पढ़ना) कर रहे है। कभी कभी उनकी बॉलकनी में मदरसे में हफीजा करने वाले कुछ बच्चे दिखाई देते हैं।

ये अमल नया देखा है। क़ुरान ख़्वानी (सामूहिक क़ुरान पाठ) देखा है। जो कुछ घंटों का होता है। व्यक्तिगत कुरान पढ़ना रमज़ान में आम है। ज़्यादातर मुसलमान पढ़ते है। ये सारे लोग जो इस्लामी क़ानून की किताब क़ुरान पढ़ते है वो इसलिए पढ़ते है कि इससे गुनाह माफ होंगे, सबाब मिलेगा!

सबसे मज़ेदार बात है कि इतनी मोटी किताब बिना एक लफ़्ज़ समझे घंटों पढ़ लेते हैं। क्योंकि क़ुरान अरबी में है और हिंदुस्तान में अरबी तो हाफ़िज को भी सिर्फ़ पढ़ना आता है। समझ में उनको भी नहीं आती। क्योंकि हफ़ीज़े के दौरान हाफ़िज को सिर्फ़ रटना सिखाया जाता है। उन्हें अरबी ग्रामर नहीं पढ़ाया जाता है। हाफ़िज होने के बाद अगर आगे का कोर्स करना हो तब अरबी लैंग्वेज का बेसिक ज्ञान शुरू होता है।

कुछ लोग है वो कुरान का उर्दू/इंग्लिश/हिंदी अनुवाद भी पढ़ते हैं। लेकिन ज्यादातर तिलावत के वक़्त अरबी में ही सीधे पढ़ी जाती है। ऐसे में समझने के लिए अरबी सीखना ज़रूरी हो जाता है। लेकिन यहां मकसद क़ुरान में क्या लिखा है उसको समझना नही है। सिर्फ़ इसलिए पढ़ना है क्योंकि वो अल्लाह की किताब है और उसे पूरे रमज़ान में दो तीन बार पूरा पढ़ लेना है। जितनी बार पढ़ कर खत्म करेंगे उतना सवाब मिलेगा।

और जयादा सवाब कमाने का तरीक़ा है कि सामूहिक रूप से पढ़ा जाए और एक दिन में दो तीन चार बार पूरा कुरान पढ़ कर ख़त्म कर दिया जाए। इसे क़ुरान ख़्वानी कहते है। यहां भी समझ कर पढ़ना नहीं है। बस जल्दी जल्दी पढ़ना है। मेरे पड़ोस वाले फ़्लैट के मालिक ने और बड़ा टारगेट रखा है। पूरे महीने दिन के 24 या 18 घंटे सामूहिक क़ुरान ख़्वानी। वो भी हाफ़िज़ा करने वाले प्रोफेशनल स्टूडेंट्स के ज़रिए। मतलब एक महीने में सौ बार कुरान ख़त्म तो हो

सोचिए एक किताब जिसके ज़रिए दुनियां बदल गई। उसे अब सिर्फ़ ज़ोर ज़ोर से, हिल हिल के बिना एक लफ्ज समझे बूझे पढ़ा जा रहा है। सिर्फ़ इसलिए की इससे अल्लाह खुश होगा, शाबाशी देगा, जन्नत में फ्लैट देगा।

ही जाएगी। इस तरह फ़्लैट वाले भाई साहब थोक के भाव में सवाब कमा लेंगे।

इकबाल अहमद

सोचिए एक किताब जिसके ज़रिए दुनियां बदल गई। उसे अब सिर्फ़ ज़ोर ज़ोर से, हिल हिल के बिना एक लफ्ज समझे बूझे पढ़ा जा रहा है। सिर्फ़ इसलिए की इससे अल्लाह खुश होगा, शाबाशी देगा, जन्नत में फ्लैट देगा।

तक़रीबन वैसा ही जैसे संस्कृत पर पंडितों (ब्राह्मण) ने क़ब्ज़ा कर किया और आम आदमी को बोला समझने की ज़रूरत नही है। उसके लिए हम है न। फलां फलां यज्ञ करो और हमें मोटी दक्षिणा दो। हम आपकी वैतरणी पार लगाएंगे। स्वर्ग पहुंचाएंगे।

कुछ वैसा ही इधर हो रहा है। मज़हबी मठाधीशों का ये कहना भी शुरू हो चुका है कि क़ुरान समझना आम आदमी के बस की बात नहीं है। रोज़ा नमाज़ करो। बाक़ी हमारे ऊपर छोड़ दो। कई लोगों को जानता हूं जिन्होंने सुबह सुबह घर/दुकान/ऑफिस आकर क़ुरान की आयतें पढ़ने के लिए तनख़्वाह पर मौलाना रखे हुए है। आपको क्या लगता है। एक लफ्ज समझे बग़ैर क्या किसी किताब का सिर्फ़ एक पन्ना भी आप पढ़ सकते है? वो भी तब जब वो किताब आपके जीवन जीने का तरीक़ा बताने वाली क़ानूनी किताब हो।

समय के अनुसार बदलते रहे हैं चुनावी मुद्दे

भारत के प्रथम चुनाव में पंडित नेहरू ने अपने भाषण में छुआछूत और जमींदारी की प्रथा मिटाने के लिए आम लोगों से अपील की थी एवं इसके लिए भरोसा भी दिलाया था। इसके अलावा महिलाओं से पर्दा प्रथा छोड़कर देश के निर्माण के काम में आगे आने की गुजारिश भी की थी। इसी तरह चुनावी मुद्दे समय और जरूरतों के अनुसार बदलते रहे। लेकिन आज विश्व जलवायु परिवर्तन, जल की कमी, मिटटी की घटती उर्वरकता, आतंक आदि वैश्विक समस्याओं से जूझ रहा है। अतः अब जीवन के लिए जरूरी पंचमहाभूत की स्थिति को देखते हुए राजनैतिक पार्टियों को चाहिए कि इन समस्याओं पर मुख्य रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके लिए आम जन को भी सरकारों के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। तभी सरकार के जो भी प्रयास जल, जंग , जमीन के संरक्षण के लिए किये जा रहे है, सफल होंगे।

क्योंकि पंचमहाभूतों के संरक्षण से ही विश्व में बढ़ रही आर्थिक असमानता।, कुपोषण, रोजगार, आदि को भी कम किया जा सकता है। इसके अलावा तकनीकी विकास से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे दैत्य तेजी से मानव कि जिंदगी में हस्तक्षेप करने वाले है। इसलिए विकास के नाम पर जो कुछ धरती ने खोया है उसको एक सुनिश्चित अनुपात में रखना मानवता के लिए बहुत जरूरी है।

आज के समय राजनैतिक पार्टियों को चाहिए कि समुद्र के किनारे बसे शहर या जल पर रोजगार के लिए निर्भर लोगों को सरकार से प्रकृति संरक्षण के लिए तेज़ी से काम करने के लिए पहल करनी चाहिए। क्योंकि लोकतंत्र तब तक ही है जब तक आम आदमी चुप है।

गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

आधुनिक वैज्ञानिक सोच ने अभी तक प्रकृति को ठगा है। ये उसी का परिणाम है हमने अपने बच्चों को जीवन के अधिकारों से वंचित कर दिया।

इसीलिए अगर लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए गरीबों, असहाय आदि को उस पंक्ति में लाकर खड़ा करना होगा जहां से वह शासन व्यवस्था में अपनी भागीदारी तय कर सके। तभी वसुधेव कुटुंबकम की धारणा स्थापित हो सकेगी। उदहारण के लिए आज यूक्रेन और वानातू दोनों देश इको साइड के मुद्दे पर एक हो गए है। दुनिया के किसी भी शहर में जीवंत जल का कोई प्रबंधन नहीं है।

आधुनिक वैज्ञानिक सोच ने अभी तक प्रकृति को ठगा है। ये उसी का परिणाम है हमने अपने बच्चों को जीवन के अधिकारों से वंचित कर दिया। इसलिए आज की जो आम आदमी की आवश्कताएं है उन पर भारत सरकार को ध्यान देना चाहिए। यानी हमको विकसित भारत की जगह समृद्ध भारत की तरफ आगे बढ़ना होगा तभी हम सही अर्थों में लोकतंत्र को महत्व दे पाएंगे। प्रकृति संरक्षण के लिए समय समय पर आंदोलन होते रहे, लोग अपने जीवन की आहुति देते रहे है। इसके बाबजूद अगर हम अनसुना करेंगे तो स्वामी सानंद उर्फ़ डा. जीडी अग्रवाल एवं अभी हाल ही में सोनम वांगचुक गांधी के रास्ते पर चलकर इको साइड के लिए अपना विरोध दर्ज़ करवाया। लेकिन आने वाले समय में यही विरोध एक क्रांति का रूप ले सकता है। यही कारण है कि इको साइड के कारण होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए यानी पंचमहाभूतों का संरक्षण राजनैतिक पार्टियों का मुख्य मुद्दा हो। आज की परिस्थिति में धरती पर जीवन के लिए प्राकृतिक नियमों को अपनाकर ही एक गुणवत्ता युक्त जीवन जिया जा सकता है। यही वजह है कि देश को आज 'चुनावी बांड ' की नहीं बल्कि 'पर्यावरणीय बांड ' की जरूरत है। नहीं तो मानव के सामने सामाजिक , आर्थिक , और प्राकृतिक परिपेक्ष्य में बहुत बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। इसलिए अब आम जान के मन में किसी के चुनाव जीतने हारने से बड़ा मुद्दा एक व्यवस्थित लोकतंत्र का होना। यानी हरित या ग्रीन लोकतंत्र। अब समय आ चुका है कि आम लोग अब ऐसी सरकार चाहते है जो उनकी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्राकृतिक साम्राज्य को बचा कर रखे।

ये कोई बड़ी बात नहीं कि भविष्य में लोगों को इको साईडल टैक्स के नाम पर हर्ज़ाना देना होगा। शस्य - श्यामला धरती, स्वच्छ और शुद्ध वायु व जल , अन्न धान्य, नदी , पहाड़ , जंगल यही वास्तविक धन , है क्योंकि ब्रह्मांड में जो कुछ भी है वो प्रकृति का अंग है यही वजह है कि मानव शरीर भी प्राकृतिक संरचना का एक अभिन्न अंग है। इसलिए अर्थशास्त्रियों को चाहिए कि कुछ ऐसे नियम कानून बनाए जाएं जहां कृत्रिम धन को पाने के लिए हम अपने वास्तविक धन को नष्ट न करें, जो की कर रहे है। अतः वास्तव में अब वोट बैंक की राजनीति से दूर हटकर राजनैतिक पार्टियों का मुद्दा अब जीवन के आधार होना चाहिए।

सोशल फोरम

यह सच है बाकी कथा

मथुरा में यदि कुछ सच लगा तो वह यमुना है। निराला की कविता की ये पंक्तियां याद आईं, 'यमुने तेरी इन लहरों में किन अधरों की आकुल तान। पथिक प्रिया सी जाग रही है, उस अतीत के नीरव गान।' अब अतीत एक शोर है, अब कुछ भी संगीतमय या नीरव बचा नहीं है। उपर्युक्त कविता पंक्तियों के आगे है, ' बता कहां अब वह बंसीवट, कहां गए नटनागर श्याम?' यह प्रश्न मेरे मन में जोर-जोर से दस्तक दे रहा था। क्या अब कृष्ण मथुरा- वृंदावन में नहीं हैं? जहां बंशी बज रही हो, वहां लोग शोर करें तो कृष्ण क्या करें? मैं जब मंदिर में गया, बहुत शोर था। ढाई सौ रुपए लेकर कृष्ण का आसानी से दर्शन कराने वाले पुरोहित भक्तों को फंसा रहे थे। भीतर गया, एक कोने में पुरी के जगन्नाथ के रूप में 'बलराम, सुभद्रा और कृष्ण' थे। यहां से राधा बाहर हैं। मंदिर के मध्य में सफेद संगमरमर के राधा-कृष्ण थे, जो लोगों के मन में मुख्य रूप से बसे हैं। फिर कृष्ण का तीसरा रूप है द्वारकाधीश मंदिर में सिंहासन पर बैठे काले रंग के कृष्ण का। यहां कृष्ण अकेले हैं।सूरदास के एक पद में है कि कृष्ण एकबार राजपुरुष के वेश में रुक्मिणी के साथ एक शोभायात्रा में जयजयकारती प्रजा के साथ थे। गली में भीड़ थी। गोपिकाएं भी उनको देखने राधा के साथ आईं थीं। रुक्मिणी के मन में बड़ी उत्सुकता थी राधा को देखने की। कृष्ण काफी दूर खड़ी राधा को दिखाते हुए रुक्मिणी से कहते हैं- वह देखो दूर, जो गोरी स्त्री चुप खड़ी है, वह राधा है।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

अब राधा सामान्य नागरिक थी, अपने प्रेम में खोई हुई अकेली। कृष्ण अब द्वारकाधीश के रूप में थे, भीड़ और लाव-लश्कर के साथ। रचनाकार को किसके साथ होना चाहिए? निश्चय ही उसके साथ नहीं जिसकी जयजयकार हो रही है, सिर्फ उसके साथ होना चाहिए जो अपने अकेलेपन में चुप है और व्यथा में डूबा है। सत्ता का अस्त्र हमेशा भीड़ है। सत्ता हमेशा प्रेम से, राधा से अलग कर देती है। मथुरा एक कृष्णमय नगर है। मुझे यही सच लगा, बाकी कथा है। मजेदार बात यह कि एक भद्र, पढ़ी लिखी महिला मथुरा में पूछ रही थी, 'राम जन्मभूमि कहां है?' कितना भारी दबाव है प्रचार का।

-फेसबुक वॉल से

समासों में उलझा राजनीति का व्याकरण

राजनीति के संधि-समासोंमें करण ही होता है, व्याकरण नहीं। जब एनडीए और इंडिया नहीं थे, तब भी संधि-विच्छेद और समास विग्रह होते ही थे। शत्रु राजा के आक्रमण में कोई भेदिया -प्रत्यय ऐसा मिल जाता था कि पूरे भरोसे में ही सिंहासन का विच्छेदन हो जाता था। और बाद में भेदिया प्रत्यय का भी। पता नहीं आचार्य चाणक्य के पास कौन सा चेप था कि सिकंदर के आक्रमण को रोकने के लिए सारे डॉट और डॉट कॉम को एक ही सीरीज में ला दिया। देश बना, जनता को महादेश मिला । फिर भी बलिहारी है आज के लोकतंत्र की। यही कि अब पार्टियों से टूटते -जुड़ते आवाजाही के गलियारे स्वागत- संस्कृति के नगाड़ों से गूंजते रहते हैं।

पर इन दिनों तो लगता है कि इस मौसम में बारहखड़ी के अक्षर जब- तब शिरोरेखा के खिलाफ बुलंद हैं। पाणिनी को ही बुलवा लिया जाए तो इंग्लिश-हिंग्लीश सहित भाषाई पेंचों में इतने उलझ जाएंगे कि सारे संधि- सूत्र मुंह ताकते रह जाएंगे। अलग बात है कि राजनीति के सूत्र तो संधि-विच्छेद और समास विग्रह में ही लोकतंत्र की बुनियाद रचते हैं। कब संस्कृत का शब्द वोटर से निकटता जतलाने के लिए प्राकृत-अपभ्रंश की यात्रा करते हुए ठेठ देसी बखान कर देगा। कब ट्वीटर की चिड़िया बड़बोली व्यंजना में बवाल मचा देगी। और अगले ही स्टॉप पर मन के उबाल की ऐसी फूलमती भाषा से पत्थर बरसाएगी कि पार्टी को ही किनारा पड़ेगा- 'यह उनका निजी विचार है'। पार्टी को



बीएल आच्छा
चेन्नई

यह समय अकेले चलने का नहीं है। गढ़े-उखड़े रहने का नहीं है। शेयर बाजार की तरह मौसम विज्ञान या लाइट हाऊस को प्रेडिक्ट करने का है। शतरंजी गणित में अपने खाने को सुरक्षित रखने का है।

उनसे लेना- देना नहीं, पर अपना बनाए रखना है। जो जितनी गिरी भाषा में बात कहेगा वही मीडिया का अष्टम स्वर बनेगा। अब ऐसी कचरा पंखुड़ियों को डस्टबिन में डालते- डालते कोई शहर तो स्वच्छता में नंबर वन हो जाता है, पर राजनीति का आकाश तो चैनलों में डम- डम डिगा- डिगा के साथ गगनभेदी हो जाता है। और लोकतंत्र के मंदिरों में बहसान जारी हो तो मामला ही सिरमौर हो जाता है।

चुनावी मौसम में संधि-विच्छेद के अध्याय द्वंद्वात्मक हो जाते हैं। पार्टी विच्छेद हुआ नहीं कि नई संधि दरवाजे पर मोलभाव के लिए खड़ी हो जाती है। और दो की लड़ाई में समास का फल-भोक्ता तीसरा (बहुब्रीहि समास) ही हो जाता है। कभी-कभी पति -पत्नी का योजक द्वंद्व समास घर में एका और बाहर में अलग-अलग पार्टीबाजी का बिजूका लिए लोकतंत्र को मजबूत करते जाते हैं। कई बार बरसों से जमे मूल शब्द उखड़ने का नाम नहीं लेते। महिलाओं के तो पूरे इतिहास के कच्चे चिट्ठे खोलकर रख देते हैं। फिर पलट- बुद्धि और सुलट- बुद्धि के टूल बॉक्स बन जाते हैं। कभी घिसे औजार से गाड़ी दौड़ने लगती है। कभी नए औजार का जनाधार पुरानी गाड़ी में फिट हो जाता है। ऐसे में पुरानी संधियां दिले बेचारगी के अफसाने गाने लगती हैं। कभी जन्मजात दलीय उम्मीदवार ताकता रह जाता है।

कभी बगावती तान के बावजूद पटकनी में गुत्थमगुत्था। जीत गए तो विच्छेद का सुर-भंग भी मान- मनौव्वल के बाद लौटने का स्वागत द्वार रचा जाता है। तब के बगावती टूल किट की बारूदी जबानें धमाका करती थीं। पर सारी बकरौली के बावजूद पुराने दरवाजों में लौटते ही सारा बारूद राजनीति के चेहरे का क्रीम मोइश्चराइजर बन जाता है। अजीब सा व्याकरण है। यह कैसा एलजेब्रा है कि 'ए' को 'ए स्क्वायर' करने जाओ तो हाथ मलते कुंआरे रह जाते हैं। जब बहुमत के जादुई आंकड़े के आसपास हो तो विजेता निर्दलीय भी छब्बे जी नहीं अट्ठेजी का बहुमान पा जाता है। और कहने को कि ये तो हमारे अपने ही हैं। जैसे ज्योतिष में राजभंग योग होता है वैसे संधि- विच्छेद और समास- विग्रह के लाभों का अंदरूनी गणित सिर चढ़कर बोलता है। कभी- कभी पिता-पुत्र लाल सुर्खियों में होते हैं। कभी चाचा-भतीजे। तालमेल के जोड़क सूत्र भारोत्तोलन करते रहते हैं। कभी पार्टियां टूट जाती हैं। फिर नए नामकरण। पर राष्ट्र और जन तो बरकरार रहते हैं, जैसे सरकारी बैंकों में इंडिया तो रहेगा ही। बहुत हुआ तो पार्टी के नाम के साथ ब्रेकेट में ए बी सी डी। पहले विद्वान लोग किताब का पाठ संपादन करते थे,अब राजनेता पार्टी- संपादन। और पार्टी संपादन करते- करते पार्टी का अध्यक्ष ही विरोधी किताब का पाठ बन जाता है। कहें तो अव्ययीभाव समास ही व्यय-भाव में छलांग लगा जाता है। यह समय अकेले चलने का नहीं है। गढ़े-उखड़े रहने का नहीं है। शेयर बाजार की तरह मौसम विज्ञान या लाइट हाऊस को प्रेडिक्ट करने का है। शतरंजी गणित में अपने खाने को सुरक्षित रखने का है। अकेले अपना गीत गाने का नहीं, आर्केस्ट्रा में अपना सुर ताल साधने का है। बिना आर्केस्ट्रा के न तो अपने सध पाते हैं न पब्लिक का मिजाज। राजनीति के आर्केस्ट्रा में तो धुनों का समीकरण साधना पड़ता है। पर एक-दूजे के धुर विरोधी भी पुरानी जबानों के विडियो को एक्सपायरी डेट का नहीं होने देते। मौका देखा नहीं कि पुराने विडियो से सकपका दिया।

कितना पुराना हो गया व्याकरण भी। केवल संस्कृत के शब्दों में ही संधि होती थी। बड़ी मुश्किल से हिंदी के कुछ शब्दों में तालमेल बिठाया। अब तो शब्दों के तोड़-मरोड़ में ही व्यंजना के वार-पलटवार। राजनीति के संधि-समासों में मेल-मिलाप के विशेषण भी मीडिया में सिरफोड़ शोर मचाते हैं। अब रोजमर्रा पालों की छलांग लगाते पेंचों का कोई व्याकरण बनाए तो बनाए कैसे?

पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामिया गिरफ्तार

दबोचा गया बदमाश गोकशी और गैंगस्टर का है आरोपी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। दिबियापुर थाना क्षेत्र की पुलिस को रविवार की तड़के साढ़े तीन बजे सूचना मिली की गोकशी का वांछित इनामी आरोपी बाइक से जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी ने पुलिस को देखकर पुलिस पर तमंचे से फायर कर दिया। पुलिस ने अपना बचाव करते हुए जवाबी फायर किया, इस जवाबी फायरिंग में आरोपी के दाहिने पैर में गोली लग गई । पुलिस ने घायल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक एवं सीओ सिटी ने आरोपी से पूछताछ की।

गोकशी का आरोपी खानपुर निवासी राजा उर्फ सुनील पुत्र साबिर की थाना पुलिस को काफी समय से तलाश थी। आरोपी कोतवाली क्षेत्र में पूर्व में गोकशी के मामले में 25 हजार का इनामी है। पुलिस ने उस पर गैंगस्टर और हिस्ट्रीशीट की कार्रवाई की थी। रविवार सुबह लगभग साढ़े तीन बजे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी औरैया की ओर से दिबियापुर की ओर जा रहा है, तभी कोतवाली

घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करते एएसपी व अन्य। अमृत विचार

● जवाबी फायरिंग में आरोपी के दाहिने पैर में लगी गोली

पुलिस, दिबियापुर पुलिस एवं एसओजी ने पीछा कर ककोर के पास उसे रोकने का प्रयास किया तो आरोपी ने पुलिस पर तमंचे से फायर कर दिया, तभी पुलिस की ओर से बचाव में की गई फायरिंग से एक गोली आरोपी के दाहिने पैर में लग गई और आरोपी घायल होकर वहीं गिर गया। इसके बाद पुलिस ने उसे घेरकर पकड़ लिया। घायल आरोपी को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। सीओ सिटी एमपी. सिंह ने बताया कि आरोपी गोकशी

घायल आरोपी को अस्पताल ले जाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

के मामले में 25 हजार का वांछित था। उस पर औरैया में गोकशी, एनडीपीएस, गैंगस्टर और थाने का हिस्ट्रीशीट समेत कई मामले दर्ज हैं।

मार्च में इतनी गर्मी तो अप्रैल मई व जून में क्या हाल होगा

गर्मी के तेवर

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। मार्च माह में ही इस बार गर्मी के तीखे तेवर लोगों के बदन झुलसाने लगे हैं। सूर्य देव के रौद्र रूप के चलते लोगों को प्यास बुझाने के लिए पानी के साथ शीतल पेयों व ठंडक के लिए कूलर पंखों का सहारा लेना पड़ रहा है जिससे शीतल पेयों व कूलर पंखों की मांग बढ़ गई है।

इस समय मार्च माह के अंतिम सप्ताह में ही सूर्य देव के तीखे तेवर लोगों को गर्मी से परेशान करने लगे हैं। लोगों का कहना है कि जब अभी इतनी गर्मी पड़ रही है तो आखिर अप्रैल मई जून महीनों में गर्मी का क्या हाल होगा। भीषण गर्मी का आलम यह है कि सुबह 11 बजे के बाद ही सड़कों पर सन्नाटा सा नजर आने लगता है। किसानों को भी गर्मी के कारण खेतों में काम करना काफी

● भीषण गर्मी के चलते शीतल पेयों कूलर और पंखों की बिक्री बढ़ी



मुश्किल हो रहा है। आलम यह है कि बदन झुलसाती गर्मी के कारण लोग शीतल पेयों के साथ ही कूलर पंखों का सहारा लेते दिख रहे हैं और यही कारण है कि शीतल पेयों व कूलर पंखों की भी बिक्री बढ़ गई है। हालत यह है कि शीतल पेयों व कलर पंखों की दुकानों पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ लगी नजर आ रही है वहीं ठंडे पानी की बोतलों के साथ पानी भरे पाउचों की भी जमकर बिक्री हो रही है।

मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड व मेडल देकर किया गया सम्मानित

संवाददाता, बिधूना, औरैया

अमृत विचार। रविवार को ज्ञान स्थली एकेडमी, बिधूना विद्यालय में वार्षिक अभिभावक एंव अध्यापक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का उद्घाटन ज्ञान स्थली एकेडमी बिधूना विद्यालय के चेयरमैन शिवप्रसाद यादव के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

इस अवसर पर परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई। कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी पाने वाले छात्र व छात्राओं को शील्ड, ट्रॉफी मेडल एंव प्रमाण पत्र व अंक पत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों के साथ आये हुए माता-पिता अविभावकों का विद्यालय परिवार द्वारा आभार व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया गया।

विद्यालय के चेयरमैन शिव प्रसाद यादव ने प्रथम द्वितीय एवं

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

तृतीय स्थान पाने वाले एंव अगली कक्षा में पहुंचने वाले छात्र छात्राओं को बधाई दी और इसी प्रकार आगे बढ़ने के लिए कुछ सुझाव भी दिये। इस अवसर पर उन्होंने कहा यह परीक्षाफल विद्यार्थी, अध्यापक और माता-पिता के मेहनत का फल है। गोष्ठी को सफल बनाने के लिए ज्ञान स्थली एकेडमी बिधूना विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने सहभागिता दिखाई।

इस अवसर पर कल्पना वर्मा उप प्रधानाचार्या, भानू प्रताप सिंह, भाविका सिंह सेंगर गीता यादव, इतांशी सेगर, पूनम चतुर्वेदी , शिवनाथ सिंह, सागर सक्सेना, नीलम सिंह , मोहित सिंह , अंजुली सक्सेना, ज्योती सिंह, शैलेन्द्र सिंह , ज्योती पाठक, प्रीती शाक्य, सर्वेंद्र , छवि, अंशू चौहान, अपर्णा शर्मा, विनय शुक्ला, मीरा तोमर, विशाल, आकाश गुप्ता, पारूल शाक्य, अनूप सक्सेना, कपिल भदौरिया, पूजा यादव, कौशलेन्द्र आदि मौजूद रहे।

भूमि विवाद में जीजा-साले को पीटकर किया घायल

फफूंद। कस्बा के मुहल्ला कटरा मनेपुर निवासी कपिल दुबे ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि हमारे जीजा शशांक मिश्रा के खेत ककोर मार्ग पर नहर कोठी के पास में है। शनिवार की शाम को अपने जीजा के साथ हम खेतों पर गये हुये थे। तभी, मोहल्ला तिवारीयान निवासी आशीष दुबे, अनुराग दुबे, सुशील दुबे पुत्र दिनेश दुबे व कांति दुबे पत्नी दिनेश दुबे आ गये और गाली-गलौज करने लगे, जिसका हमने विरोध किया तो उक्त लोगों ने लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में पहुंच कर तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायलों को डॉक्टरी परीक्षण हेतु सीएचसी दिबियापुर भेज दिया है। तथा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

छह रूठे परिवार एक साथ रहने को हुए राजी

औरैया। पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देशानुसार महिला थाना प्रभारी रीना गौतम की अध्यक्षता में बिछड़े परिवरों को मिलाया गया। जिसमें रविवार को 20 फाइलें दायर की गई। 6 परिवार को जो आपसी वैचारिक मतभेद की वजह से कुछ दिनों से अलग रह रहे थे और एक-दूसरे के साथ रहने को राजी नहीं थे ।उन्हें समझा बुझाकर पति-पत्नी के मध्य मन मुटाव कलह को दूर कर एक साथ रहने को राजी कर परिवार से मिलाया गया। परिवार को हंसी खुशी से विदा किया गया।

गालीगलौज कर की मारपीट, मुकदमा दर्ज

अछल्दा। थाना क्षेत्र के गांव रूपपुर निवासी सत्यप्रकाश पुत्र रामनारायण ने थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि 13 फरवरी को करीब दो बजे करीब हमारे गांव रूपपुर में आये संजू यादव पुत्र रामप्रकाश यादव निवासी पुर्वा थना ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भाकियू (भानु) का होली मिलन में एक-दूसरे को दी बधाई

औरैया। रविवार को भारतीय किसान यूनियन (भानु) के तत्वावधान में जनपद के विकासखंड एरवाकटरा क्षेत्र के कस्बा उमरैन में होली मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संगठन के पदाधिकारयों समेत कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गईं। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित लोगों द्वारा फाग गायन का भी कार्यक्रम संपन्न हुआ। जनपद के विकासखंड एरवाकटरा क्षेत्र के उमरैन में भारतीय किसान यूनियन (भानु) के तत्वावधान में रविवार को होली मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महासचिव बबलू शाक्य एवं संचालन मंडल महामंत्री कानपुर जितेंद्र परिहार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि संगठन के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह चौहान माल्यार्पण व मुकुट पहनकर एवं युवा जिला अध्यक्ष हरिओम राठौर, छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रशांत सेंगर आदि का माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र पहनकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर फूलों की होली खेल कर शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम के अंत में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा फाग गायन का भी कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला प्रभारी प्रशांत अवस्थी, जिला मीडिया प्रभारी श्याम शुक्ला, नगर उपाध्यक्ष औरैया गोरेलाल, प्रदीप शाक्य प्रधान उमरैन, जमुना प्रसाद, लालता प्रसाद, सुरेंद्र शाक्य, कन्हैयालाल पाल, रमेश कश्यप, रामजी चौहान, रूप सिंह, अनवर हुसैन, सुनील चौहान, नवाब सिंह आदि रहे।

मानव जीवन में हमेशा मंथन चलता है: आचार्य

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। शहर के बघा कटरा मुहल्ले में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में रविवार को वामन अवतार एवं गजेंद्र मोक्ष की कथा सुनाई गई। आचार्य केशवम अवस्थी ने राजा बली और भगवान वामन के चरित्र पर प्रकाश डाला।

कथा में आचार्य ने बताया कि मानव जीवन में मंथन हमेशा ही चलता रहता है। कभी दैवीय गुण प्रभावी होते हैं तो अमृत निकलता है और कभी रक्षसी गुण प्रभावी होते है तो विष निकलता है। आचार्य ने कहा कि जो बुराइयों की विष को भी प्रसन्नता से पी ले वही शिव हैं। सूर्यवंश का वर्णन हुआ करते

● श्रीमद्भागवत कथा सुनने को उमड़ रही है भक्तों की भारी भीड़

कथा सुनाते आचार्य केशवम अवस्थी।

हुए आचार्य ने श्रीराम जी की बाल लीलाओं का वर्णन सुनाया, जिसे सुनकर भक्त भाव विभोर हो गये।

मंजू सिंह प्रबंधक और महेश चंद्र बने अध्यक्ष

संवाददाता, बिधूना, औरैया

अमृत विचार। सरस्वती शिक्षा परिषद द्वारा बिधूना नगर में संचालित शेर सिंह सरस्वती शिशु और सरस्वती विद्या मंदिर की प्रबंध कारिणी समिति के हुए चुनाव में मंजू सिंह को प्रबंधक चुना गया है। इसके अलावा 12 अन्य को प्रबंध समिति का पदाधिकारी व सदस्य नामित किया गया है।

सरस्वती शिक्षा परिषद द्वारा नामित चुनाव अधिकारी डाक्टर नरेंद्र त्रिपाठी की मौजूदगी में नगर में स्थित शेर सिंह सरस्वती शिशु और सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में प्रबंध कारिणी समिति के सम्पन्न हुए चुनाव में प्रबंध कारिणी समिति में महेश चंद्र चतुर्वेदी को अध्यक्ष, मथुरा प्रसाद शंखवार को उपाध्यक्ष, मंजू सिंह सेंगर को प्रबंधक, डाक्टर

नवनियुक्त प्रबंधक का स्वागत करते विद्यालय के लोग। अमृत विचार

बागीश गुप्ता को सह प्रबंधक, अशोक कुमार सिंह चौहान सभासद को कोषाध्यक्ष के अलावा मुंशी लाल शाक्य, रघुवीर चन्द्र चोपड़ा, अनिल कुमार पाण्डेय, श्रीकांत पाल व अनिल कुमार शुक्ला को सदस्य चुना गया। इसके अलावा विद्यालय के प्रधानाचार्य राम कृष्ण त्रिवेदी को पदेन सदस्य के रूप में रखा गया है, जबकि राम प्रकाश पोरवाल को प्रांतीय प्रतिनिधि चुना गया, जिसके बाद चुनाव प्रक्रिया के दौरान रहे सरस्वती शिक्षा परिषद के प्रांतीय पदाधिकारियों व चुनाव अधिकारी नरेंद्र त्रिपाठी ने नवनिर्वाचित प्रबंधक मंजू सिंह को साल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

नव निर्वाचित प्रबंधक मंजू सिंह ने सरस्वती शिक्षा परिषद के सभी पदाधिकारियों को साल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। मंजू सिंह के शेर सिंह सरस्वती शिशु और सरस्वती विद्या मंदिर का प्रबंधक चुने जाने पर ब्लाक प्रमुख बिधूना के प्रतिनिधि आदर्श सिंह सेंगर, भाजपा के जिला मंत्री लाल सिंह सेंगर, जनता इंटर कालेज रूरूगंज के प्रबंधक नीरज सिंह सेंगर, पूर्व प्रधानाध्यापक रविन्द्र प्रताप सिंह गौर, अरविंद प्रताप देव ,सहकारी संघ रूरूगंज के अध्यक्ष गोविंद प्रताप सिंह कुशवाह कल्लू, संदीप सिंह राठौड़ चुनमुन, राहुल तिवारी, बीरू भदौरिया, अरूण प्रताप सिंह भदौरिया मोनू, रिंकू पाल, प्रबल प्रताप सिंह सेंगर पिंटू आदि ने बधाई दी है।

श्रीराम शोभा यात्रा को लेकर तैयारियां शुरू

संवाददाता, ककोर, औरैया

अमृत विचार। औद्योगिक नगर दिबियापुर में इस बार चौथी श्री राम शोभायात्रा की भव्य तैयारियां की जा रही हैं । इस यात्रा के संबंध में आज हनुमान मंदिर पर एक विशाल बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में श्री राम युवा सेना के अध्यक्ष आशीष दुबे ने कार्यकर्ताओं को बताया कि शासन द्वारा रैली की तैयारी अनुमति मिल गई है। इस यात्रा में 10 हजार लोगों का परमिशन मिल चुका है। इसमें दो डीजे के साथ बजेंगे। साथ ही बैनर

तैयारी बैठक के बाद मौजूद कार्यक्रम आयोजक। अमृत विचार

तथा होर्डिंग्स भी लगाए जाएंगे। इस शोभा यात्रा में सभी भक्तों को भगवा कुर्ता पहन कर आना होगा। वहीं, महिला शक्ति भी भगवा साड़ी में नजर आएंगी। पिछले 3 साल से यह भव्य यात्रा विशाल रूप ले चुकी है। वहीं, चौथी शोभा यात्रा की तैयारी जोरों से की जा रही है। हम सभी को हिंदू एकता बढ़ाने के लिए इस यात्रा में शामिल होना चाहिए । सभी घरों

● विशाल यात्रा का होगा आयोजन 17 को दिबियापुर में निकाली जाएगी भव्य श्रीराम शोभायात्रा

में पत्रक वितरित किए जाएंगे साथ ही साथ सभी शोभायात्रा में आए भक्तों को झंडी भी लेकर चलना होगा। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष आशीष दुबे महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रद्धा मनु चौहान, सुमन चतुर्वेदी, उषा गुप्ता, साधना पोरवाल प्रीति, अपर्णा पाल, कंचन, मुन्नी, सौम्या राजपूत, विशाल चौहान, प्रशांत दुबे, गोविंद दुबे, देवेश राजपूत, दुबे, गौरव पांडेय आदि मौजूद रहे।

अनियंत्रित बाइक की टक्कर से बच्चा घायल

औरैया। सड़क पर अनियंत्रित गति से आ रहे एक बाइक सवार ने एक बच्चे को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछल्दा में भर्ती कराया गया।

अछल्दा थाना क्षेत्र के ग्राम गौतला निवासी 5 वर्षीय लव कुमार पुत्र सुनील कुमार रविवार की दोपहर अपने मकान के पास खड़ा था तभी सड़क पर अनियंत्रित गति से आ रहे एक बाइक सवार ने बच्चे को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल बच्चे को उसके परिजनों द्वारा आनन-फानन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछल्दा में भर्ती कराया गया जहां पर चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है वहीं घटना की शिकायत पुलिस से की गई है, जिस पर पुलिस ने मामले की जांच कर दोषी बाइक सवार के विरुद्ध कार्रवाई करने का भरोसा दिया है।

कार्यकर्ता सम्मेलन में मौजूद सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया। अमृत विचार

सभी वर्गों को मिला सरकारी योजनाओं का लाभ : सांसद

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● अजीतमल, अछल्दा और भीखेपुर में हुए सम्मेलन

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिये इटावा लोकसभा संयोजक एवं अजीतमल ब्लाकप्रमुख रजनीश पांडेय के सौजन्य में एक विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन अजीतमल में आयोजित किया गया, जिसमें इटावा लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी डॉ राम शंकर कठेरिया, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य रहे। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने की।

विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इटावा लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी डॉ. राम शंकर कठेरिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव आकांक्षाओं को पूरा करने वाला चुनाव है। केंद्र सरकार द्वारा गरीब काल कल्याण योजनाओं के विकास की प्रतिबद्धता का परिणाम है कि भाजपा को लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सफलता मिल रही है । आज यही कारण है कि हमारे प्रधानमंत्री को न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में समर्थन और सम्मान मिल रहा है। लोकसभा 2024 का चुनाव समान नागरिक सहिंता को धरातल पर लाने, पीओके को वापस लेने, जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने सहित महत्वपूर्ण कानूनों को फलीभूत करने का चुनाव है। हर काम को आगे बढ़कर करना है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

कहा कि सेवा, सुशासन, सुरक्षा और गरीब कल्याण के लक्ष्य को लेकर डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। पिछले 10 सालों में मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के सभी बगों के लोगों को मिल रहा है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों का अभिवादन करते हुए जय श्री राम के नारे लगाए। हाल ही में सपा,बसपा, कांग्रेस से भाजपा में आए लोगों को सादर धन्यवाद दिया।

सांसद ने कहा कि क्षेत्रीय दलों से टूटकर लगातार लोग भाजपा ज्वॉइन कर रहे है। पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य ने कहा कि यह चुनाव राष्ट्रहित का चुनाव है। सम्मेलन के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता गोपी चरण वर्मा, किसान मोर्चा के प्रांतीय सदस्य गोपी चरण वर्मा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीराम मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता चुन्नू भैया, कुलदीप दुबे, भाजयुमो प्रदेश मंत्री सौरभ भूषण शर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मोनू सेंगर आदि मौजूद रहे।

होली मिलन

वाद्य यंत्रों की धुन पर मोरवी ग्रुप के कलाकारों ने मचाया धमाल, बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दिखाई प्रतिभा

एक-दूसरे को गुलाल लगाकर मिले गले

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। विचित्र पहल सेवा समिति की महिला शाखा तुलसी सखी ग्रुप द्वारा रंगों के पर्व होली के बाद रविवार को क्रॉनिक एकेडमी में जमकर अबीर गुलाल उड़ाते हुए होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अनूप गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंतर्गत मोरवी नंदन म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार विष्णु शुक्ला, अनंत शुक्ला व मनोहरी भजनों के गायक कलाकार सुभाष दुबे, विवेक तिवारी, अंशिका यादव व उमाकांत शास्त्री ने लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया, वृंदावन के मशहूर कलाकार आस्था व नीसू ने नृत्यों व फूलों की होली से मन मोह लिया।

शहर के अथर्व, अंशिका, संस्कार, अनुष्का, सोनू, अध्या मिश्रा, अनिका, नित्या अवस्थी, सोनम, सेजल, दिव्या व पलक ने

होली मिलन समारोह में मौजूद लोग। अमृत विचार

रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर रंग-बिरंगी महफिल में जमकर धमाल मचाया। कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को आकर्षक उपहार भेंट किए गए। आयोजन में मुख्य अतिथि ने कहा कि होली एक ऐसा पर्व है जिसमें लोग अपने पुराने गिले-शिकवे व बुराई भूलकर एक दूसरे से गले मिलते हैं। समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि होली मिलन जैसे पारंपरिक व सामाजिक कार्यक्रमों से आपसी सद्भाव व प्रेम की भावना जागृत होती है।

समापन पर लोगों ने होली के गीतों पर सामूहिक नृत्य करते हुए एक दूसरे पर गुलाल व पुष्पों की वर्षा की। कार्यक्रम का सफल संयोजन समिति के सक्रिय सदस्य कपिल गुप्ता व महिला शाखा तुलसी सखी ग्रुप की सक्रिय सदस्य मोना यादव द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका आरती दुबे ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सखी ग्रुप की अध्यक्ष एकता गुप्ता, संरक्षक बबिता गुप्ता,

सहेली ग्रुप ने अबीर-गुलाल के साथ खेली होली

ककोर। औद्योगिक नगर दिबियापुर की जायंट्स ग्रुप ऑफ दिबियापुर सहेली संगठन ने आज आई सी एच एनटीपीसी ग्रुप की अध्यक्ष (2023) एवं यूनिट डायरेक्टर को अबीर गुलाल लगाकर सम्मानित किया। जाएंट्स ग्रुप की अध्यक्षता प्रीती पोरवाल ने अपने ग्रुप के सभी पूर्व अध्यक्ष को शील्ड देकर सम्मानित किया और सभी सहेलियों का दिल से आभार प्रकट किया। सभी सहेलियों ने रंग पंचमी के पावन अवसर पर बिंदु गुप्ता के यहां एक-दूसरे के रंग लगाकर गले मिलकर होली की शुभकामनायें दीं। बिंदु गुप्ता ने सभी सहेलियों को रंग लगाकर व फूल देकर स्वागत किया और ढेर सारी बधाई दी। सभी ने स्वादिष्ट पकवानों का आनंद भी लिया। इस अवसर पर ग्रुप की कोर्डिनेटर पूनम पुरवार, यूनिट डायरेक्टर प्रीती पोरवाल, रेनू सिंह, अध्यक्ष संध्या अवस्थी, सपना गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाने के बाद मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

लक्ष्मी बिश्नोई, पूर्व अध्यक्ष मधु शर्मा, पायल पोरवाल, मंगल शुक्ला, सीता पोरवाल, राजीव कुमार शुक्ला, ज्ञान सक्सेना तेज बहादुर वर्मा, भीमसेन सक्सेना, सभासद विनोद यादव (कल्लू), शिक्षक अनुराग गुप्ता, आनन्द गुप्ता (डाबर), पूर्व सभासद पंकज मिश्रा, आदित्य पोरवाल आदि एक सैकड़ा लोग मौजूद रहे।



पर्वतीय, पिछड़े वर्ग और मुस्लिम मतदाताओं को लेकर भाजपा, कांग्रेस व बसपा में जमकर खींचतान बीते तीन चुनावों में यही वोट बैंक तय करता रहा है जीत और हार

धर्म नगरी में अब तक छह बार भाजपा और चार मर्तबा कांग्रेस ने दर्ज की है जीत

भाजपा की हैट्रिक आसान कर सकता चतुष्कोणीय मुकाबला

हरिद्वार संसदीय सीट

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड में इस बार सबसे ज्यादा धर्मनगरी हरिद्वार संसदीय सीट की चर्चा है। यहां से कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के बेटे कुंवर वीरेंद्र रावत को टिकट दिया है, तो भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को उम्मीदवार बनाया है। खानपुर क्षेत्र से निर्दलीय विधायक उमेश कुमार भी चुनाव मैदान में हैं। वहीं बहुजन समाज पार्टी ने मुजफ्फरनगर जिले की मीरापुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे जमील अहमद को मैदान में उतारा है। इस हाल में यहां मुकाबला रोचक बन गया है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि इस सीट पर भाजपा जीत की हैट्रिक बनाती है अथवा चौतरफा संघर्ष में फंसती है।

छह विस सीटों पर भाजपा, पांच पर कांग्रेस काबिज

- हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में आने वाली 14 विधाससभा सीटों में वर्तमान में छह पर भाजपा और पांच सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है। दो सीटों पर बसपा तो एक पर निर्दलीय प्रत्याशी जीता था।
- 2022 के विधान सभा चुनावों में भाजपा को 38 .8 प्रतिशत, कांग्रेस को 36 .0 प्रतिशत, बसपा को 14 .1 प्रतिशत आम आदमी पार्टी को 1 .9 प्रतिशत तथा सपा को 0 .2 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे।
- हालांकि 2017 के विधानसभा चुनावों में भाजपा काफी आगे रही थी। उसे 45 .6 और कांग्रेस को 32 .4 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। बसपा को इस चुनाव में 13 .8 प्रतिशत मत मिले थे।
- समाजवादी पार्टी भी एक बार दौड़ा चुकी है धर्म नगरी में साइकिल
- कैडर वोटों के सहारे बसपा यहां बनाती और बिगाड़ती रही है खेल

1 **कुंवर वीरेंद्र रावत**
कांग्रेस ने दिया है टिकट

2 **त्रिवेंद्र सिंह रावत**
पूर्व मुख्यमंत्री, भाजपा प्रत्याशी

3 **उमेश कुमार**
खानपुर से निर्दलीय विधायक

हरपाल साथी ने जीत की हैट्रिक का बनाया रिकॉर्ड

- हरिद्वार संसदीय सीट वर्ष 1977 में अस्तित्व में आई। पहला संसदीय चुनाव जनता पार्टी ने जीता। उस दौरान इस इलाके में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का खासा प्रभाव था।
- वर्ष 1980 में यह सीट जनता पार्टी (सेक्युलर) ने जीती लेकिन 1984 में समीकरण बदले और कांग्रेस ने विजय पताका फहराई।
- वर्ष 1987 के उपचुनाव में भी कांग्रेस का कब्जा कायम रहा। वर्ष 1989 के चुनाव में कांग्रेस ने इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगाई।
- वर्ष 1991 में कांग्रेस से भाजपा में आए राम सिंह सैनी ने राजनीति बदल दी और यह सीट भाजपा के खाते में चली गई। हालांकि परिसीमन में बदलाव हुआ और यह सीट आरक्षित हुई। इसके बाद भाजपा के कद्दावर नेता हरपाल साथी ने लगातार तीन चुनाव जीतकर हैट्रिक का रिकॉर्ड बनाया।

उत्तराखंड बनने के बाद पहले चुनाव में सपा का खुला खाता

- वर्ष 2004 में उत्तराखंड राज्य का गठन के तुरंत बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में सपा ने हरिद्वार सीट भाजपा से छीन ली। इसके बाद नया परिसीमन हुआ और यह सीट आरक्षित से सामान्य हो गई। अल्मोड़ा से हरिद्वार पहुंचे कांग्रेस के कद्दावर नेता हरीश रावत ने यहां से 2009 में जीत दर्ज की और केंद्रीय जल संसाधन मंत्री बने। वर्ष 2014 में मोदी लहर ने इस सीट पर फिर राजनीति बदल दी। यहां से भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक को उम्मीदवार बनाया। निशंक ने भारी मतों से जीत दर्ज की और वर्ष 2019 में भी अपनी जीत का प्रदर्शन दोहराया।

देहरादून की तीन व हरिद्वार की 11 विस सीटें शामिल हैं

- हरिद्वार लोकसभा सीट में देहरादून की तीन विधानसभा सीटें डोईवाला, धर्मपुर और ऋषिकेश शामिल हैं। हरिद्वार जिले की हरिद्वार, बीएचईएल रानीपुर, ज्वालापुर, भगवानपुर, झबरेड़ा, पिरान कलियर, रूड़की, खानपुर, मंगलौर, लक्सर व हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा सीटें लोक सभा क्षेत्र का हिस्सा हैं।

2019 चुनाव का लेखा जोखा



उम्मीदवार	वोट
रमेश पोखरियाल	665,674
अंबरीश कुमार	4,06,945
अंतरिक्ष सैनी	1,73,528

2014 में किसको कितने वोट



दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	रमेश पोखरियाल	592,320
कांग्रेस	रेणुका रावत	4,14,498
बसपा	मोहम्मद इस्लाम	1,13,663



हरिद्वार से निर्वाचित सांसदों की सूची

वर्ष	सदस्य	दल
1977	भगवान दास राठौड़	जनता पार्टी
1980	जगपाल सिंह	जनता पार्टी (सेक्युलर)
1984	सुंदर लाल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1987	राम सिंह सैनी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	जगपाल सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1991	राम सिंह सैनी	भारतीय जनता पार्टी
1996, 98 व 99	हरपाल सिंह साथी	भारतीय जनता पार्टी
2004	राजेंद्र कुमार बाड़ी	समाजवादी पार्टी
2009	हरीश रावत	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2014 व 19	रमेश पोखरियाल	भारतीय जनता पार्टी

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	हरीश रावत	332,235
भाजपा	यतींद्रानंद गिरि	2,04,823
बसपा	शहजाद	1,81,296

2009 चुनाव के आंकड़े



बदायूं में पिछली बार गुन्नौर ने गिरा दी थी सपा की साइकिल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : लंबे समय तक बदायूं लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी का कब्जा रहा। संसदीय क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों में गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में सपा को हमेशा लंबी बढ़त मिलती रही। लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में गुन्नौर की जनता ने सपा का मजबूत किला ढहा दिया। मोदी लहर में 2014 में गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को जहां 54 हजार मत प्राप्त हुए थे, वहीं 2019 में 96,531 मतदाताओं ने भाजपा को वोट देकर सपा का खेल खराब कर दिया। इसके चलते भाजपा प्रत्याशी संघमित्रा मौर्य ने बदायूं में कमल खिला दिया। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि गुन्नौर की जनता इस बार किस ओर अपना रुख करेगी। मुस्लिम और यादव बाहुल्य क्षेत्र होने की वजह से बदायूं जिले में सपा का दबदबा रहा है। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव बदायूं के लोगों को अपना कुनबा बताते थे। बदायूं सीट से मुलायम सिंह के करीबी रहे सलीम इकबाल शेरवानी पांच बार सांसद रहे। वर्ष 2009 में यहां सपा दो खेमे में बंट चुकी थी तो मुलायम सिंह ने अपने भतीजे पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव को चुनाव मैदान में उतारा। उस समय बसपा की सरकार थी। बसपा से बाहुबली डीपी यादव चुनाव मैदान में थे। लेकिन चुनाव में सपा को ही जीत हासिल हुई। इसके बाद 2014 में मोदी लहर में भी धर्मेंद्र यादव ने भाजपा उम्मीदवार बागीश पाठक को 1.65 लाख वोटों के अंतर से हरा दिया था। सपा की जीत में गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र का बड़ा हाथ रहा। लेकिन, वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा का गढ़ कहे जाने वाले गुन्नौर क्षेत्र ने पार्टी को तगड़ा झटका दिया। यहां से भाजपा उम्मीदवार को 96,531 वोट मिले। हालांकि सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव को यहां एक लाख छह हजार मत मिले, लेकिन भाजपा को अपेक्षा से ज्यादा वोट मिलने की वजह से सपा को हार का सामना करना पड़ा।

- भाजपा ने डा.संघमित्रा मौर्य का टिकट काटकर दुर्विजय सिंह शाक्य को उतारा तो सपा से शिवपाल सिंह यादव करेंगे मुकाबला
- 2014 की मोदी लहर में भाजपा प्रत्याशी को गुन्नौर में मिले थे महज 54 हजार वोट पर 2019 में 96,531 वोट लेकर जीता चुनाव
- अन्य विधानसभा सीटों पर सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव और भाजपा की संघमित्रा मौर्य में चलती रही थी मामूली अंतर से हार जीत

वर्ष 2019 में विधानसभावार मिले मत

- बिसौली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को 1,11,686, सपा को 1,06,485 और कांग्रेस को 6,711 मत प्राप्त हुए थे।
- सहसवान विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को 95,093, सपा प्रत्याशी को 1,09,873 और कांग्रेस को 21,198 वोट मिले थे।
- बिल्सी विधानसभा में भाजपा 1,03,191 वोट, सपा को 79,751 और कांग्रेस को 9,190 वोट मिले थे।
- सदर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को 1,03,842, सपा को 89,691 और कांग्रेस को 9,698 वोट हासिल हुए थे।
- गुन्नौर विधानसभा में भाजपा को 96,531 और सपा को 1,06,159 वोट मिले थे।

सपा में शिवपाल का टिकट बदले जाने की चर्चा

बदायूं लोकसभा सीट पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का मुकाबला करने के लिए मौजूदा सांसद डा.संघमित्रा मौर्य का टिकट काटकर भाजपा ने इस बार दुर्विजय सिंह शाक्य को मैदान में उतारा है। वह पार्टी के ब्रज प्रांत के अध्यक्ष हैं। भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य सपा मुखिया अखिलेश यादव व प्रत्याशी शिवपाल यादव पर तंज कस रहे हैं, शिवपाल पहले अपने भतीजे से तो निपट लें, अपने भतीजे की तो बात कर लें, भतीजे का विश्वास जीतें, जिसने यहां फंसा दिया है। इस बीच माना जा रहा है कि सपा बदायूं लोकसभा सीट पर उम्मीदवार बदल सकती है। इस संबंध में शिवपाल यादव का कहना है कि पार्टी जो भी निर्देश देगी, उसका पालन करूंगा।

इंडिया गठबंधन के पास भ्रष्टाचार के अतिरिक्त कुछ नहीं: मोदी

वाराणसी । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि विपक्षी गुट 'इंडिया' के नेताओं के पास भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और तुष्टिकरण के अलावा देने के लिए कुछ नहीं है। प्रधानमंत्री ने ये बात रविवार को नमो एप के जरिए अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी के पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत के दौरान कहीं। प्रधानमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ 'टिफिन बैठक' में विकास के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता को दोहराया। विपक्ष पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' घिसी-पिटी बातों पर भरोसा करता है। उनमें तर्क और तथ्य दोनों का अभाव है। विपक्षी नेताओं पास भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और तुष्टिकरण के अलावा और कुछ नहीं है। वे बस इतना ही जानते हैं। इसलिए, जब जनता उन्हें अस्वीकार करने लगती है, तो वे मोदी की आलोचना करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियां कभी इस बात की सराहना नहीं करेंगी कि भारत कितना आगे आ गया है। वे परिवार के लिए और परिवार द्वारा हैं। अपनी बातचीत में मोदी ने कहा कि 10 साल पहले, आपने मुझे पहली बार अपना जनप्रतिनिधि होने की जिम्मेदारी सौंपी थी।

हम भी मोदी
मेरठ में आयोजित राजग की रैली को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने संबोधित किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी जोश दिखा।

भाजपा-सपा में रहती टक्कर | इस बार बसपा यादव या मुस्लिम चेहरे पर दांव लगाने की कर रही तैयारी

एटा में हर बार अटकती रही हाथी की राह

गजेंद्र चौहान, कासगंज

अमृत विचार : एटा- कासगंज लोकसभा क्षेत्र में हाथी की राह कभी आसान नहीं हो पाई। यहां बहुजन समाज पार्टी को कभी जीत नहीं मिली। हालांकि विधानसभा चुनाव में कासगंज में बसपा के प्रत्याशी को जीत मिली थी। शायद यही वजह है कि इस बार अभी तक बसपा ने लोकसभा का प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।

बहुजन समाज पार्टी ने एटा लोकसभा क्षेत्र से कई धुरंधरों को मैदान में उतारा, लेकिन यहां की जनता ने उनको नकार दिया। कई बार प्रत्याशी घोषित होने के बाद बदलते भी रहे। लेकिन जीत हासिल नहीं हुई। इस बार यादव या मुस्लिम वर्ग

से प्रत्याशी बनाए जाने की अटकलें हैं। बसपा जिलाध्यक्ष डीपी राना ने बताया कि हमने पैनल बनाकर मुख्यालय को भेज दिया है। इसमें नौ नाम शामिल किए गए हैं। अब मुख्यालय से ही निर्णय लिया जाएगा। संभवतः दो दिन में सूची आ जाएगी। उसमें एटा के प्रत्याशी का नाम शामिल होगा।

विधानसभा चुनाव में मिली थी बड़ी सफलता

- विधानसभा चुनाव में एटा- कासगंज जिले में बसपा को बड़ी सफलता मिली थी। कासगंज विधानसभा क्षेत्र से हसरत उल्ला शेरवानी, सोरों विधानसभा क्षेत्र से ममतेश शाक्य, पटियाली विधानसभा क्षेत्र से अजय यादव और एटा के अलीगंज विधानसभा क्षेत्र से अवधपाल सिंह यादव ने बसपा के टिकट पर चुनाव जीता और उस समय बसपा की सरकार प्रदेश में बनी थी। इसके अलावा वर्ष 2002 में पटियाली विधानसभा क्षेत्र से राजेंद्र सिंह चौहान ने चुनाव जीता था। वर्ष 2012 में अमापुर विधानसभा क्षेत्र से ममतेश शाक्य ने बसपा से चुनाव जीता था।

16 लाख से ज्यादा मतदाता

- इस लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। इनमें कासगंज, अमॉपुर, पटियाली, एटा और मारहरा विधानसभा सीटें शामिल हैं। इस सीट पर 7,42,422 पुरुष वोटर हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 8,78,827 है। थर्ड जेंडर के मतदाता 46 हैं। 2019 में कुल वोटरों की संख्या 9,99,607 थी। मतदान प्रतिशत 61.65% रहा था। एटा क्षेत्र मंट लोध, यादव और शाक्य जाति की बहुलता है।

बीते दो चुनावों का जनादेश

- 2019 लोकसभा चुनाव में एटा सीट से बीजेपी के राजवीर सिंह ने जीत हासिल की थी। उन्हें 5,45,348 वोट मिले थे। सपा के देवेंद्र यादव 4,22,678 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे और आरजेएपी के सूरज सिंह 51,26 वोटों के साथ तीसरे नंबर पर रहे थे। 2014 के चुनाव में भी कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह को टिकट मिला था। उन्होंने बड़ी जीत हासिल की थी। एटा में हुए 58 फीसदी मतदान में भाजपा के राजवीर सिंह को करीब 51 फीसदी वोट मिले थे तो उनके प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को सिर्फ 29 फीसदी वोट मिले थे।

एक नजर

गेहूं खरीद के लिए 1.95 लाख से अधिक पंजीयन

अमृत विचार, लखनऊ : सरकारी गेहूं खरीद के लिए प्रदेश में 1.95 लाख से अधिक किसानों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है। इससे उम्मीद है कि इस बार खरीद का लक्ष्य पूरा होगा और किसान समर्थन मूल्य का लाभ पाएंगे। सरकारी गेहूं खरीद के लिए किसानों में रुचि दिख रही है। अब तक प्रदेश में 1.95 लाख से अधिक किसानों ने क्रय केंद्रों पर बिक्री करने के लिए ऑनलाइन पंजीयन कराया है। इसी आधार पर किसानों ने टोकन भी लिए हैं। इससे खरीद होने पर इंतजार न करना पड़े। एक 1 मार्च से खुले थे। लेकिन, खरीद ललितपुर और महोबा के दो केंद्रों पर ही हुई है। क्योंकि ज्यादातर जिलों में धान कटाई शुरू हुई है। खरीद से पहले अधिकारी व कर्मचारी किसानों से संपर्क कर उन्हें प्रेरित कर पंजीयन करा रहे हैं। पंजीयन की संख्या अधिक है। इससे इस बार खरीद लक्ष्य पूरा होने की उम्मीद है।

पेंशन व पारिवारिक लाभ के नहीं लिए लगाने पड़ेंगे चक्कर

अमृत विचार, लखनऊ : वृद्ध पेंशन और पारिवारिक लाभ के लाभार्थियों को कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इस बीच जो आवेदन आए उन्हें जिला समाज कल्याण कार्यालय चेक करके कमियां दुरुस्त कर तैयार कर रहा। हालांकि आचार संहिता के कारण आवेदनों का सत्यापन, स्वीकृत व भुगतान संबंधित काम नहीं हो रहे हैं। मानना है कि पहले से तैयारी करने से आगे भार कम होगा और कमियां दूर होने से लाभार्थियों को परेशानी नहीं होगी। आचार संहिता के बाद अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा।

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मनेगा अनेकता का उत्सव

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में 1 अप्रैल से दो दिवसीय अनेकता का उत्सव मनाया जाएगा। भारत विविधताओं वाला देश है। अलग-अलग रंग, अलग-अलग त्योहार, लेकिन सोच एक, भावना एक और यही है हमारी गंगा-जमुनी तहजीब। कांग्रेस ने हमेशा इस विविधता का सम्मान किया है और इसे बनाए रखा है।प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष-प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि 1 अप्रैल को शाम 5 बजे से होली मिलन का उत्सव मनाया जाएगा। 2 अप्रैल को शाम 6 बजे से रोजा इफ्तार आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय मौजूद रहेंगे।

मदरसा संगठन पहुंचे सुप्रीम कोर्ट, लगाई गुहार

उप्र मदरसा शिक्षा परिषद अधिनियम को असंवैधानिक करार देने के मामले में चार ऑनलाइन याचिकाएं दाखिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने के लिए मदरसा संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली है। एक्ट को असंवैधानिक करार देने के मामले में चार ऑनलाइन याचिकाएं दाखिल की गई हैं। माना जा रहा है कि मामले की सुनवाई अप्रैल के मध्य में होनी है।

बता दें कि बीते दिनों उप्र मदरसा शिक्षा परिषद अधिनियम 2004 को हाईकोर्ट ने एक आदेश देते हुए असंवैधानिक करार दिया था। ऐसे में मदरसों से जुड़े संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट की शरण लेनी की बात कही थी। इसी को लेकर उप्र के चार मदरसा संगठन आगे आए, जिसमें टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया, मैनेजर एसोसिएशन मदारिसे अरबिया, ऑल इंडिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया तथा प्रबंधक मदरसा अजीजिया इशातुल उलूम मीर शिकरी शामिल हैं। सभी संगठनों ने एक साथ मिलकर एसएलपी दाखिल की है। बताते हैं कि हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध चार एसएलपी दाखिल हुई हैं। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष सभी अपीलें सोमवार को पेश होंगी। छात्रों के परीक्षाफल और समायोजन का कारण बताते हुए अदालत से जल्द सुनवाई किये जाने की अपील की गई है। जानकारों की मानें तो सुनवाई की तिथि ईद के आसपास अथवा उसके बाद मिल सकने की बात कही जा रही है।

▸▸ अदालत से जल्द सुनवाई किये जाने की अपील की

559 अनुदानित मदरसों का भविष्य दांव पर

उप्र में 559 अनुदानित मदरसे हैं। वहीं गैर अनुदानित मदरसों की संख्या हजारों में है। ऐसे में हजारों की संख्या में शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी अब तक मदरसों में कार्यरत रहे हैं। यदि हाईकोर्ट का आदेश प्रभावी हो जाएगा तो मदरसों के साथ- साथ शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का भविष्य भी संकट में आ सकता है।

33 हजार से अधिक शिक्षक हैं कार्यरत

यूपी मदरसा बोर्ड में अब तक 33 हजार 692 शिक्षक कार्यरत रहे हैं। इसमें 13 हजार 329 मान्यता प्राप्त मदरसों में कार्यरत हैं। वहीं 560 एडेड मदरसों में इनकी संख्या 9646 है। इसमें शिक्षणेत्तर कर्मचारी भी सम्मिलित हैं।

मदरसा संगठन एकजुट

मदरसा संगठन के जिम्मेदारों ने बीते दिनों अमृत विचार से बातचीत करते हुए कहा था कि वे लोग सुप्रीम कोर्ट में अपनी गुहार लगाएंगे। इसी को लेकर टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया के महासचिव दीवान साहब जमा और ऑल इण्डिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया के महासचिव वहीदुल्ला खां सईदी सहित अन्य पदाधिकारी दिल्ली पहुंचे। जहां उन्होंने एक नामचीन वकील से मिलकर अदालती कार्रवाई को अंतिम रूप दिया।

सेवानिवृत पुलिस अधिकारी को मोमेंटो भेंट करते डीजीपी प्रशांत कुमार। अमृत विचार

डीजीपी ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को मोमेंटो भेंट किया

अमृत विचार, लखनऊ : पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने रविवार को पुलिस मुख्यालय में पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रमोद कुमार तिवारी, पुलिस अधीक्षक रमाकांत प्रसाद एवं पुलिस उपाधीक्षक नरसिंह नारायण सिंह को सेवानिवृत्ति होने पर उन्हें मोमेंटो भेंट किया एवं सेवा काल में किए गए कार्यों की सराहना की। इस दौरान उक्त तीनों अधिकारियों के साथी पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे। पुलिस कर्मियों ने अपने-अपने अफसरों को भाउक विदाई दी।

लोक सभा चुनाव स्वार्थी परिवार बनाम मोदी परिवार के बीच : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ की चुनावी रैली में कहा कि यह चुनाव सिर्फ चुनाव नहीं है, बल्कि उन लोगों को फिर से सही जगह दिखाने का मौका है, जिन लोगों ने सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का कार्य किया है। यह चुनाव फैमिली फर्स्ट बनाम नेशन फस्ट, माफियाराज बनाम कानूनराज, भ्रष्टाचार बनाम जीरो टॉलरेंस, तुष्टिकरण बनाम सबका साथ-सबका विकास, स्वार्थ के परिवार बनाम मोदी के परिवार, जातिवाद बनाम गरीब कल्याण के बीच का है।

उन्होंने कहा कि एक तरफ विकास को लेकर चलने वाली सरकार है तो दूसरी तरफ हजार षडयंत्र करने वाले नापाक गठबंधन के लोग तमाम तरह के भ्रम की आवाज पैदा कर रहे हैं। तय करना है कि कर्फ्यू चाहिए या कांवड़ यात्रा। योगी ने कहा कि इस क्षेत्र में 10 वर्षों के अंदर काफी परिवर्तन हुआ है। कांग्रेस व सपा सरकारों के समय इस क्षेत्र ने दंगा पॉलिसी व कर्फ्यू की यातनाओं को झेला है। जब भी समाज को जाति और परिवारवादियों के माध्यम से बांटने की चेष्टा होगी तो उसका फायदा उठाकर दंगावादी-कर्फ्यूवादी लोग न केवल आजीविका पर प्रहार करेंगे, बेटियों-व्यापारियों की सुरक्षा पर प्रहार करेंगे, बल्कि विकास को बाधित करने का भी प्रयास करेंगे। आज एक तरफ भाजपा व सहयोगी दल पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए पूरी मुश्तैदी व मजबूती के साथ कार्य कर रहे हैं तो दूसरी तरफ विभाजनकारी ताकतें परिवारवाद व जातिवाद के आधार पर सामाजिक तानेबाने को छिन्न-भिन्न करने का कार्य कर रही है।

मेरठ में आयोजित रैली में मंच से लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी। अमृत विचार

▸▸ प्रदेश वासियों ने सपा व कांग्रेस की सरकारों के समय कर्फ्यू की यातनाओं को झेला

भारत रत्न मिलना किसानों का सम्मान

योगी ने कहा, किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलना किसानों का सम्मान है। यूपी व देश का किसान इसके लिए मोदी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता है। योगी ने आह्वान किया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में 2014, 2017, 2019 और 2022 में आपने एनडीए गठबंधन को आशीर्वाद दिया है। एक बार फिर आपका आशीर्वाद 2024 में हमें प्राप्त हो। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी, अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, निषाद पार्टी के अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ. संजय निषाद, सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के मंत्री ओमप्रकाश राजभर, मेरठ के सांसद राजेंद्र अग्रवाल, बागपत के सांसद सत्यपाल सिंह, राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी, मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल, कैराना से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी, मुजफ्फरनगर से भाजपा प्रत्याशी संजीव बालियान, बिजनौर से एनडीए प्रत्याशी चंदन चौहान, बागपत से राजकुमार सांगवान आदि मौजूद रहे।

विद्युत में आत्मनिर्भर होंगी प्रदेश की पांच जेल, लगेंगे रूफटॉप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के पांच कारागारों को अब बिजली का बिल नहीं अदा करना होगा। पांच कारागार जल्द ही विद्युत के मामले में आत्मनिर्भर हो जाएंगे। इन कारागारों में सोलर रूफटॉप लगने जा रहा है। हैवी पावर के यह रूफटॉप पूरे कारागार को रोशन करेंगे। जरूरत से अतिरिक्त विद्युत बनने की स्थित में बिजली विभाग को बेचेंगे भी। शासन ने प्रस्ताव स्वीकृति मिलने के बाद धन जारी करने का निर्देश भी दे दिया।

जिन कारागारों में सोलर रूफटॉप लगने हैं, उनमें लखनऊ, आजमगढ़, चित्रकूट, बरेली और गौतमबुद्धनगर के कारागार शामिल हैं। इसके लिए शासन द्वारा आठ करोड़ 36 लाख की धनराशि स्वीकृति की गई है। निर्देश के मुताबिक प्रत्येक कारागार में बड़े पैमाने पर सोलर रूफटॉप लगने हैं। कारागारों में विद्युत की खपत भी बहुत है। ऐसी स्थित में करोड़ों रुपए का बिजली बिल जमा होता है। सोलर रूफटॉप लग जाने के कारण इन कारागारों में 24 घंटे अनवरत विद्युत सप्लाई भी रहेगी और बिल भी नहीं भरना होगा।

▸▸ लखनऊ, आजमगढ़, चित्रकूट, बरेली और गौतमबुद्धनगर में चल रहीं तैयारी

एमएसएमई के तहत जेल में लगेगा वनस्पति घी प्लांट

केंद्रीय कारागार इटावा के कैदी अब अपने भोजन के लिए प्रयोग होने वाले वनस्पति घी का उत्पादन स्वयं करेंगे। जरूरत से अतिरिक्त होने की स्थित में वनस्पति घी की पैकेजिंग करेंगे और मार्केट में भी सप्लाई कराएंगे। इटावा केंद्रीय कारागार द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग विभाग ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके लिए साढ़े 14 लाख रुपए की फंडिंग का निर्देश भी जारी कर दिया गया है। धनराशि मिलने के बाद कारागार में प्लांट लगने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

संक्रामक रोग व हीट वेब से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी

अमृत विचार, लखनऊ: संक्रामक को नियंत्रित के लिए एक अप्रैल (सोमवार) से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जायेगा। लक्ष्य है कि साल के अंत तक राज्य के 15 जिलों को मलेरिया मुक्त करना है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ 12 अन्य विभाग अभियान में शामिल होंगे।

गर्मी की दस्तक देते हुए राज्य सरकार ने वेक्टरजनित और जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए दिशा-निर्देश जारी किये हैं। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर शुद्ध एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही गर्मी से बचाव के लिए शेल्टर्स की सुविधा, विभिन्न स्थानों पर मौसम की जानकारी व तापमान का प्रकाशन करने के निर्देश दिए गये हैं। हीट वेब से बचाव संबंधी जानकारी का जनसामान्य में प्रचार प्रसार किया जाये।

ओवैसी के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगी पल्लवी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: अपना दल कमेरावादी की नेता व विधायक पल्लवी पटेल ने रविवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के साथ मिलकर प्रदेश में तीसरे मोर्चे पीडीएम का एलान किया है। पीडीएम यानी पिछड़ा, दलित और मुसलमान न्याय मोर्चा। इस मोर्चे में अन्य की छोटे दल भी जुड़े हैं।

यह तीसरा मोर्चा इंडिया गठबंधन और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पीडीए के जवाब में रविवार को होटल क्लार्क अवध में लांच किया गया। इस अवसर पर अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल ने कहा कि पिछड़ा समाज, दलित और मुसलमान समाज, जिसका दमन किया जा रहा है, जिसके सम्मान पर कुठाराघात किया जा रहा है। सरकार और मुख्य विपक्ष के खिलाफ हम ये पीडीएम न्याय मोर्चा लेकर आए हैं। पल्लवी पटेल ने कहा कि जब तक पीडीएम को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक सामाजिक न्याय की लड़ाई पूरी नहीं होगी। इस दौरान एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि पल्लवी पटेल के एक एक शब्द के साथ हूं। ये साथ पार्लियामेंट तक ही नहीं, उसके आगे भी साथ रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के अध्यक्ष प्रेमचन्द बिंद ने कहा कि आज प्रदेश और देश की जनता को एक न्याय विकल्प दे रहे हैं।

तीसरा मोर्चे के गठन के दौरान असदुद्दीन ओवैसी, पल्लवी पटेल, कृष्णा पटेल। अमृत विचार

▸▸ प्रदेश में बना तीसरा मोर्चा, पीडीए के जवाब में पीडीएम का एलान

40 सीटों पर प्रत्याशी उतारने की तैयारी

विधायक पल्लवी की असदुद्दीन ओवैसी से हाथ मिलाकर 40 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारने की तैयारी है। राज्यसभा चुनाव में प्रत्याशियों के चयन को लेकर समाजवादी पार्टी व अपना दल कमेरावादी की पल्लवी के बीच खटास हुई थी। सपा ने जया बच्चन, रामजीलाल सुमन व आलोक रंजन को प्रत्याशी बनाया था, पल्लवी इसी बात से नाराज थीं।

सीबीआई अदालत ने सुनाई चार वर्ष की सजा

अमृत विचार, लखनऊ : सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ने रेलवे को हानि पहुंचाने से जुड़े एक मामले में आरोपी राजेश कंसल को चार वर्ष की कारावास एवं 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। इससे पूर्व, न्यायालय ने इसी मामले में आरोपी सहायक लेखाकार एनईआर, अजय तिवारी एवं राजेश गुप्ता को 21 मार्च 2024 को दोषी ठहराया था एवं प्रत्येक को सात वर्ष की कारावास के साथ 65 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी। आरोपी राजेश कंसल को बाद में यानी अब दोषी ठहराया गया व सजा सुनाई गई, क्योंकि उनके विरुद्ध आरोपों की फाइल अलग कर दी गई थी। आरोप के मुताबिक राजेश कंसल ने अन्य आरोपी लोक सेवकों एवं बाहरी व्यक्तियों के साथ मिलकर फर्जी खरीद आदेश, बिल आदि के आधार पर रेलवे को 2,55,285 रुपए की हानि पहुंचाई तथा आरोपी को तदनुरूप लाभ पहुंचा। सीबीआई ने 28 मई 1998 को मामला दर्ज किया था। जांच पूरी होने के बाद सीबीआई ने 11 अक्टूबर 1999 को आरोप पत्र दायर किया। आरोपी व्यक्तियों के विरुद्ध पहली मई 2002 एवं सात मार्च 2015 को आरोप तय किए गए थे। राजेश कंसल के विरुद्ध अलग से मुकदमें की कार्रवाई के दौरान 16 गवाहों से परीक्षण किया गया।

वर्ग पहेली-26

बाएं से दाएं

1. 1. बाजा बजवाने का कार्य या भाव 2. वह मज़दूरी जो किसी से बाजा बजवाने के बदले में दी जाती है।
2. आवश्यक शारीरिक क्रियाओं को बनाए रखने के लिए उत्तरदायी संभावित क्षमता, (रिज़र्व)।
5. 1. संपत्ति, जायदाद, मिलकियत
7. छटांक भर तौल का एक बाट या बटखरा।
8. 1. महीने का आधा भाग, पंद्रह दिन का समय, अर्धमास, (फोर्टनाइट) 2. चंद्रमास का शुक्ल या कृष्ण पक्ष।

ऊपर से नीचे

1. 1. अग्रिम, पेशगी, (एडवांस) 2. झाड़ू।
2. छोटा संदूक, छोटा बकस।
3. तिरहुत में गाया जाने वाला एक तरह का गीत।
4. अमरीका से संबंधित, अमरीका का।
6. 1. आरोप, दोष, कलंक 2. निशान, चिह्न 3. दाग, धब्बा।



वर्ग पहेली -25 का हल

1 क	ढ़	ना	■	■	2 झाँ	3 क
■	■	■	4 दे	■	■	टा
■	5 ठ	ग	वा	ना	■	स
6 पें	■	■	क	■	7 था	■
ग	■	8 प	रि	9 घा	ती	■
■	■	छा	■	ट	■	■
10 भा	ग	ड़	■	■	11 दो	ही

सुडोकू -105

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

				6		4		
4	7	8	1			9		
			2		4			
6							2	
3		7				5		8
	2		8		7		1	
			9					
		9			6		7	
		5		4				

सुडोकू -104 का हल

1	3	9	7	6	5	4	8	2
2	7	8	4	1	3	5	9	6
4	6	5	2	9	8	1	7	3
7	9	2	6	5	4	8	3	1
8	5	1	9	3	7	2	6	4
3	4	6	8	2	1	9	5	7
5	8	3	1	7	2	6	4	9
6	1	4	3	8	9	7	2	5
9	2	7	5	4	6	3	1	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 अप्रैल, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 21.09 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 23.12 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

मेष — आज पेट से संबंधित कोई समस्या परेशान जरूर करेगी लेकिन यदि आप अपने आहार पर ध्यान रखेंगे तो स्वस्थ रहेंगे। आपको अपना मन हमेशा शान्त रखना चाहिए। साथ ही प्रेम संबंधों में अपने जिद्दी स्वभाव को लचीला बनाएं।

वृष — आज कई महत्वपूर्ण कार्य गति में आ सकती हैं। पिता की आज्ञा का अनुसरण अवश्य करें। आप प्रतिदिन बाहर जाते हैं और खुद ड्राइविंग करते हैं तो कृपया आज के दिन खुद ड्राइविंग करने से बचें और हो सके तो सार्वजनिक वाहन से यात्रा करें।

मिथुन — आज कॉलेज के छात्र अपने लिए कुछ नए क्षेत्रों को देखेंगे और उन पर काम करने का विचार करेंगे। किसी करीबी रिश्तेदार का सहयोग भी लिया जा सकता है। बैंकिंग और मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन विशेष रूप से शुभ है।

कर्क — आज अहंकार को अपने ऊपर हावी ना होने दें। परिवार में किसी की कोई बात आपको बुरी लग रही है तो उनसे खुलकर बात करें अन्यथा दूरियां बढ़ जाएगी। यदि आपने धैर्य से काम लिया तो बात संभल जाएगी। मित्र हर कीमत पर आपकी मदद करना चाहेंगे।

सिंह — आज यदि आपने कहीं से लोन लिया हुआ है तो वहां से समस्या उत्पन्न होगी। परिवार में भी कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ेगा जिसका हल जल्दी नहीं निकल पाएगा। उच्च अधिकारी आपके ऊपर प्रसन्न रहेंगे।

कन्या — आज गले से संबंधित कोई समस्या परेशान कर सकती है। शरीर में विटामिन की कमी भी होगी जिस कारण आलस छाया रहेगा। ऐसे में जूस इत्यादि पौष्टिक चीजों का सेवन करते रहें। शेयर मार्केट में निवेश लाभप्रद सिद्ध होगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन सराहनीय रहेगा।

तुला — आज मानसिक रूप से एक दम स्वस्थ रहेंगे और पहले से ज्यादा ऊर्जावान महसूस करेंगे। दोपहर के समय नए-नए विचारों का मन में समावेश होगा तथा प्रसन्नता छाई रहेगी। प्रेमी जन आपके प्रति आकर्षित रहेगा। वित्तीय स्थिति काफी अच्छी रहेगी।

वृश्चिक — आज यदि आप स्कूल या कॉलेज में हैं तो आज के दिन मन पढ़ाई में कम और अन्य कामों में ज्यादा लगेगा। आप अपनी रुचि के अनुसार काम करेंगे। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। विदेशी संस्थानों में शिक्षा को उत्सुक विद्यार्थियों के लिए सप्ताह शुभ है।

धनु — आज यदि आपने कहीं पैसा निवेश कर रखा है तो उस ओर नज़र बनाए रखें क्योंकि वहां से अचानक से धन लाभ मिलेगा। भूमि संबंधी सौदे में आश्चर्यजनक रूप से नए अवसर हाथ में आएंगे। अधूरे काम आसानी से पूर्ण हो जायेंगे।

मकर — आज घर में किसी सदस्य के विवाह की बात चल सकती है और कहीं से उनके लिए एक अच्छा रिश्ता भी आएगा जिस कारण सभी का मन आनंदित रहेगा। बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए योजना बनायेंगे। जीवनसाथी के साथ एकान्त में अच्छा समय बितायेंगे।

कुंभ — आज के दिन जीवनसाथी पर ध्यान देने की आवश्यकता है। रिश्तों में थोड़ी कड़वाहट जरुर आएगी लेकिन यदि आपने संयम और धैर्य से काम लिया तो वह जल्दी ही सुलझ जाएगी। कोई सुखद समाचार आपको प्राप्त होगा।

मीन — आज कहीं रिश्ते की बात चल रही है तो संभल कर रहें क्योंकि किसी मित्र के द्वारा उसमे दरार डालने का प्रयास किया जाएगा जिस कारण बात बिगड़ भी सकती है। युवा जातक नया उद्यम करने की योजना बना सकते हैं। अपने सहयोगियों पर पूर्ण विश्वास रखें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
परदेसी बाबू — सुबह : 10.49
दरार — रात : 07.01

SONY PIX
एनाबेल कम्स होम — सुबह : 10.21
द मैन फ्रॉम टोरंटो — रात : 09.00

SONY SMAX
प्यार दीवाना होता है — दोपहर : 12.00
एनिमल — रात : 09.33

ZEE CINEMA
कोई...मिल गया — सुबह : 10.30
धमाल — रात : 07.45

colors CINEPLEX
बुड्ढा होगा तेरा बाप — सुबह : 09.35
गोलमाल 3 — शाम : 06.00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 07.45 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति अपनी पत्नी को इंग्लिश सीखा रहा था ...
अगले दिन दोपहर में पत्नी डिनर ले लो जी।
पति-यह डिनर नहीं लंच है जाहिल औरत
पत्नी- जाहिल तू, तेरा पूरा खानदान यह रात का ही बचा हुआ खाना है ज्यादा दिमाग मत चला रोटी चर ले।

पप्पू ने एक राह चलती लड़की से कहा आपने पहचाना मुझे?
लड़की- नहीं, आप कौन हैं?
पप्पू- मैं वही हूं, जिसे आपने कल भी नहीं पहचाना था।

पहली बार पति-पत्नी एक साथ पहुंचे थे संसद

फैजाबाद के डीएम रहते श्रीराम के प्राकट्योत्सव में निभायी थी महत्वपूर्ण भूमिका

राजू जायसवाल, बहराइच

अमृत विचार: बहराइच जिले का नाता अयोध्या के रामलला के ऐतिहासिक प्राकट्योत्सव से जुड़ा हुआ है। उस समय फैजाबाद अब अयोध्या में कलेक्टर रहे केके नैयर बाद में जब बहराइच से और उनकी पत्नी कैसरगंज से चुनाव लड़ीं तो जिले की जनता ने दोनों को साथ जीत दिलाई थी। देश में पहली बार लोकसभा चुनाव में एक साथ पति और पत्नी जीतकर संसद पहुंचे थे।

अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए हैं। जबकि बाबरी मस्जिद के लिए भी दूसरी जगह जमीन देदी गई है। भाजपा की ओर से मंदिर और मस्जिद का मुद्दा उठाया जाता था, लेकिन मंदिर और मस्जिद का हल निकलने के बाद भी इससे जुड़ी घटनाएं लोगों को अतीत में डाल रही है। लोकसभा चुनाव में एकबार पुनः मंदिर और मस्जिद के केंन्द्र में रहे फैजाबाद (अब अयोध्या) के तत्कालीन जिलाधिकारी केके नैयर ने वर्ष 1966 के आसपास विवाद को बढ़ता देख अदालत के आदेश पर बाबरी मस्जिद में

शकुंतला नैयर

केके नैयर

ताला लगवा दिया था। इसके बाद उन्होंने नौकरी से इस्तीफा दे दिया और राजनीति में उतर गए। जनसंघ पार्टी ने केके नैयर को बहराइच और उनकी पत्नी शकुंतला नैयर को कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र से टिकट दिया। दोनों को जिले की जनता ने सर आंखों पर बैठाया। इसका आलम रहा कि वर्ष 1967 में हुए लोकसभा चुनाव में बहराइच और कैसरगंज लोकसभा सीट से पति पत्नी ने एकसाथ जीत दर्ज की थी। यह एक रिकार्ड भी है कि दंपती को जिले की जनता ने एक साथ संसद भेजा।

जिले में इसका असर भी देखने को मिलता है। जिले से अधिकतर समय भाजपा या उससे जुड़ी पार्टी ही सबसे अधिक बार जीत दर्ज करने में सफल रही है।

सुर्खियों में आया जनपद

पति-पत्नी जब एक साथ एक ही जिले से चुनकर संसद में पहुंचे तो देश की राजनीति में यह मामला सुर्खियों में बन गया। देश के साथ जिले में भी लोग कहने लगे कि जनता ने भावनाओं को समझते हुए जीत दिलाई है।

विधायक भी बनी थीं शकुंतला

जिले में परिसीमन से पूर्व फखरपुर विधान सभा सीट थी। इस सीट पर भी शकुंतला नैयर ने दो बार विधान सभा चुनाव जीता था। इसके बाद वह भाजपा समर्थित सरकार में मंत्री भी बनीं। इनकी क्षेत्र में अलग ही पहचान थी।

संसद में पहले दंपत्ति थे नैयर

बहराइच से केके नैयर और कैसरगंज लोकसभा से शकुंतला नैयर ने एकसाथ लोकसभा चुनाव जीता था। वर्ष 1967 में हुए चुनाव में देश में यह पहला मौका था कि किसी जिले से पति और पत्नी को चुनाव जितवाकर उन्हे संसद भेजा गया है।

जब प्रियंका ने बदल दी थी रायबरेली की चुनावी फिजा

रमेश शुक्ल , ऊंचाहार रायबरेली

- और चौथे स्थान पर पहुंच गये थे भाजपा के अरुण नेहरू
- कांग्रेस के कैप्टन सतीश शर्मा ने दर्ज कराई थी जीत

अमृत विचार: 18 वीं लोकसभा चुनाव के संदर्भ में रायबरेली में पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होगा। रायबरेली से लोकसभा सदस्य रहीं सोनिया गांधी राजस्थान से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुकी हैं। रायबरेली में उनकी विरासत संभालने के लिए उनकी पुत्री प्रियंका गांधी की खासी चर्चा है।

अतीत के झरोखे से

कांग्रेस की तरफ से अभी तक औपचारिक रूप से रायबरेली से उम्मीदवार की घोषणा नहीं हुई है , किंतु कांग्रेस के लोगों को पूरी उम्मीद है कि प्रियंका ही रायबरेली से कांग्रेस का चेहरा होंगी। प्रियंका गांधी यदि रायबरेली से चुनाव लड़ती हैं तो यह उनके राजनैतिक जीवन का पहला चुनाव होगा। क्योंकि अभी तक प्रियंका ने कोई चुनाव नहीं लड़ा है। प्रियंका गांधी रायबरेली में 1999 से सक्रिय हैं। उनकी रायबरेली में ऐसी शुरुआत हुई थी कि आज भी यहां के लोगों के जेहन में 27 साल की प्रियंका के वो दो वाक्य याद है , जिन्होंने 1999 के लोकसभा चुनाव की पूरी फिजा ही बदल कर रख दी थी ।

बात साल 1999 के लोकसभा चुनाव की है। रायबरेली में चुनावी मुहिम ज़ोर-शोर से जारी थी। कांग्रेस के उम्मीदवार कैप्टन सतीश शर्मा मैदान में थे तो बीजेपी की तरफ़ से राजीव गांधी के चचेरे भाई और प्रियंका गांधी के चाचा अरुण नेहरू। उस वक्त 27 साल की एक महिला कांग्रेस का प्रचार कर रही थी। उन्हें देखने काफ़ी भीड़ जमा हो जाती थी। देर रात तक सभाओं में लोग घंटों इस महिला को सुनने के लिए बैठे रहते थे। अरुण नेहरू रायबरेली से पहले भी चुनाव जीत चुके थे। अरुण नेहरू की वजह से रायबरेली में बीजेपी के लिए माहौल बनता हुआ दिख रहा था। ऐसे में उस 27 साल की लड़की ने एक चुनावी रैली के बीचोबीच सवाल पूछा, "मेरे पिता जी से दग़ाबाज़ी करने वालों को आपने यहां पर घुसने कैसे दिया."उन्होंने आगे कहा, ''क्या आप उन्हें वोट देंगे जिन्होंने मेरे पिता की पीठ में छुरा घोंपा.'' इस बयान की काफ़ी चर्चा हुई और इसकी गूंज दिल्ली तक सुनी गई। दूसरे दिन अरुण नेहरू के प्रचार के लिए अटल बिहारी वाजपेयी रायबरेली पहुंचे। उन्होंने अपने भाषण में उस लड़की के बयान पर काफ़ी हल्के-फुल्के ढंग से अपनी प्रतिक्रिया दी।

अटल जी ने कहा था कि "हमने सुना कि ये किसी का इलाक़ा है। आपने इस आदमी को घुसने कैसे दिया।" इसके बाद चुनाव प्रचार काफ़ी ज़ोर-शोर से चला और कहा जाने लगा कि मुक़ाबला कांटे का हो गया है, लेकिन उस एक लाइन ने अमेठी-रायबरेली चुनाव की कहानी बदल दी थी। शुरु में कांटे की टक्कर देने वाले अरुण नेहरू चौथे नंबर पर चले गए और कांग्रेस के कैप्टन सतीश शर्मा जीत गए। कैप्टन सतीश शर्मा के लिए प्रचार करने वाली ये लड़की थीं प्रियंका गांधी।

चुनाव को लेकर लोकसभा क्षेत्रों में बढ़ाई गई सुरक्षा और सतर्कता

अतुल गर्ग और केंद्रीय मंत्री बालियान पर हमले के बाद जारी किये गये सख्त निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। भाजपा से मुजफ्फरनगर के प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ संजीव बालियान और गाजियाबाद के अतुल गर्ग पर हुए हमले के बाद कई अन्य चुनावी क्षेत्रों से भी हमले की साजिश का इनपुट मिल रहा है। इसके पीछे मतदाताओं के बीच पार्टी को बदनाम करने की विपक्ष की साजिश के साथ नाराज कार्यकर्ताओं के नाम भी सामने आ रहे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री समेत भाजपा का शीर्ष नेतृत्व गंभीर हो गया है। शासन ने जिला प्रशासन समेत खुफिया इकाईयों को सतर्क रहकर समय रहते कार्रवाई का निर्देश दिया है।

केंद्रीय राज्य मंत्री और मुजफ्फरनगर से भाजपा प्रत्याशी डॉ संजीव बालियान के काफिले पर शनिवार को खतौली पुलिस स्टेशन क्षेत्र में मढकरीपुर गांव में रात करीब साढ़े आठ बजे पथराव में विपक्षी नेताओं की साजिश सामने आई है। इस सीट पर रालोद और भाजपा का समझौता होने से भाजपा बहुत मजबूती का दावा कर रही है। सपा ने यहां से हरेंद्र मलिक को मैदान में उतारा है। हरेंद्र और संजीव दोनों ही जाट समुदाय से हैं। इसलिए मुकाबला कांटे का माना जा रहा है। मगर, विरोधी पक्ष 19 अप्रैल को मतदान से पहले भाजपा को बदनाम करने के लिए तमाम दांव-पेच चल रहा है।

शासन को आई जिला प्रशासन की रिपोर्ट में इसे विपक्ष की साजिश बताया गया है। अराजत तत्वों और उन्हें उकसाने वालों की तलाश और धर-पकड़ तेज हो गई है। हालांकि चुनाव प्रचार के दौरान गाजियाबाद सीट से भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के साथ शुक्रवार को हुई हाथापाई और इससे पहले बागपत में भाजपा और रालोद कार्यकर्ताओं के बीच टकराव में माना जा रहा था कि आपसी नाराजगी का असर है। लेकिन बालियान पर हमला बड़ी साजिश का हिस्सा माना जा रहा है, इसमें 15 नेताओं की गाड़ियों के शीशे चकनाचूर हुए और कई लोग गंभीर हाल मे मेरठ जिला अस्पताल में भर्ती हैं। प्रत्याशी को किसी तरह से जान बचाकर निकाला गया। भाजपा प्रत्याशी डा. संजीव बालियान कहते हैं कि मढकरीपुर में साजिशन हमला किया गया है। उन्होंने इस मामले से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को भी अवगत कराया है।

- भाजपा को बदनाम करने के लिए प्रत्याशियों पर हमले की बड़ी साजिश, भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भी गंभीर
- गाजियाबाद में अतुल गर्ग और मुजफ्फरनगर में संजीव बालियान के बाद आगे भी हमले होने की आशंका

योगी ने हमलावरों पर सख्त कार्रवाई का दिया निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रत्याशी डॉ संजीव बालियान पर हुए हमले पर शासन को सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कार्यकर्ताओं से ऐसे हमलों को लकेर सतर्क रहने का संदेश भेजा है। साथ ही शीर्ष नेतृत्व को भी जानकारी दी गई है। सूत्रों के अनुसार गृह विभाग ने सभी जिलों को सतर्क रहने और खुफिया सूचनाएं समय रहते जुटाने के साथ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। ऐसे और हमले कहां-कहां हो सकते हैं, इसे चिन्हित करने और समय रहते पर्दाफाश करने को कहा गया है।

सोशल मीडिया पर पुराने वीडियो से भी निशाना साध रहा विपक्ष

लोकसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच सोशल मीडिया पर विपक्ष भाजपा नेताओं पर भीड़ के हमले का वीडियो साझा करके निशाना साध रहा है। बताने की कोशिश हो रही है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने गए भाजपा नेताओं को लोगों ने भगाया। ऐसे वीडियो साझा करते हुए आप छात्र विंग की उप्र इकाई के अध्यक्ष वंशराज दुबे ने लिखा है कि ' 'जनता गली-मोहल्लों से ही पार नहीं जाने दे रही है, चले हैं 400 पार लाने! जबकि भाजपा नेताओं पर हमले का यह वीडियो करीब छह साल पुराना दार्जीलिंग में बंगाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे दिलीप घोष से धक्का मुक्की और पार्टी के कार्यकर्ताओं को पीटने का है। इसका लोकसभा चुनाव 2024 से कोई संबंध नहीं है।

दो महिलाओं ने किया संसद में गोंडा का प्रतिनिधित्व

उमानाथ तिवारी, गोंडा

अमृत विचार: जनता की रहनुमाई करने में जिले की आधी आबादी काफी उदासीन रही है। महिलाओं के सशक्तीकरण व राजनीति में हिस्सेदारी बढ़ाने की वकालत जमीनी हकीकत से कोसों दूर दिखायी पड़ती है। कांग्रेस की सुचेता कृपलानी व भाजपा की केतकी सिंह को छोड़कर किसी तीसरी महिला की भागीदारी इस लोकसभा सीट पर नहीं दिखाई देती।देश की पहली महिला मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी की कर्मभूमि होने के बावजूद गोंडा जिले में महिलाओं की राजनीतिक हिस्सेदारी हमेशा से उपेक्षित रही है। इसके चलते ही 73 साल के इतिहास में अब तक जिले से चुनाव लड़ने वाली मात्र दो महिलाएं ही जीतकर लोकसभा सभा की दहलीज को पार कर पायी है।

देश की आजादी के बाद से अब तक 73 साल के लंबे राजनीतिक सफर में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की भागीदारी महज चंद फीसदी रही है। 17 लोकसभा चुनावों में सिर्फ दो महिलाएं ही संसद की चौखट तक पहुंची है। वर्ष 1967 में कांग्रेस पार्टी से सुचेता कृपलानी व वर्ष 1996 में भाजपा से केतकी सिंह ने इस सीट से महिलाओं का प्रतिनिधित्व किया है। महिला अधिकारों की वकालत करने वाली राजनैतिक पार्टियां टिकट के नाम पर मुंह फेर लेती हैं। वर्ष 1967 में सुचेता कृपलानी की जीत के बावजूद कांग्रेस ने दोबारा किसी महिला को प्रत्याशी नहीं बनाया। 1996 को अपवाद को छोड़ दिया जाए तो भारतीय जनता पार्टी ने भी कभी किसी महिला को इस सीट से टिकट नहीं दिया है। वर्ष 1996 के चुनाव में भाजपा ने केतकी सिंह को टिकट इसलिए दिया था क्योंकि उनके पति बृजभूषण शरण सिंह जेल में थे और पार्टी को सहानुभूति की उम्मीद थी।

सपा ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में मेहनौन की तत्कालीन विधायक रहीं नंदिता शुक्ला को टिकट दिया था लेकिन मोदी लहर में वह जीत दर्ज करने में नाकाम रहीं। हालांकि इस चुनाव में उन्हे करीब 2 लाख वोट मिले थे, लेकिन पार्टी ने उन्हे दोबारा मौका नहीं दिया।

बहुजन समाज पार्टी ने भी अब तक कभी भी इस सीट पर किसी महिला को मौका नहीं दिया है। जिले के कुल 1838295 मतदाताओं में 852422 महिला मतदाता होने के बावजूद महिलाओं की हिस्सेदारी चिंताजनक दिखाई देती है। मौजूदा चुनाव में समाजवादी पार्टी के सिंबल पर श्रेया वर्मा चुनाव मैदान में है जबकि सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा ने वर्तमान सांसद कीर्तिवर्धन सिंह को तीसरी बार चुनाव मैदान में उतारा है।


सुचेता कृपलानी। फाइल फोटो

केतकी सिंह।

कब कौन बना सांसद

वर्ष	सांसद	पार्टी	वर्ष	सांसद	पार्टी
1951	चौधरी हैदर हुसैन	कांग्रेस	1991	बृजभूषण शरण सिंह	भाजपा
1957	दिनेश प्रताप सिंह	कांग्रेस	1996	केतकी सिंह	भाजपा
1962	राम रतन गुप्ता	कांग्रेस	1998	कीर्तिवर्धन सिंह	सपा
1967	सुचेता कृपलानी	कांग्रेस	1999	बृजभूषण शरण सिंह	भाजपा
1971	कुंवर आनंद सिंह	कांग्रेस	2004	कीर्तिवर्धन सिंह	सपा
1977	सत्यदेव सिंह	जनता पार्टी	2009	बेनी प्रसाद वर्मा	कांग्रेस
1980	कुंवर आनंद सिंह	कांग्रेस	2014	कीर्तिवर्धन सिंह	भाजपा
1984	कुंवर आनंद सिंह	कांग्रेस	2019	कीर्तिवर्धन सिंह	भाजपा
1989	कुंवर आनंद सिंह	कांग्रेस			



गोंडा में विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या

विधानसभा	कुल मतदाता	महिला	पुरुष	अन्य
मेहनौन	378547	175126	203414	07
गोंडा सदर	360423	168753	191639	31
मनकापुर	338771	158730	180035	00
गौरा	333641	154046	179588	07
उतरौला	426913	195767	231116	30
योग-	1838295	852422	985846	75

कुशीनगर से लड़ेंगे स्वामी प्रसाद

राज्य ब्यूरो लखनऊ

राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी शीघ्र घोषित करेगी और प्रत्याशी

अमृत विचार: राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य कुशीनगर से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। इंडिया गठबंधन में शामिल रहने के बावजूद सीटें न मिलने पर पार्टी ने रविवार को कुशीनगर व देवरिया सीट के लिए प्रत्याशी घोषित किया। हालांकि बाद में देवरिया सीट पर प्रत्याशी बनाए गए एसएन चौहान का टिकट निरस्त कर दिया गया। इस बीच पार्टी प्रमुख मौर्य गाजीपुर पहुंचकर मुख्तार अंसारी के परिजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त की।

आरएसएसपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रविवार को सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' के जरिए चुनाव लड़ने की घोषणा की। वह इंडिया गठबंधन से अलग कुशीनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के अन्य प्रत्याशियों के नामों की घोषणा शीघ्र की जाएगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के गठन 22 फरवरी से लेकर निरंतर इंडिया गठबंधन को जिताने और मजबूत बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने देशवासियों से संविधान बचाओ-भाजपा हटाओ, लोकतंत्र बचाओ-भाजपा हटाओ, देश बचाओ-भाजपा हटाओ।'' अपील भी की। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन में शामिल यूपी की दोनों बड़ी पार्टियों के नेताओं से वार्ता भी हुई, उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप पांच नामों की सूची भी भेजी। वह प्रतीक्षा करते रहे कि उस पर निर्णय कर इन्ही दोनों पार्टियों की ओर से तय किये गये नामों की घोषणा भी हो, पर घोषणा नहीं हुई।

हर चुनाव में दलीय निष्ठा बदलती रही श्रावस्ती लोकसभा की जनता

पिछले तीन चुनाव में कांग्रेस, भाजपा और बसपा को दिया मौका

लालजी सिंह, बलरामपुर

अमृत विचार: वर्ष 2009 में परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र की जनता ने हर बार अपनी दलीय निष्ठा बदली है। पिछले तीन लोकसभा चुनाव में यहां की जनता कांग्रेस, भाजपा तथा बसपा को मौका दिया था ।इस बार अभी तक केवल भाजपा ने अपना पत्ता खोला है। इंडिया गठबंधन तथा बसपा के लोग अभी तक प्रत्याशी की घोषणा नहीं कर पाए हैं।

वर्ष 2009 में बलरामपुर लोकसभा का अस्तित्व खत्म कर महात्मा बुद्ध की तपोस्थली श्रावस्ती के नाम से नया लोकसभा क्षेत्र बनाया गया था। इस लोकसभा क्षेत्र में श्रावस्ती जनपद की दो विधानसभा श्रावस्ती पूर्व नाम इकौना तथा भिनगा और बलरामपुर के तीन विधानसभा बलरामपुर सदर, तुलसीपुर और गैंसड़ी शामिल हैं।

वर्ष 2009 के चुनाव में कांग्रेस के डॉक्टर विनय कुमार पांडेय के ऊपर इस क्षेत्र की जनता ने अपना विश्वास जताया और उन्हें अपना सांसद बनाया। उन्होंने सपा के रुवाब सईदा को हराया था । वर्ष 2014 के चुनाव में बाहुबली माफिया अतीक अहमद को हराकर भाजपा के दद्दन मिश्रा ने यह सीट भाजपा के खाते में डाल दी। वर्ष 2019 के चुनाव में दद्दन मिश्रा अपना पुराना इतिहास नहीं दोहरा पाए। उन्हें सपा बसपा गठबंधन के प्रत्याशी बसपा के राम शिरोमणि वर्मा के हाथों मामूली मतों से हार का सामना करना पड़ा। इस सीट पर हिंदू मतों में ब्राह्मण, कुर्मी और दलित वोटों का वर्चस्व है।

यह तीन लोग लड़ाई में निर्णायक साबित होते हैं। क्षेत्र में मुस्लिम मतदाताओं की आबादी भी करीब 20% है। वोटों के ध्रुवीकरण में इनकी भी भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। भाजपा को छोड़ अन्य दलों के प्रत्याशी मुस्लिम मतदाताओं को अपनी तरफ करने का हर संभव प्रयास करते हैं।

दद्दन मिश्रा।

राम शिरोमणि वर्मा।

चुनाव परिणाम

वर्ष 2009
1-डा. विनय कुमार पांडेय - कांग्रेस — कुल प्राप्त मत-201556
2-रिजवान जहीर - बसपा — कुल प्राप्त मत-159527

वर्ष 2014
1-दद्दन मिश्रा- भाजपा — कुल प्राप्त मत-345964
2-अतीक अहमद - सपा — कुल प्राप्त मत-260051

वर्ष 2019
1-राम शिरोमणि वर्मा - बसपा — कुल प्राप्त मत-441771
2-दद्दन मिश्रा - भाजपा — कुल प्राप्त मत-436451

भाजपा का प्रत्याशी घोषित, विपक्ष में अभी चुप्पी

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने एमएलसी साकेत मिश्रा को श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित कर दिया है। साकेत मिश्रा पूर्व प्रशासनिक अधिकारी नृपेन्द्र मिश्रा के बेटे हैं। नृपेंद्र मिश्रा वर्तमान में अयोध्या राम तीर्थ निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं । साकेत मिश्रा पिछले 5 सालों से लोकसभा क्षेत्र में लगातार बने रहकर लोगों का काम करते रहे ।इंडिया गठबंधन में यह सपा के खाते में है। सपा और बसपा ने अभी तक यहां से प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।

सीट

लोकसभा क्षेत्र में विधानसभावार मतदाता



2-तुलसीपुर
पुरुष-203276
महिला-174322
अन्य-17
कुल मतदाता-377615

1-बलरामपुर सदर
पुरुष-225626
महिला-193405
अन्य-00
कुल मतदाता-419026

4- श्रावस्ती
पुरुष-222338
महिला-198809
अन्य-14
कुल मतदाता-421161

3-गैंसड़ी
पुरुष-192888
महिला-168801
अन्य-19
कुल मतदाता-361708

5-भिनगा
पुरुष-210270
महिला-183143
अन्य-02
कुल मतदाता-393415

इंडिया गठबंधन ने महारैली में पांच सूत्री मांगें रखीं

विपक्षी नेताओं का लोकतंत्र बचाने के लिए एकजुटता का आह्वान, केजरीवाल-हेमंत सोरेन की रिहाई की मांग

नई दिल्ली, ब्यूरो/ एजेंसी

- विपक्षी नेता बोले- निर्वाचन आयोग को लोकसभा चुनावों में समान अवसर सुनिश्चित करना चाहिए

इंडिया गठबंधन के दलों ने रविवार कोरामलीला मैदान से पांच सूत्री मांगें रखीं, जिनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तत्काल की रिहाई की मांग भी शामिल है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने विपक्ष की 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' में मंच से 'इंडिया' गठबंधन की तरफ से ये मांगें रखीं। उन्होंने कहा, ''निर्वाचन आयोग को लोकसभा चुनावों में समान अवसर सुनिश्चित करना चाहिए।

निर्वाचन आयोग को चुनाव में हेराफेरी करने के उद्देश्य से विपक्षी दलों के खिलाफ जांच एजेंसियों द्वारा की जानी वाली कार्रवाई रोकनी चाहिए। हेमंत सोरेन और अरविन्द केजरीवाल की तुरंत रिहाई की जाए। चुनाव के दौरान विपक्षी राजनीतिक दलों का आर्थिक रूप से गला घोंटने की जबरन कार्रवाई तुरंत बंद होनी चाहिए। प्रियंका गांधी ने यह मांग भी रखी, चुनावी चंदे का उपयोग कर भाजपा द्वारा बदले की भावना, जबरन वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय की निगरानी में एसआईटी का गठन होना चाहिए। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा आज जो लोग सत्ता में हैं, वो अपने आपको रामभक्त कहते हैं। मुझे लगता है कि वो कर्मकांड में उलझ गए हैं और दिखावे में लिप्त हो गए हैं। इसलिए उन्हें यह याद दिलाना जरूरी है कि सत्ता सदा नहीं रहती, अहंकार चूर-चूर हो जाता है।

महारैली को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा कि यह एकजुटता संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए है। देश में निष्पक्ष चुनाव नहीं हो रहा है। मोदी लोकतंत्र नहीं चाहते हैं। वह तानाशाही तरीके से देश को चलाना चाहते हैं। उन्होंने लोगों का आह्वान किया, जब तक हम मोदी को नहीं हटाएंगे, मोदी के विचारधारा को नहीं हटाएंगे, तब तक देश में सुख और समृद्धि नहीं आएगी। खरगे ने दावा किया, आरएसएस जहर की तरह है।

अगर आप इसको चाटकर देखेंगे तो भी मरेंगे, पीएंगे तो भी मरेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाने के लिए सबको एकजुट होना पड़ेगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा ब्रह्मांड में सबसे ज्यादा झूठ बोलने वाली पार्टी करार देते हुए कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पूरी दुनिया में भाजपा की ''थू-थू हो रही है। यादव ने यहां संवाददाताओं से कहा, "अगर हम आंकड़े निकलेंगे तो ब्रह्मांड में इतना झूठ किसी ने नहीं बोला होगा जितना भाजपा ने बोला है।

बड़े आंदोलनों की नींव रखी गई है दिल्ली के रामलीला मैदान में

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- जेपी ने "सिंहासन खाली करो कि जनता आती है" नारा इसी मैदान में दिया था

रामधारी सिंह दिनकर की एक कविता की पंक्ति "सिंहासन खाली करो जनता आती है" नारा लगाकर दिल्ली के इसी रामलीला मैदान से जनता के बीच उतरे थे लोकनायक जयप्रकाश नारायण। नाम मिला, जेपी आंदोलन। रविवार को फिर एक नारा इसी मैदान पर दिया गया है "तानाशाही हटाओ लोकतंत्र बचाओ"। जेपी आंदोलन में समाजवादी लोग थे।

रविवार की उक्त रैली में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी लोकनायक की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ललकारा। कहा कि दिल्ली की गद्दी में बैठने वाले हुक्मरान ज्यादा दिन तक यहां नहीं रुकेंगे। उन्होंने उन्होंने बीजेपी से सवाल किया है कि यदि आप 400 पर का नारा दे रहे हैं तो फिर आम आदमी पार्टी के नेताओं से क्यों डरते हो। कुल मिलाकर रामलीला मैदान की रैली ने आज बहुत सारे संस्मरण ताजा कर दिए। कई ऐतिहासिक राजनीतिक आंदोलनो के गवाह दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को हुई विपक्ष की रैली से क्या फिर कोई देशव्यापी संदेश जाएगा। इस सवाल ने देश भर के प्रमुख राजनेताओं को झकझोर दिया है। खासतौर से 400 पार या 180 से कम और मैच फिक्सिंग के आरोपी का जवाब देने के लिए सत्ता पक्ष को फिर से कोई रणनीति अपनानी पड़ेगी। मुगलकाल से आज तक रामलीला मैदान हमेशा देशव्यापी चर्चा में रहा है। कई बड़े आंदोलन की नीव यहां रखी गई है। ब्रिटिश शासको से लेकर जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, अन्ना हजारे, किसान आंदोलन का गवाह भी बना। अजमेरी गेट और तुर्कमान गेट के बीच 10 एकड़ जमीन में फैला हुआ यह मैदान कभी तालाब होता था अब उसमें एक लाख से अधिक लोगों की क्षमता है। बहादुर शाह जफर ने मैदान में तब्दील करवा करवाया था। इसी मैदान पर 1883 में अंग्रेजों ने ब्रिटिश कैंप लगवाए थे। बाद में यहां रामलीला का मंचन शुरू हुआ। रामलीला मैदान में रैली, सभाओं, प्रदर्शन और आंदोलन के लिए तब पसंद किया जाने जब 1945 में मोहम्मद अली जिन्ना को यहां एक जनसमूह ने मौलाना की उपाधि दी थी। आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल एवं अन्य बड़े नेताओं ने यहां पर भारत को आजाद करने की भी अलख जलाई थी। 1952 में रामलीला मैदान में जम्मू कश्मीर मुद्दे पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे क्रांतिकारियों ने सत्याग्रह भी किया था। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1956 से 1957 के बीच इसी मैदान में देशवासियों को संबोधित करने के लिए बड़ी जनसभाओं का आयोजन किया था। 1965 में तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने यहां पर भारत- पाक जंग की जीत की जनसभा को संबोधित किया था। 1972 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश बनने का जश्न भी इसी मैदान में मनाया था। 1975 में आपातकाल के दौरान लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने इसी मैदान में कांग्रेस के खिलाफ ऐतिहासिक रैली आयोजित की थी। बताते हैं कि रामधारी सिंह दिनकर की प्रसिद्ध पंक्तियां सिंहासन खाली करो कि जनता आती है नारा भी इसी रामलीला मैदान से गूंज था। इतना ही नहीं, अरविंद केजरीवाल को जब दिल्ली में कोई जानता नहीं था, तब अपनी पहली सभा इसी मैदान में की थी।

एक नजर

एक व्यक्ति-एक पार्टी की सरकार खतरनाक

नई दिल्ली। उद्धव ठाकरे ने रविवार को दावा किया कि देश तानाशाही की तरफ बढ़ रहा है तथा 'एक व्यक्ति और एक पार्टी की सरकार' भारत के लिए खतरनाक है। उन्होंने महारैली में लोगों का आह्वान किया कि वे लोकसभा चुनाव में भाजपा को पराजित करें और 'अबकी बार, भाजपा तड़ीपार' का नारा दें। उनका कहना था, ''सभी प्रांतों का सम्मान करने वाली सरकार बनाने से ही देश बच सकता है। ठाकरे ने कहा, ''हम चुनाव के लिए एकत्र नहीं है, हम लोकतंत्र बचाने के लिए आए हैं।

चाइनीज माल वाली है मोदी की गारंटी

नई दिल्ली। राजद नेता तेजस्वी यादव ने सरकार पर अघोषित आपातकाल लागू करने का आरोप लगाया और दावा किया कि मोदी की गारंटी ''चाइनीज माल' वाली गारंटी है जो सिर्फ चुनाव तक रहेगी। उन्होंने महारैली' में नरेन्द्र मोदी पर तंज कसा ''तुम तो धोखेबाज हो, वादा करके भूल जाते हो, रोज-रोज मोदी जी ऐसा करोगे, जनता रूठ जाएगी तो हाथ मलोगे...। तेजस्वी यादव ने कहा, ''रैली में जुटी भीड़ से पता चलता है कि मोदी जी जिस तरह से आंधी की तरह आए थे, उसी तरह तूफान की तरह चले जाएंगे। सीताराम येचुरी ने कहा कि मौजूदा सरकार से मुक्ति पानी होगी।

सिलेंडर फटने से झुलसे दंपति की मौत, बच्चों की हालत गंभीर

ग्वालियर, एजेंसी

ग्वालियर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में गैस सिलेंडर फटने से झुलसे दंपति ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, उनके बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सिंधिया नगर में अवधेश प्रजापति पत्नी बच्चों के साथ रहता था। वह कल दोपहर खाना खा रहा था और उसकी पत्नी खाना बना रही थी। तभी गैस सिलेंडर के लीक होने से निकली गैस में लगी आग ने सिलेडर और चूल्हे को अपनी चपेट में ले लिया और धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। इससे अवधेश के कच्चे मकान की टीन अन्य सामान उड गया। हादसे में अवधेश, उसकी पत्नी रामबेटी, बेटी रेशमा, कुसुम तथा बेटा कान्हा छह वर्ष गंभीर घायल हो गये। बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गंभीर रूप से घायल अवधेश आज दमतोड़ दिया और उसकी पत्नी रामबेटी की कल रात मौत हो गयी।

ईडी ने गैंगस्टर सुरेंद्र सिंह के रिश्तेदारों की संपत्तियां कुर्क की

नई दिल्ली, एजेंसी

लॉरेंस बिश्नोई गिरोह और अन्य के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत गैंगस्टर सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू के परिवार के सदस्यों की 17.82 करोड़ रुपये की बैंक जमा, नकदी और जमीन कुर्क की गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को यह जानकारी दी।

केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अचल संपत्तियां हरियाणा के नारनौल और राजस्थान के जयपुर में स्थित हैं। इसमें कहा गया है कि चीकू अपने गिरोह के सदस्यों के माध्यम से लॉरेंस बिश्नोई के अपराध से अर्जित पैसों को ठिकाने लगा रहा था और अपने परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के नाम पर संपत्ति अर्जित कर रहा था। चीकू वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद है और उसे इस मामले में फरवरी में ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने कहा कि जांच में पाया गया कि निमावत ग्रेनाइट्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के माध्यम से नारनौल में खनन कारोबार में चीकू की संलिप्तता थी।

भाजपा ने मैच-फिक्सिंग वाले बयान के लिए राहुल गांधी पर पलटवार किया

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने मोदी के खिलाफ "मैच फिक्सिंग" के आरोप के लिये राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अतीत में कांग्रेस सरकार ने पार्टी के प्रथम परिवार को लाभ पहुंचाने के लिये पड़ोसी देश श्रीलंका के साथ एक 'सौदा' करके कच्चातिवु द्वीप उसे सौंप दिया था। गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर लोकसभा चुनावों में 'मैच फिक्सिंग' करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि अगर भाजपा अपने प्रयासों में सफल हो गई, तो देश का संविधान बदल दिया जाएगा और लोगों के अधिकार छीन लिये जाएंगे। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधी के इस बयान को लेकर कांग्रेस की आलोचना। उन्होंने कहा कि विभाजनकारी राजनीतिक कांग्रेस के 'डीएनए' में है। पूनावाला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 1947 में धर्म के आधार पर देश का विभाजन और जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से को पाकिस्तान के कब्जे में छोड़ने भी संकोच नहीं किया। गांधी ने यहां रामलीला मैदान में आयोजित 'इंडिया' गठबंधन की लोकतंत्र बचाओ रैली में कहा कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं बल्कि देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। गांधी की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूनावाला ने कहा, ''कुछ लोग मैच फिक्सिंग के बारे में बात कर रहे हैं। 1974 में, इंदिरा गांधी सरकार ने राष्ट्र हित और तमिलनाडु के लोगों के हितों से समझौता करते हुए, कांग्रेस के प्रथम परिवार को लाभ पहुंचाने के लिये कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया था...राहुल गांधी जी, आपके परिवार ने एक डील-फिक्सिंग की थी। भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस पर अक्साई चीन को चीन के अवैध कब्जे में और जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से को पाकिस्तान के अवैध कब्जे में देने का भी आरोप लगाया।

कच्चातिवु मुद्दा: अमित शाह ने कहा-भारत की एकता, अखंडता के खिलाफ है कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मीडिया की उस खबर को लेकर रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधा जिसमें कहा गया है कि इंदिरा गांधी की सरकार ने कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को दे दिया था और कहा कि यह दर्शाता है कि पार्टी भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ है।

मीडिया की खबर भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई के आरटीआई (सूचना का अधिकार) आवेदन पर मिले जवाब पर आधारित है। इस खबर के अनुसार इंदिरा गांधी सरकार ने भारतीय तट से 20 किलोमीटर दूर पाक जलसंधि में स्थित 1.9 वर्ग किलोमीटर के इस द्वीप को 1974 में पड़ोसी देश श्रीलंका को सौंप दिया था। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, कांग्रेस ने कच्चातिवु स्वेच्छा से छोड़ दिया और उन्हें इसका कोई पछतावा भी नहीं है। कांग्रेस के एक सांसद कभी देश को विभाजित करने के बारे में बोलते हैं और कभी-कभी वे भारतीय संस्कृति और परंपराओं को बदनाम करते हैं। इससे पता चलता है कि वे भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ हैं।

द्रमुक झूठ फैलाना बंद करे : सीतारमण

चेन्नई। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि तमिलनाडु की सत्तारूढ़ द्रमुक को कच्चातिवु मुद्दे पर गलत जानकारी देना बंद करना चाहिए। सीतारमण ने कच्चातिवु मुद्दे पर भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई द्वारा सरकारी अधिकारियों से प्राप्त एक आरटीआई जवाब का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस और द्रमुक ने श्रीलंका को कच्चातिवु सौंपने के लिए सांठगांठ की।

कांग्रेस जब भी सत्ता में रही, उसे हमारे देश की सीमा, क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने में सबसे कम दिलचस्पी थी।'' सीतारमण ने एक वीडियो क्लिप टैग किया जिसे 'एक्स' पर पोस्ट किया गया था। वीडियो में दिवंगत जयललिता द्वारा वर्षों पहले विधानसभा में द्रमुक विधायक के पोनमुडी के सवाल पर दिया गया जवाब दिखाया गया है।

कारोबार/कृषि

एक नजर

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 10 साल में 125 अरब डॉलर पूंजीगत व्यय किया: रिपोर्ट

नयी दिल्ली। विभिन्न कारोबार से जुड़ी रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. ने पिछले दस साल में 125 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया है। कंपनी ने इस निवेश के जरिये हाइड्रोकार्बन और दूरसंचार कारोबार में बड़े पैमाने पर विस्तार किया है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस लंबे और गहन पूंजीगत व्यय चक्र (हाइड्रोकार्बन और दूरसंचार) से बाहर आ रही है। वित्तीय सेवा कंपनी गोल्डमैन सैक्श की रिपोर्ट में कहा गया है, ''कंपनी ने ओ2सी (रिफाइनरी और पेट्रो रसायन परिसर) कारोबार के पैमाना, एकीकरण और लागत प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने के लिए वित्त वर्ष 2013-18 के बीच लगभग 30 अरब डॉलर का निवेश किया है।

आरबीआई इस बार भी नीतिगत दर को रख सकता है यथावत : विशेषज्ञ

केंद्रीय बैंक का मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के लक्ष्य पर लाने पर हो सकता है जोर

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक इस सप्ताह पेश मौद्रिक नीति समीक्षा एक बार फिर नीतिगत दर को यथावत रख सकता हैं। इसका कारण आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंता दूर होने और इसके करीब आठ प्रतिशत रहने के साथ केंद्रीय बैंक का अब और अधिक जोर मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के लक्ष्य पर लाने पर हो सकता है। विशेषज्ञों ने यह बात कही। साथ ही नीतिगत दर पर निर्णय लेने वाली आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) अमेरिका और ब्रिटेन जैसे कुछ विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों के रुख पर गौर कर सकती है। ये केंद्रीय बैंक नीतिगत दर में कटौती को लेकर स्पष्ट रूप से 'देखो और इंतजार करो' का रुख अपना रहे हैं। विकसित देशों में स्विट्जरलैंड पहली बड़ी अर्थव्यवस्था है जिसने नीतिगत दर में कटौती की है।

वहीं दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जापान आठ साल बाद नकारात्मक ब्याज दर की स्थिति को समाप्त किया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक तीन अप्रैल को शुरू होगी।मौद्रिक नीति समीक्षा की की घोषणा पांच अप्रैल को की जाएगी। यह वित्त वर्ष 2024-25 की पहली मौद्रिक नीति समीक्षा होगी। एक अप्रैल, 2024 से शुरू वित्त वर्ष में एमपीसी की छठ बैठकें होगी। आरबीआई ने पिछली बार फरवरी 2023 में रेपो दर बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। उसके बाद लगातार छह द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में इसे यथावत रखा गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, ''मुद्रास्फीति अभी भी पांच प्रतिशत के दायरे में है और खाद्य मुद्रास्फीति के मोर्चे पर भविष्य में झटका लगने की आशंका है, इसको देखते हुए एमपीसी इस बार भी नीतिगत दर और रुख पर यथास्थिति बनाए रख सकता है।''

एचडीएफसी बैंक अनुषंगी एचडीएफसी एजुकेशन को बेचेगा

नयी दिल्ली। एचडीएफसी बैंक ने एचडीएफसी एजुकेशन एंड डेवलपमेंट सर्विसेज प्राइवेट लि. में अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है। एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बिक्री स्विस चुनौती (बोली प्रक्रिया) के माध्यम से की जाएगी। सूचना के अनुसार, ''इस संबंध में, एचडीएफसी बैंक ने 30 मार्च, 2024 को एक इच्छुक पक्ष के साथ एक बाध्यकारी समझौता किया है। समझौते में शामिल प्रस्ताव अन्य इच्छुक पक्षों से जवाबी पेशकश प्राप्त करने के लिए आधार बोली के रूप में काम करेगा...।'' इसमें कहा गया है कि एचडीएफसी बैंक स्विस चुनौती प्रक्रिया के पूरा होने के आधार पर खरीदार को अंतिम रूप देगा।

अडाणी समूह तेजी से विस्तार के रास्ते पर

नयी दिल्ली, एजेंसी

ऐसा जान पड़ता है कि विभिन्न कारोबार से जुड़ा अडाणी समूह अब पूरी तरह से हिंडनबर्ग प्रभाव से बाहर आ गया है। समूह ने एक सप्ताह के भीतर 1.2 अरब डॉलर का तांबा संयंत्र खोला, ओड़िशा में बंदरगाह खरीदा और सीमेंट कंपनी में हिस्सेदारी बढ़ायी। साथ ही प्रतिद्वंद्वी माने जाने वाली मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ गठजोड़ भी किया है।

समूह ने पिछले एक सप्ताह में शेयर बाजारों को दी सूचना और प्रेस विज्ञप्तियों के माध्यम से अपने मुख्य बंदरगाह कारोबार में विस्तार और निवेश, धातु रिफाइनिंग में विविधीकरण, दो साल पुराने सीमेंट क्षेत्र में पूंजी डाले जाने और अपनी वृहत सौर परियोजना के चालू होने के मामले में लगातार हो रही प्रगति की घोषणा की है। इसकी शुरुआत 26 मार्च को अडाणी पोर्ट्स के गोपालपुर पोर्ट में 3,350 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर 95 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की घोषणा के साथ हुई। इससे उसके नियंत्रण में बंदरगाहों की संख्या 15 हो गई।

यह देश में किसी भी निजी कंपनी के पास बंदरगाहों की सर्वाधिक संख्या है। इसके बाद समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लि. ने 28 मार्च को गुजरात के मुंदड़ा में एक ही स्थान पर दुनिया के सबसे बड़े तांबा विनिर्माण संयंत्र के पहले चरण की घोषणा की। यह समूह के धातु शोधन के क्षेत्र में प्रवेश को बताता है। कुल 1.2 अरब डॉलर (लगभग 10,000 करोड़ रुपये) के संयंत्र ने भारत को चीन और अन्य देशों में शामिल होने में मदद की है।

कठिन क्षेत्रों से उत्पादित गैस की कीमत घटाकर 9.87 डॉलर की

नयी दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने रविवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज के गहरे समुद्र केजी-डी6 ब्लॉक जैसे कठिन क्षेत्रों से उत्पादित प्राकृतिक गैस की कीमत में मामूली कटौती करते हुए इसे 9.87 डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट कर दिया। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि मानक अंतरराष्ट्रीय गैस कीमतों में नरमी के अनुरूप यह कटौती की गई है।

वाहनों में इस्तेमाल होने वाली सीएनजी या खाना पकाने में इस्तेमाल होने वाली पीएनजी को बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली गैस की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इनके लिए मूल्य सीमा रिलायंस को भुगतान की जाने वाली बाजार दरों से 30 प्रतिशत कम निर्धारित की गई है। अधिसूचना में कहा गया कि पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के अनुसार एक अप्रैल से शुरू होने वाली छमाही के लिए गहरे समुद्र और उच्च दबाव, उच्च तापमान (एचपीटीपी) वाले क्षेत्रों से गैस की कीमत 9.96 अमेरिकी डॉलर से घटाकर 9.87 अमेरिकी डॉलर प्रति एमएमबीटीयू कर दी गई है।

जोमैटो को 23.26 करोड़ रुपये की कर मांग को लेकर नोटिस

नयी दिल्ली। ऑनलाइन ऑर्डर देकर खाना मंगाने की सुविधा देने वाले मंच जोमैटो को कर अधिकारियों से 23.26 करोड़ रुपये की कर मांग का नोटिस मिला है। इसमें ब्याज और जुर्माना शामिल है। कंपनी ने कहा कि वह आदेश के खिलाफ उपयुक्त प्राधिकार के समक्ष चुनौती देगी। जोमैटो ने बीएसई को दी सूचना में कहा, ''कंपनी को वित्त वर्ष 2018-19 के लिए सहायक वाणिज्यिक कर आयुक्त (ऑडिट), कर्नाटक से 11,27,23,564 करोड़ रुपये की जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) मांग को लेकर नोटिस मिला है।

एयरटेल की अनुषंगी कंपनी पर अनियमितता को लेकर जुर्माना

नयी दिल्ली, एजेंसी

- 2,19,873 रुपये का जुर्माना लगाया गया

भारती एयरटेल समूह की कंपनी टेलीसोनिक नेटवर्क्स को इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करने में कथित अनियमितता के लिए जुर्माना लगाया गया है। भारती एयरटेल ने शेयर बाजार दी सूचना में कहा कि बेंगलुरु में सहायक वाणिज्यिक कर आयुक्त (ऑडिट) के कार्यालय ने कंपनी की एक अनुषंगी कंपनी के खिलाफ केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम के तहत एक आदेश पारित किया है। इसमें 2,19,873 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सूचना के अनुसार यह जुर्माना कंपनी की अनुषंगी टेलीसोनिक नेटवर्क्स पर 'वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान दावा किए गये इनपुट टैक्स क्रेडिट में कथित अनियमितता के लिए लगाया गया है। कंपनी को यह आदेश 30 मार्च को मिला। कंपनी ने कहा, ''अधिकतम वित्तीय प्रभाव लगाये गये जुर्माने की सीमा तक है। कंपनी आदेश से सहमत नहीं है और इसके लिए उचित कदम उठाएगी।''

मेहता परिवार ने यूएनएम फाउंडेशन को 5,000 करोड़ रुपये दान की घोषणा की

नयी दिल्ली, एजेंसी

औषधि और ऊर्जा जैसे कारोबार में शामिल टॉरेंट समूह के मेहता परिवार ने यूएनएम फाउंडेशन को अगले पांच वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये दान करने की घोषणा की है। इस फाउंडेशन का नाम टॉरेंट समूह के संस्थापक यू एन मेहता के नाम पर रखा गया है।

समूह अपने संस्थापक स्वर्गीय उत्तमभाई नाथलाल मेहता (14 जनवरी, 1924 से 31 मार्च, 1998) की जन्मशती मना रहा है। समूह ने रविवार को एक बयान में कहा कि मेहता परिवार ने परोपकार की विरासत का सम्मान करते हुए यूएनएम फाउंडेशन को अगले पांच वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये दान करने की प्रतिबद्धता जताई है। बयान में कहा गया कि यह राशि टोरेंट समूह की कंपनियों के वैधानिक सीएसआर योगदान के अतिरिक्त होगी। बयान के मुताबिक यू एन मेहता को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने, व्यावसायिक कौशल, सैद्धांतिक जीवन और मानवीय परोपकार के प्रति उनके दृढ़ संकल्प के लिए याद किया जाता है। उनका प्रारंभिक जीवन कई व्यक्तिगत चुनौतियों, गंभीर वित्तीय संकट, व्यावसायिक विफलताओं और स्वास्थ्य जटिलताओं से भरा था। उनका जन्म एक बेहद गरीब परिवार में हुआ था और जब वह सिर्फ दो साल के थे, उन्होंने अपनी मां को खो दिया था। वह व्यवसाय स्थापित करने के अपने पहले प्रयास में असफल रहे और उन्हें कई वर्षों के लिए अपने गांव लौटना पड़ा। बयान के मुताबिक उन्होंने प्रत्येक चुनौती पर विजय हासिल की और आखिरकार 48 वर्ष की उम्र में दवा व्यवसाय स्थापित करने के अपने दूसरे प्रयास में सफल हुए।

स्वदेशीकरण और तकनीकी समावेश होगा सेना का फोकस

नई दिल्ली, एजेंसी

- ले. जनरल एके सिंह बोले प्रौद्योगिकी अवशोषण वर्ष मना रही भारतीय सेना

भारतीय सेना लगातार अपने खेमे को मजबूत करने पर ध्यान दे रही है। दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह ने सेना की मजबूती पर बात की। उन्होंने कहा कि स्वदेशीकरण, तकनीकी समावेश और परिचालन क्षमता में वृद्धि सेना की दक्षिणी कमान के फोकस क्षेत्र होंगे।

बता दें, दक्षिणी कमान भारतीय सेना की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी कमान है। यह 11 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों में फैले भारत के 41 प्रतिशत भूभाग को कवर करती है। दक्षिणी कमान एक अप्रैल को 130वां स्थापना दिवस मनाएगी। लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह ने साल 2024 के दौरान बदलाव

लाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की कमान की प्रतिबद्धता के बारे में भी बात की, जिसे सेना द्वारा प्रौद्योगिकी अवशोषण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। गौरतलब है, भारतीय सेना साल 2024 को 'प्रौद्योगिकी अवशोषण वर्ष' के रूप में मना रही है क्योंकि यह धीरे-धीरे एक आधुनिक बल में परिपक्व होने की कोशिश कर रही है। सभी क्षेत्रों में प्रणालियों को शामिल करने के लिए एक नया परिचालन दर्शन होगा।

ट्रंप पर लगा गैग उल्लंघन का आरोप

वाशिंगटन। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। हश-मनी मामले में मैनहट्टन अभियोजकों ने शुक्रवार को सुझाव दिया कि ट्रंप ने हाल ही में न्यायाधीश की बेटी पर हमला करके और सोशल मीडिया पर उसके बारे में झूठा दावा करके एक गैग आदेश का उल्लंघन किया हैं।

जज जुआन एम. मर्चन ने मंगलवार को जांच का एक आदेश जारी किया था। साथ ही पूर्व राष्ट्रपति को अदालत से जुड़े कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों पर हमलों से तुरंत बचने का निर्देश दिया गया था।अब मैनहट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय ने गैग आदेश के दायरे को स्पष्ट करने के लिए कहा है। जज स्टींगलास ने मर्चन को लिखे एक पत्र में तर्क दिया कि अदालत के कर्मचारियों या उनके परिवारों को परेशान करने वाले बयानों पर प्रतिबंध लगाने से ट्रंप की बयानबाजी बंद हो सकती है।

इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री पहली बार 1 लाख के पार

इलेक्ट्रिक गाड़ियों (ईवी) के घरेलू बाजार में नया ट्रेंड देखा जा रहा है। कारों की बिक्री दोपहिया के मुकाबले ढाई गुनी से भी ज्यादा रफ्तार से बढ़ रही है। ये अब तक के ट्रेंड के उलट है। इसके अलावा पहली बार एक साल में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 1 लाख से ऊपर निकली है। आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च को खत्म हो रहे वित्त वर्ष 2023-24 में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 1.02 लाख के रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गई।

2018 से कारों की रेंज हर साल करीब 10% बढ़ रही है, अब फुल चार्ज पर 700 किमी तक चलने वाली कारें भी आने लगी

साल दर साल बढ़ रही ईवी की रेंज

इलेक्ट्रिक कारों की रेंज 2018 से हर साल करीब 10% बढ़ रही है। 2018 में ईवी की औसत रेंज 230 किमी थी, जो 2022 में बढ़कर 338 किमी हो गई। अब फुल चार्ज होने पर 700 किमी तक चलने वाली ई-कारें भी आने लगी

ईवी की मांग सही दिशा में

ईवी के आसपास सकारात्मक भावना कई वैश्विक कारकों के कारण ग्रोथ ट्रेजेक्ट्री थोड़ी कम हो गई है। लेकिन भले ही मांग में बढ़ोतरी टॉप गियर में न हो। विशेषज्ञों का तर्क है कि ऐसा कुछ भी क्षितिज पर नहीं है जो निर्माताओं को पैनिक बटन दबाने पर मजबूर करेगा। आईसीसीटी के एक अध्ययन में 2029 तक ईवी और पारंपरिक कारों के बीच मूल्य समानता हासिल करने की भविष्यवाणी की गई है। यह इस धारणा पर आधारित है कि बैटरी निर्माण की कीमतें लगातार कम होंगी। ईवी अभूतपूर्व तरीके से मुख्यधारा में शामिल हो जाएंगे।

बैटरी सस्ती होने से घटी मैन्युफैक्चरिंग लागत

दुनिया की सबसे बड़ी बैटरी कंपनी सीएटीएल के मुताबिक, फरवरी तक ईवी बैटरी के करीब 50% घट गए। गोल्डमैन सैक्स का मानना है कि हाल के महीनों में बैटरी में इस्तेमाल होने वाले लिथियम जैसे कच्चे माल के दाम काफी कम हो गए हैं। इससे मैन्युफैक्चरिंग लागत घटी है।

रिकॉर्ड बिक्री में कुल हिस्सेदारी 2.3 फीसदी

सरकार के वाहन पोर्टल और जैटो डायनेमिक्स के आंकड़ों के मुताबिक, देश में बिकने वाली कुल कारों में ईवी की हिस्सेदारी सिर्फ 2 .3 फीसदी है। दोपहिया बाजार में भी ईवी की हिस्सेदारी 4 .8 फीसदी ही है। सरकार ने 2030 तक ईवी की बिक्री 30 फीसदी तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

यूरोप में एक साल में 29 प्रतिशत ज्यादा बिकीं ईवी

यूरोपीय बाजारों में संयुक्त रूप से जनवरी में 92 हजार से ज्यादा फुल इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पंजीकृत हुए, जो 2023 के जनवरी महीने से 29 प्रतिशत ज्यादा है। चीन में ईवी की बिक्री 700,000 के आंकड़े को पार कर गई (इसमें प्लग-इन हाइब्रिड शामिल हैं), जो वैश्विक जोर का मुख्य स्रोत है। और जबकि यह एक महीने पहले के आंकड़ों के मुकाबले 37 प्रतिशत की गिरावट थी, यह जनवरी 2023 की तुलना में अभी भी 79 प्रतिशत ज्यादा है। जैसा कि चाइना एसोसिएशन ऑफ ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सीएएएम) के आंकड़ों का दावा है। अमेरिका में, पिछले महीने कुल मिलाकर नए वाहन की बिक्री में गिरावट आई लेकिन ईवी की मांग मजबूत बनी हुई है।

एक नजर

पर्व: नेपाल में 12 साल में एक बार होता है श्रीपाचाली भैरव उत्सव

काठमांडू। नेपाल की राजधानी काठमांडू में हर 12 साल में होता है श्रीपाचाली भैरव खड्ग सिद्धी जात्रा उत्सव। इसमें मुखौटा पहनकर नृत्य करते हैं। इसे मुखौटा नृत्य कहा जाता है। इसमें 13 मुखौटों का विशेष महत्व है, लेकिन सिर्फ 12 मुखौटे ही पहने जाते हैं। 13वें की पूजा की जाती है

लाहौल। हिमाचल के लाहौल स्पीति में पानी की किल्लत से खास कर महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की पाइपें जम जाने से ग्रामीणों को आधा किमी दूर से पानी ढोकर प्यास बुझानी पड़ रही है। जबकि, पालतू मवेशियों के साथ कपड़े धोने के लिए डेढ़ किमी दूर जाना पड़ रहा है। वहीं पीने का पानी लेने के लिए इंतजार कर रही स्थानीय महिला।

पुलिस पर हमला करने के आरोप में ब्रिटिश नागरिक गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा पुलिस ने पुरी के जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश करने और मंदिर के अंदर तैनात पुलिसकर्मियों पर हमला करने के आरोप में एक ब्रिटिश नागरिक को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार विदेशी पर्यटक की पहचान दक्षिण लंदन के वंड्सवर्थ के थॉमस क्रेग शेल्डन के रूप में हुई, जिसने शनिवार को जगन्नाथ मंदिर में अनाधिकृत रूप से प्रवेश किया था। जब पुलिसकर्मियों ने उसे रोका तो थॉमस ने कथित तौर पर उनपर हमला कर दिया। जगन्नाथ मंदिर में गैर-हिंदुओं को प्रवेश की अनुमति नहीं है।

बिहार के आरा में मिनी ट्रक पलटा चार श्रमिकों की मौत, 12 घायल

आरा। बिहार के भोजपुर जिले में रविवार को एक मिनी ट्रक के पलटने से तीन महिलाओं समेत चार श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक हादसा पटना-बक्सर राजमार्ग पर आरा शहर के शाहपुर थाना क्षेत्र में हुआ है। जिलाधिकारी राज कुमार ने कहा, हादसे में 12 से अधिक लोग घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

दोस्ती में दरार बना आतंकवाद, अब तीन बांध परियोजनाओं का काम ठप

पाकिस्तान में दहशत में चीनी कर्मी, 1500 कर्मियों को निकाल रहा चीन

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के शांगला जिले में कुछ दिन पहले आत्मघाती हमलें में पांच इंजीनियरों की मौत के बाद चीनी कर्मचारी दहशत में हैं। बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने अब पाकिस्तान में काम करने से मना कर दिया। पाकिस्तान और चीन की दोस्ती में आतंकवाद ने दरार डाल दी है। चीनी कर्मी किसी भी हाल में काम करने को तैयार नहीं हो रहे हैं। चीन ने खैबर पख्तूनख्वाह में तीन बांध परियोजनाओं का काम बंद कर दिया है। साथ ही वह अपने 1500 नागरिकों को वहां से निकाल रहा है। जिसमें शनिवार को 400 चीनी कर्मचारी देश रवाना हो गए हैं।

पाकिस्तानी अधिकारियों को इस बारे में सूचना दे दी गई है। तीनों परियोजनाएं 9860 मेगवाट की हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दासू और डायमर-भाषा बांधों से चीनी नागरिकों को सैन्य हेलिकॉप्टरों से निकाला जाएगा। इससे पहले, मंगलवार को हमले के बाद चीन ने तारबेला बांध एक्सटेंशन 5 पर काम रोक दिया था। फिर दासूडायमर-भाषा और मोहमंद बांधों पर भी काम बंद कर दिया। चीनी नागरिक सोमवार या मंगलवार तक चीन के रवाना हो सकते हैं।

पाकिस्तान से 400 चीनी कर्मचारी देश रवाना

आत्मघाती हमले में पांच चीनी नागरिकों की मारे जाने के बाद मामले की जांच करने चीन से जांचकर्ता की टीम पाकिस्तान पहुंच गई है। इस बीच, खैबर पख्तूनख्वा के दासू बांध पर काम बंद होने के बाद 400 चीनी कर्मचारियों को पाकिस्तान से निकालकर चीन रवाना कर दिया गया है। डैम पर 700 से ज्यादा चीनी कर्मचारी हैं।

स्थानीय कर्मचारियों को घर जाने का दिया आदेश

4320 मेगावाट बिजली क्षमता की दासू बांध परियोजना जिला कोहिस्तान में है। ये प्रांतीय राजधानी पेशावर से 350 किमी दूर है। मारे गए इंजीनियर इसी साइट के थे। वहां 741 चीनी और 6,000 स्थानीय कर्मचारी हैं। वहां से चीनी नागरिकों को निकाला जा रहा है। स्थानीय कर्मियों को अगले आदेश तक घर जाने के लिए कह दिया गया है। परियोजना के एक अधिकारी ने बताया कि हमले के बाद चीनी कर्मचारी डर गए थे। उन्होंने अपने वरिष्ठों से कह दिया कि वे आगे काम नहीं कर सकते।

मोहमंद बांध परियोजना इसी साल होनी थी पूरी

स्वात नदी पर स्थित बांध को इसा साल पूरा किया जाना है। 740 मेगावाट पनबिजली पैदा होगी। 250 चीनी कर्मचारी काम कर रहे। दासू बांध : इसे 2025 में पूरा होना है। डायमर-भाषा बांध : सिंधु नदी पर 2029 तक बनना है। क्षमता 4,800 मेगावाट। यहां 500 चीनी कर्मचारी हैं।

पाक ने कार्यक्रमों में रेड कारपेट के इस्तेमाल पर लगाई रोक

इस्लामाबाद। बदहाल पाकिस्तान सरकारी कार्यक्रमों में इस्तेमाल होने वाले रेड कार्पेट पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है। दरअसल, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश में अनावश्यक खर्च में कटौती करने के लिए यह कदम उठाया है। इसके तहत सरकारी कार्यक्रमों में रेड कार्पेट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है और उन्हें राजनयिक स्वागत के लिए विशेष रूप से आरक्षित रखा है। शरीफ ने सरकारी कार्यक्रमों में संघीय मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की यात्राओं के दौरान रेड कार्पेट के इस्तेमाल पर नाराजगी जताई।

कैबिनेट डिवीजन द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया है कि भविष्य में आधिकारिक कार्यक्रमों में संघीय मंत्रियों और सरकारी हस्तियों के लिए रेड कार्पेट का उपयोग नहीं किया जाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, इसे सिर्फ विदेशी राजनयिकों के लिए प्रोटोकॉल के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। कहा जा रहा है कि रेड कार्पेट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का सरकार का उद्देश्य धन की बचत करना और सार्वजनिक वित्त के लिए अधिक जिम्मेदार और विवेकपूर्ण दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है।

भारतीयों को वीजा नहीं तो चौपट होगी ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था

लंदन, एजेंसी

- 4 अप्रैल से नए वीजा नियमों के खिलाफ उद्यमी और विपक्ष एकजुट कहा- सरकार फैसला वापस ले

ब्रिटेन में भारतीयों के लिए 4 अप्रैल से नए वीजा नियमों के खिलाफ उद्यमी भी एकजुट हो रहे हैं। लगभग 200 उद्यमियों ने ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक को चेताया है कि

मिड लेवल स्किल्ड वीजा में वेतन सीमा बढ़ाने से लगभग दस लाख भारतीय अर्थव्यवस्था से बाहर हो जाएंगे।

इससे 366 लाख करोड़ रु. वाली ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था 30 फीसदी से अधिक चौपट होने की आशंका है। सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी से जुड़े एक प्रमुख बिजनेसमैन ने कहा कि सरकार ऐसा मान रही है कि मिड लेवल जॉब्स को स्थानीय श्वेत लोग कर लेंगे। लेकिन, जमीनी हकीकत इससे अलग है। मिड लेवल जॉब्स में भारतीयों का बोलबाला है। रातोरात पूरा सिस्टम बदलने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि सुनक सरकार को फैसला वापस लेना पड़ेगा।

विपक्ष का वादा- सरकार आई तो, नियम बदलेंगे

ब्रिटेन के प्रमुख विपक्षी दल लेबर पार्टी के शैडो मिनिस्टर क्रिस ब्रायंट ने कहा कि साल के अंत में होने वाले चुनाव में यदि हम सत्ता में आए तो मिड लेवल जॉब्स जैसे नर्सेज, टीचर और शेफ को वीजा के लिए वेतन सीमा को वापस सालाना साढ़े 27 लाख रुपये करेंगे। इसके लिए लेबर पार्टी की माइग्रेशन एडवाइजरी कमेटी ने रिव्यू शुरू कर दिया है। इसमें ब्रिटेन में भारतीयों से रायशुमारी की जा रही है।

भारतीयों की सीढ़ी खींचने से नुकसान ब्रिटेन का

लंदन के मेयर सादिक खान का कहना है कि ब्रिटेन के विकास में भारतीय का बड़ा योगदान है। सुनक सरकार भारतीयों की सीढ़ी खींचने का काम कर ही है। लेकिन इससे ज्यादा बड़ा नुकसान ब्रिटेन का ही होने वाला है। प्रवासियों ने ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाया है। आज भारतीयों की मौजूदगी हर क्षेत्र में दिखाई पड़ती है। मिड लेवल जॉब्स ब्रिटेन की अर्थव्यवसथा ही रीढ़ हैं।

फूलों की खुशबू से महका गार्डन...

श्रीनगर : एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन आखिर अपने मूल रूप में निखर आया है। यहां 30 एकड़ में लगाए गए 75 वैरायटी के 17 लाख ट्यूलिप फूल शनिवार को पूरी तरह खिल गए। 23 मार्च को जब गार्डन खुला था, तब बमुश्किल एक हजार फूल थे। बता दें कि पिछले साल 3 .70 लाख पर्यटक गार्डन देखने पहुंचे थे। ● एजेंसी

वांगचुक के बाद 70 महिलाएं दस दिन के अनशन पर बैठीं

लेह, एजेंसी। शिक्षा सुधारक और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने 21 दिन की भूख हड़ताल खत्म कर दी हो, पर लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने समेत अन्य मांगें ठंडी नहीं पड़ी हैं।

वांगचुक के उठने के कुछ दिन ही 70 महिलाएं लेह के उसी एनडीएस मेमोरियल पार्क में माइनस 8 डिग्री सेल्सियस की सर्दी में भूख हड़ताल पर बैठ गईं। चार दिन से उनका साथ देने के लिए बैच में रोज 400-500 महिलाएं भी आ रहीं है। एक बैच जाने के बाद दूसरा बैच दिनभर के उपवास पर बैठता है। यह क्रम 6 अप्रैल तक चलेगा। इसके बाद युवा भी 10 दिन भूख हड़ताल करेंगे। महिलाओं के अनशन के बाद 7 अप्रैल को लेह के शीर्ष निकाय के बैनर तले एलएसी के पास चांगथांग की ओर बॉर्डर मार्च या पश्मीना मार्च किया जाएगा, ताकि यह पता लग सके कि भारतीय चरागाह की कितनी भूमि पर चीन ने कब्जा कर लिया है। इस मार्च में 10,000 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

मेडिकल कॉलेज हड़पने के आरोप में भाजपा सांसद पर एफआईआर

देवघर, एजेंसी

- झारखंड के देवघर का मामला गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने आरोपों को किया खारिज

झारखंड के देवघर में धोखाधड़ी से मेडिकल कॉलेज को हड़पने के आरोप में भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, निशिकांत दुबे ने इन आरोपों से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि अगर उनके खिलाफ लगाए गए आरोप साबित हो गए, तो वह राजनीति छोड़ देंगे।

भाजपा सांसद पर लगे आरोपों के बारे में थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिव दत्त शर्मा नामक व्यक्ति ने भाजपा सांसद और उनकी पत्नी समेत अन्य लोगों के खिलाफ जिले की जसीडीह पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया है कि निशिकांत दुबे और उनकी पत्नी ने अपने ट्रस्ट बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट के जरिए उनके संस्थान परिट्रान मेडिकल कॉलेज और अस्पताल से संबंधित दस्तावेजों का दुरुपयोग करके नीलामी के माध्यम से उनके अस्पताल को हड़प लिया। शिकायतकर्ता ने कहा- मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के लिए 93 करोड़ रुपये का ऋण लिया था, लेकिन मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा संस्थान के लिए मंजूरी नहीं मिलने के बाद, उनकी ऋण राशि को गैर-निष्पादित संपत्ति घोषित कर दिया गया। थाना प्रभारी बोले, मामले में जल्द ही जांच शुरू की जाएगी।

आगामी आम चुनाव में अपनी सीट भी नहीं बचा पाएंगे सुनक

लंदन। ब्रिटेन में साल के अंतिम छह महीनों में आम चुनाव हो सकते हैं। इसके संकेत खुद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने दे दिए हैं। हाल के महीनों में ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने मई में चुनाव की संभावना से इनकार कर दिया था और संकेत दिया था कि इस साल के आखिरी में चुनाव कराए जा सकते हैं।

इस बीच, एक सर्वे में चौंकाने वाला दावा किया गया है। इसमें कहा गया है कि आगामी आम चुनाव में ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक की सीट भी खतरे में है। एक प्रचार अभियान संगठन बेस्ट फॉर ब्रिटेन ने सर्वे के बाद यह भी कहा है कि पता चला है कि देश में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी को इस साल के अंत में होने वाले आम चुनाव में बड़ी हार का सामना करना पड़ सकता है।

संकट युद्ध से अंदरूनी दिक्कतें बढ़ी, भारत से करार के तहत इजराइल में 42 हजार कामगारों को बुलाने का था प्रस्ताव

इजराइल पहुंचे भारतीय कामगारों के लिए ठहरने की बड़ी समस्या

गाजा, एजेंसी

बीते साल 7 अक्टूबर को हमास के आतंकी हमले के बाद इजराइल की गाजा में कार्रवाई जारी है। हालांकि उसकी अंदरूनी दिक्कतें बढ़ गई हैं। खेती, निर्माण, सफाई, बुजुर्गों की देखभाल के लिए वह बाहरी कामगारों पर निर्भर है। हमलों के बाद बड़ी संख्या में विदेशी कामगार इजराइल छोड़ चुके हैं।

इजराइल ने फिलिस्तीनी कामगारों के वर्क परमिट पर रोक लगा दी। भारत से करार के तहत इजराइल में 42 हजार कामगारों को बुलाना प्रस्तावित है। इनमें उत्तर प्रदेश व हरियाणा से 10-10 हजार कामगार जाएंगे। लेकिन इजराइली इमिग्रेशन अथॉरिटी के अनुसार अब तक महज 1000 भारतीय ही पहुंचे हैं। ये प्राइवेट कॉन्ट्रेक्टरों के जरिए आए हैं। फिलहाल इजराइल पहुंचना भी समस्या है। प्रमुख एयरलाइंस कामगारों की फ्लाइट ऑपरेट नहीं कर रही है। दूसरी समस्या आवास है। गाजा या वेस्ट बैंक के लोग सुबह काम पर आते थे और शाम को लौट जाते थे। जबकि भारतीयों के लिए आवास की व्यवस्था जरूरी है। इजराइल के प्रमुख शहरों के हॉस्टल और होटल युद्धग्रस्त क्षेत्रों से आए इजराइलियों से पहले ही भरे हुए हैं। युद्ध लड़ रही इजराइली सरकार की प्राथमिकता में अस्थायी आवास नहीं है। हमास के हमलों में 32 थाई नागरिक, कृषि में काम करने वाले 10 नेपाली छात्र और चार फिलिपींस नर्स मारे गए थे। युद्ध के चलते 30 हजार विदेशी कामगार इजराइल छोड़ चुके हैं। इजराइली सरकार ने एक लाख फिलिस्तीनी कामगारों के वर्क परमिट पर रोक लगा दी है। इससे इजराइल का निर्माण क्षेत्र चरमरा गया है, क्योंकि कामगार जरूरत से कम थे।

इजराइल में प्रदर्शन तेज, नेतन्याहू को हटाने की मांग, 16 लोग गिरफ्तार

तेल अवीव। इजराइल-हमास युद्ध को पांच महीने से अधिक समय हो गया है। इस बीच इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के खिलाफ विरोध की आवाजें उठने लगी हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इजराइली पुलिस ने तेल अवीव में 16 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। रिपोर्ट अनुसार, हमास की कैद से बंधकों की रिहाई और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शनकारियों द्वारा तेल अवीव में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि प्रदर्शनकारियों को ट्रैफिक में बाधा डालने और सड़क जाम करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर 270 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भी लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने तेल अवीव में अयालोन राजमार्ग पर मौजूद प्रदर्शनकारियों

को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछार का इस्तेमाल किया। साथ ही मौके से एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया, जिसे पुलिस वाहन में ले जाया गया।

भारतीय भी आ रहे हमलों की चपेट में

4 मार्च को केरल के कोल्लम के 31 वर्षीय पैट निबिन मैक्सवेल लेबनानी सीमा पर हिजबुल्लाह के हमले में मारे गए थे। वे नए भर्ती अभियान के तहत जनवरी में इजराइल पहुंचे थे। केरल के दो अन्य कामगार जोसेफ जॉर्ज बुश और 28 वर्षीय पॉल मेल्विन भी हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। बता दें, इजराइल जंग में कई देशों के सैनिकों को भी इस्तेमाल कर हा है।

ताइवान ने 6 चीनी जहाजों और चार सैन्य विमानों को किया ट्रैक

ताइपे। ताइवान और चीन के बीच जारी विवाद लगातार बढ़ता जा रहा ह। ताइवान ने रविवार को बताया कि चीन ने उसकी ट्रैरेट्री में छह नौसैनिक जगहों और चार सैन्य विमानों को भेजा है, जिसको ताइवान की सेना ने ट्रैक किया है। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने कहा कि चीनी जहाजों और विमानों को शनिवार और रविवार को ट्रैक किया गया।

वहीं, ताइवानी सेना ने चीन की हरकत के जवाब में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की गतिविधि पर नजर रखने के लिए विमान और नौसैनिक जहाज रवाना कर दी और वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली भी तैनात की। ताइवान ने आगे कहा कि चीन ने किसी भी विमान ने ताइवान जलडमरूमध्य मध्य रेखा को पार नहीं किया।

भीषण हमलों से दहला यूक्रेन रूसी सेना ने दागीं 11 मिसाइलें

कीव, एजेंसी

- यूक्रेनी सेना बोली- नौ ड्रोन और नौ मिसाइलों को मार गिराया

युद्ध के बीच रूस ने एक बार फिर यूक्रेन के क्षेत्रों को निशाना बनाया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रूस ने यूक्रेन पर रात भर 16 मिसाइलें दागीं हैं। इसके अलावा 11 ड्रोन हमले भी किए हैं।

यूक्रेन की वायु सेना ने एक बयान में कहा कि रूस ने रातभर 16 मिसाइलें और 11 ड्रोन हमले किए हैं। टेलीग्राम पर एक बयान में वायु सेना ने कहा कि यूक्रेन ने नौ ड्रोन और नौ मिसाइलों को मार गिराया है। हालांकि, बाकी मिसाइलों और ड्रोन किस जगह गिरे हैं। उन लक्ष्यों की पहचान नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार, बीते एक सप्ताह के दौरान रूस के हवाई हमले की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी की है। बता दें कि रूस-यूक्रेन के बीच साल 2022 की शुरुआत में जंग छिड़ी थी। साल 2024 शुरू होने के बाद भी दोनों देशों के बीच युद्ध नहीं थम पाया है।